सुप्रभात | रांची, सोमवार | 13.01.2025 | पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 183 | * * नगर संस्करण। पेज : 12 | khabarmantra.net




# पूर्णिमा स्नान के साथ आज से महाकुंभ का आगाज

## देश-विदेश से उमड़े श्रद्धालु , कड़ाके की ठंड में भी गजब का उत्साह, 14 को मकर संक्रांति स्नान का महापुण्यकाल

**प्रयागराज (एजेंसी)।** पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ सोमवार 13 जनवरी से महाकुंभ 2025 का आगाज हो रहा है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पहला अमृत स्नान पर्व है। देश के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु संगम की रेत पर उमड़ पड़े हैं। कड़कड़ाती ठंड भी उनके उत्साह को कम नहीं कर पा रही है। गलन और हाड़ कंपाने वाली हवाओं के बीच लाखों की संख्या में देश के कोने-कोने और विदेश से भी श्रद्धालु संगम तट पहुंच रहे हैं। मकर संक्रांति 2025 में महाकुंभ का यह संगम आस्था, परंपरा और श्रद्धा का अद्भुत समागम है। प्रयागराज की सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा है। रविवार सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश को लोग काफी शुभ मान रहे हैं। बारिश से भक्त भीग रहे हैं, लेकिन भक्ति से सराबोर होकर कल पौष पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगाने को तैयार हैं।

**शुभ मुहूर्त, कोई भद्रा नहीं :** इस साल मकर संक्रांति 14 जनवरी की खास बात यह है कि अबकी कोई भद्रा नहीं है, सुबह से शाम तक शुभ रहेगा। भारतीय ज्योतिष अनुसंधान परिषद की प्रयागराज चैप्टर की अध्यक्ष डॉ गीता मिश्रा त्रिपाठी के मुताबिक, इस बार महापुण्यकाल की अवधि सुबह 9:03 बजे से 10:50 बजे तक रहेगी, जो 1 घंटा 47 मिनट होगी। सूर्य उत्तरायण हो जायेंगे : मकर संक्रांति सूर्य की स्थिति के आधार पर मनाया जाने वाला पर्व है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण हो जाते हैं। मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना और अन्य पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है। इस दौरान स्नान, दान, और तिल-गुड़ के सेवन से व्यक्ति पुण्य अर्जित करता है। शास्त्रों में मकर संक्रांति को 'तिल संक्रांति' भी कहा गया है। इस दिन काले तिल, गुड़, खिचड़ी, नमक और घी का दान विशेष फलदायी माना गया है।

**दान से कैसा मिलता है पुण्य :** तिल और गुड़ के दान से यह पापों का नाश होता है और पुण्य लाभ मिलताहै। नमक का दान से बुरी ऊर्जा और अनिष्टों का नाश होता है। चावल और उड़द की दाल की खिचड़ी दान करने से अक्षय फल प्राप्त होता है। घी और रेवड़ी दान से भौतिक सुख और यश प्राप्त होता है। पक्षियों को दाना और जानवरों को भोजन देना अत्यधिक फलदायी माना जाता है।

### खरमास समाप्त होगा, मांगलिक कार्य शुरू

मकर संक्रांति के साथ ही खरमास समाप्त हो जायेगा और मांगलिक कार्य की शुरूआत होगी। 14 जनवरी के बाद शुभ मुहूर्त में विवाह, उपनयन, मुंडन, गृहप्रवेश जैसे मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। मकर संक्रांति देश भर में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है, तमिलनाडु में इसे पोंगल कहते हैं, तो कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति कहते हैं। इसी तरह बिहार झारखंड में यह पर्व 'तिला संक्रांत' के नाम से भी प्रसिद्ध है। दही चूड़ा, खिचड़ी, तिलकुट और तिल के लड्डू खाने की परंपरा है।

### कब-कब हैं स्नान

**पौष पूर्णिमा:** 13 जनवरी, **मकर संक्रांति:** 14 जनवरी, **मौनी अमावस्या:** 29 जनवरी, **बसंत पंचमी:** तीन फरवरी, **माघी पूर्णिमा:** 12 फरवरी और **महाशिवरात्रि:** 26 फरवरी।

### अद्भुत संयोग, आज दिखेगा दो-दो सूरज

**नयी दिल्ली।** सोमवार 13 जनवरी एक अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। इस दिन एक नहीं बल्कि 'दो सूरज' सुबह-सुबह देखने को मिलेंगे। सूरज निकलने से करीब आधे घंटे पहले ही पूर्व की दिशा में एक तेज रोशनी नजर आयेगी। यह रोशनी सूरज की नहीं बल्कि धूमकेतु (जी3 एटलस) की होगी। वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि यह पृथ्वी से अबतक नजर आये धुमकेतुओं में से सबसे ज्यादा चमकदार हो सकता है। ऐसा नजारा एक लाख 60 हजार साल पहले आखिरी बार देखने को मिला था। एक बार फिर बेहद चमकदार धूमकेतु पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने वाला है। इसे रात के अंधेरे में अपनी आंखों से भी देखा जा सकता है। सोमवार की सुबह सूरज निकलने से करीब 35 मिनट पहले इसे देखा जा सकेगा। यह नजारा फिर इतने ही साल बाद फिर नजर आयेगा। यह धूमकेतु अपना एक चक्कर पूरा करने में 1,60,000 वर्ष का वक्त लेता है।

## न्यूज डायरी

### गवर्नर और मुख्यमंत्री ने विवेकानंद को किया नमन

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन ने विवेकानंद की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शत-शत नमन। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

### चाईबासा में तीर से लैस छह आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के टोन्टो थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान तीर से लैस छह आइइडी बरामद किया है। सभी को बम निरोधक दस्ता की मदद से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि जंगली क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों ने छह तीर में आइइडी लगा रखे थे। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के सफाये तक अभियान जारी रहेगा।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 95000 रु./प्रति किलो |

## रांगारंग कार्यक्रम के साथ रांची हॉकीमय




### कल्पना सोरेन ने एचआइएल का किया शुभारंभ



**रांची।** पारंपरिक झारखंडी नृत्य-संगीत और सांस्कृति कार्यकम के बीच गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार की शाम महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) का विधिवत शुभारंभ किया। उदघाटन समारोह में झारखंड के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही झारखंड की राजधानी रांची मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हाकी स्टेडियम में एचआईएल का आगाज हो गया। स्टेडियम में अपने चहते खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने रांची समेत आसपास के दर्शकों का हुजूम उमड़ा पड़ा। आइपीएल की तर्ज पर आयोजित हॉकी इंडिया लीग 13 दिनों तक चलेगा। इस दौरान पूरी रांची हाकीमय नजर आयेगी। इस लीग में चार टीमें सुरमा हाकी क्लब, दिल ली एसजी पाइपर्स, ओड़िशा वारियर्स और एसआर बंगाल टाइगर्स की खिलाड़ी अपना जलवा दिखायेंगी। इसमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ी एक-एक टीम की हिस्सा हैं। इनमें झारखंड की 6 महिला हॉकी खिलाड़ी सलीम टेटे, निक्की प्रधान, संगीता कुमारी, दीपिका सोरेंग, ब्यूटी डुगडुग और बिनीमा धान अपना जलवा दिखायेंगी।


## विवेकानंद को याद कर मोदी बोले, युवाओं से मेरा नाता परम मित्र का

# बड़े सपने देखें, संकल्प लें और पूरा करें, यह संभव है

### बिना कठिन लक्ष्य के जीवन में कुछ पाया नहीं जा सकता: पीएम

**भारत मंडपम में युवाओं से संवाद**

- युवा पीढ़ी देश की हर समस्या का समाधान निकालने में सक्षम
- युवाशक्ति के सामर्थ्य से भारत जल्द विकसित राष्ट्र बन जायेगा



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** पीएम मोदी ने एक बार फिर से विकसित भारत को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि बड़े सपने देखना, बड़े संकल्प लेना और उन्हें तय समय में पूरा करना असंभव नहीं है। बिना लक्ष्य के जीवन नहीं हो सकता है। जब सामने बड़ा लक्ष्य होता है तो हम पूरी ताकत उसे पाने के लिए लगा देते हैं और आज का भारत यही कर रहा है। स्वामी विवेकानंद जयंती पर भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम में पीएम मोदी ने युवाओं से संवाद किया और उन्हें संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा, स्वामी विवेकानंद जी को देश के नौजवानों पर बहुत भरोसा था। वह कहते थे कि मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है, नयी पीढ़ी में है। मेरे कार्यकर्ता नौजवान पीढ़ी से आयेंगे और वो हर समस्या का समाधान निकालेंगे। जैसे विवेकानंद जी का आप पर भरोसा था, मेरा विवेकानंद जी पर भरोसा है, मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है।

**विकसित भारत की तस्वीर देख रहा हूं :** पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि आज आपसे बात करते हुए मैं विकसित भारत की एक तस्वीर भी देख रहा विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकीय तंत्र भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। हमारे युवाओं की ऊर्जा और अभिनव भावना को एक विकसित भारत को आकार देने के लिए एकजुट करता है। भारत की युवाशक्ति का सामर्थ्य भारत को जल्द से जल्द विकसित राष्ट्र बन जायेगा। जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी। पारिस्थितिकीय तंत्र भी समृद्ध होगी। अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे।

**नौजवानों से मेरा नाता 'परम मित्र' वाला :** उन्होंने मंच से नौजवानों पर अपने भरोसे की वजह भी बतायी। पीएम मोदी ने कहा, युवाओं से मेरा नाता पीएम का नहीं बल्कि परम मित्र का है।

(शेष पेज 11 पर)

### हमारे सामने 25 साल का गोल्डन पीरियड

पीएम ने कहा, केवल बोलने से ही हम विकसित नहीं होंगे। जब हमारे हर फैसले की कसौटी एक ही होगी, विकसित भारत। जब हमारे हर कदम की दिशा एक ही होगी, विकसित भारत, तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक पायेगी। बहुत पहले लाल किले से मेरे दिल की एक आवाज निकली थी। मैंने कहा था, 'यही समय है-सही समय है।' हमारे सामने 25 साल का गोल्डन पीरियड है, अमृतकाल है और मैं पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा हूं कि भारत की युवाशक्ति 'विकसित भारत' का सपना जरूर साकार करेगी।

## बीजापुर में पांच नक्सली ढेर हथियारों का जखीरा बरामद

एजेंसी

**शहादत का बदला**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार सुबह सुरक्षा बल के साथ हुई मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। इसके साथ ही पिछले दिनों 8 जवानों की शहादत का बदला ले लिया। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मारे गये सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। इनमें दो महिला नक्सली भी हैं। मुठभेड़ स्थल से हथियार, विस्फोटक और स्वचालित हथियार समेत नक्सली सामग्री बरामद की गयी है। मुठभेड़ मद्देड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इंद्रावती नेशनल पार्क के बंदेपारा-कोरंजेड बफर जोन में हुई। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि नक्सल रोधी अभियान पर निकली सुरक्षाकर्मियों की संयुक्त टीम की इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में सुबह नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। अभियान में डीआरजी, एसटीएफ और जिला बल के जवान शामिल थे। बस्तर एसपी ने बताया कि मुठभेड़ शाम चार बजे तक चली। सुरक्षा बल को भारी पड़ता देख कई नक्सली भाग खड़े हुए।

**6 को नक्सलियों ने मचाया था तांड़व :** बीजापुर जिले में नक्सलियों ने 6 जनवरी को लगभग 70 किलोग्राम वजनी बारूदी सुरंग का इस्तेमाल कर सुरक्षाबलों के एक वाहन को उड़ा दिया था।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में टैक्स चोरों पर अब कसेगा शिकंजा

### लक्ष्य से अधिक राजस्व जुटाने का एक्शन प्लान तैयार

सुधीर

**रांची।** झारखंड सरकार टैक्स चोरों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। राज्य में टैक्स चोरों के खिलाफ अब न सिर्फ सख्ती बरती जायेगी, बल्कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी होगी। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस बात के सख्त संकेत दिये हैं। झारखंड में दो लाख से ऊपर के सामान की खरीदारी पर टैक्स चोरी करनेवालों पर कार्रवाई होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि माइंस ट्रांसपोर्ट व अन्य संसाधनों से अधिक से अधिक राजस्व प्राप्ति पर ध्यान दें। वाणिज्य कर के 26 हजार करोड़ के लक्ष्य से 2000 करोड़ अधिक राजस्व जुटाने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है।




**इन पर कसेगा शिकंजा :** अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक टैक्स चोरी करनेवाले बिल्डर्स के साथ-साथ ज्वेलरी, मिठाई व हार्डवेयर दुकानदारों पर सरकार शिकंजा कसेगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है कि कई योजनाएं शुरू करने के बाद से राजस्व जुटाना सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती बन गयी है। लिहाजा वित्त मंत्री ने राजस्व संग्रहण में तेजी लाने और राजस्व चोरी रोकने के लिए अधिकारियों को मुस्तैदी से आगे आने का निर्देश दिया है। वित्त मंत्री ने स्वीकार किया है कि मंईयां सम्मान योजना के लिए निर्धारित राशि की व्यवस्था करना चुनौती से भरा है। यदि राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो सरकार को आनेवाले समय में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

**एक ही चालान पर चार बार बालू उठाव :** मंत्री ने कहा कि झारखंड में बालू और स्टोन चिप्स में जितना काम झारखंड में हो रहा है, उतना बिहार या और अन्य किसी भी राज्य में नहीं हो रहा। एक चालान में चार बार फेरा लगाया जा रहा है। पलामू, देवघर, कोडरमा, पश्चिम बंगाल सीमा पर भी जांच नहीं होती। वित्त मंत्री ने निर्देश दिया है कि इस मामले में सभी एअधिकारी एक एप तैयार कर एक-दूसरे विभाग से को-ऑर्डिनेशन बनाकर काम करें।

**कला व सांस्कृतिक महोत्सव में बोले राज्यपाल**

## विवेकानंद का जीवन देश के गौरव और सम्मान का प्रतीक



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद जी के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि स्वामीजी का जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व और उनके विचार आज भी हमारे समाज को प्रेरित करते हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। राज्यपाल रविवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था विकास भारती बिशुनपुर द्वारा बरियातू में आयोजित कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव बोल रहे थे।

(शेष पेज 11 पर)

## विज्ञापन का हो रहा असर, सीआइडी ने विज्ञापन जारी कर मांगे थे सबूत

# जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक की जांच में सीआइडी को मिले कई सबूत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले की जांच कर रही सीआइडी को अब इस मामले में आम लोगों से भी मदद मिल रही है। सीआईडी ने विज्ञापन जारी कर आम लोगों से मदद मांगी थी, ताकि पता चल सके कि वाकई परीक्षा परिणाम में कोई गलती हुई है या नहीं, ताकि जांच की दिशा बेहतर हो सके।

**डीजीपी ने दी जानकारी :** झारखंड सीआईडी की टीम को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर अब तक 40 से अधिक शिकायतें मिली हैं। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि आम लोगों की ओर से सीआईडी को व्हाट्सएप चैट, फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग भेजी गई है, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।




**क्या है एफआईआर में:** जेएसएससी की ओर से सीआईडी में दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि 21 और 22 सितंबर को सीजीएल परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा पूरी तरह से कदाचार और पेपर लीक से मुक्त थी, लेकिन परीक्षा आयोजित होने के बाद कई लोगों ने जानबूझकर फर्जी वीडियो और तस्वीरें वायरल कीं। इससे पहले रातू थाने में भी एफआईआर दर्ज की गई थी। झारखंड सीआईडी अब दोनों एफआईआर की जांच एसआईटी के माध्यम से करेगी। सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक को लेकर पहली एफआईआर राजेश कुमार के बयान पर रातू थाने में दर्ज की गई थी। इस मामले के अनुसंधानकर्ता अमर कुमार पांडेय बनाए गए थे। उन्हें भी सीआईडी की एसआईटी में शामिल किया गया है।

डीजीपी ने बताया कि जेएसएससी की शिकायत पर झारखंड सीआईडी ने मामले में दूसरी प्राथमिकी भी दर्ज की है। रातू थाने में दर्ज केस को भी सीआईडी ने अपने हाथ में ले लिया है।

**विज्ञापन प्रकाशित कर मांगे गए थे सबूत :** सीआईडी ने सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक के आरोपों को लेकर आम लोगों और अभ्यर्थियों से सबूत मांगे थे। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि राज्य में विज्ञापन के माध्यम से आम लोगों तक यह जानकारी पहुंचाई गई कि अगर किसी व्यक्ति के पास पेपर लीक से संबंधित कोई साक्ष्य है तो वह सीआईडी को उपलब्ध कराए। इन साक्ष्यों को भी जांच में शामिल किया जाएगा। विज्ञापन के बाद अब तक 40 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

**एसआईटी का गठन :** सीआईडी डीआईजी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक के आरोपों की जांच के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी का नेतृत्व सीआईडी डीआईजी संध्या रानी मेहता कर रही हैं। टीम में रांची के पुलिस अधिकारियों को भी शामिल किया गया है।

**हाईकोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई है एफआईआर :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में प्रकाश सिंह द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की खंडपीठ ने आदेश दिया था कि परीक्षा में पेपर लीक के मामले में याचिकाकर्ता द्वारा की गई ऑनलाइन शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाए। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि परीक्षा के आयोजन के बाद उन्होंने 29 सितंबर को रांची पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट ने आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की जाए और कार्रवाई की जानकारी कार्ट को दी जाए।

# गैर असैनिक सेवा के छह अधिकारी बनेंगे आइएएस, सीएम ने दी मंजूरी

## जल्द जारी होगी अधिसूचना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गैर असैनिक सेवा (नॉन एससीएस) से छह अधिकारी आइएएस बनेंगे। यूपीएससी में साक्षात्कार के बाद छह अधिकारियों के नाम की अंतिम सूची फाइनल हो गयी है। फाइनल लिस्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति भी ले ली गयी है। कार्मिक विभाग ने इसकी सूचना यूपीएससी और कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार को इमेल के जरिये भेज दिया है। इन छह अधिकारियों में महिला अधिकारी भी हैं, जो महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत विभिन्न जिलों में उप निदेशक, सीडीपीओ (महिला बाल विकास पदाधिकारी) के पद पर कार्यरत हैं। वहीं दो अधिकारी श्रम विभाग से और एक अधिकारी ऊर्जा विभाग में मुख्य अभियंता के पद पर कार्यरत हैं।

बताते चलें कि 21 योग्य अधिकारियों के नामों की सूची यूपीएससी को भेजी गयी थी। इसके लिए साक्षात्कार दिसंबर माह में हुआ था। इनमें से छह को अधिकारी को आइएएस बनाने पर यूपीएससी सहमत हुआ था और नामों की अनुशंसा झारखंड सरकार को भेजी थी। इसके बाद कार्मिक विभाग ने इस पर संचिका बढ़ायी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष भेजा।

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम ने मंजूरी प्रदान कर दी है। कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जनवरी माह के अंत तक अधिसूचना जारी किए जाने की संभावना है। केंद्र से आदेश जारी होने के बाद झारखंड सरकार इन दूसरी सेवा के अधिकारियों को आइएएस में प्रमोशन देते हुए नये सिरे से पोस्टिंग की जायेगी।



**ये अफसर बनेंगे आइएएस**

- कंचन सिंह उप निदेशक, महिला, बाल, विकास विभाग।
- धनजंय कुमार सिंह, संयुक्त श्रमायुक्त, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग।
- सीता पुष्पा- उप निदेशक, महिला बाल विकास विभाग।
- विजय कुमार सिन्हा- मुख्य अभियंता, उर्जा विभाग।
- प्रीति रानी- उप निदेशक, महिला, बाल, विकास विभाग।
- लाल राजेश प्रसाद- संयुक्त श्रमायुक्त, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग।

# रश्मि प्रकाश राजद की प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झाररखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय, रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रही रश्मि प्रकाश को प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे। मौके पर कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री हैं। वह झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू भी हैं। रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित कर्मठ संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती हैं। इनके कुशल व प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया था। रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। आधी आबादी महिलाओं के हक और अधिकार के लिए अपनी राजनीतिक कार्यशैली से युवा वर्ग एवं महिलाओं को राजद की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा, लालू यादव और तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांत के प्रति प्रेरित करेंगी।



# रांची रेलवे स्टेशन से रिंग रोड को जोड़ने के लिए जल्द बनाया जायेगा स्मार्ट रोड

## साइकिल ट्रैक के साथ सोलर पैनल भी होगा, डीपीआर पर तेजी से काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रेलवे स्टेशन रांची से रिंग रोड तुपुदाना की ओर जोड़ने के लिए स्मार्ट रोड बनाया जायेगा। पथ निर्माण विभाग रेलवे स्टेशन की दूसरी ओर से पुल के पास से एक सड़क निकालने की योजना तैयार कर रहा है, जो सीधा रिंग रोड को जोड़ेगा। रेलवे स्टेशन से बड़ा घाघरा होते हुए यह रोड रिंग रोड से जुड़ेगा। बताते चलें कि पहले से रेलवे स्टेशन से यह रोड बनायी गयी है जो रिंग रोड एयरपोर्ट को जोड़ रहा है।

पथ विभाग ने कंसलटेंट क्यूब लिमिटेड को इसका डीपीआर तैयार कराने का निर्देश दिया है। कंसलटेंट ने इस पर काफी काम भी कर लिया है, लेकिन अब पथ निर्माण विभाग ने इसे स्मार्ट रोड की तर्ज पर विकसित करने का निर्देश दिया है।



**सड़क में साइकिल पथ भी बनाया जायेगा :** एचईसी गेट से जिस तरह से एचईसी गोलंबर तक रोड बनाया गया है उसी अनुरूप इसे भी बनाया जायेगा, बल्कि कई मायनों में यह उससे भी अधिक आधुनिक होगा। सड़क में साइकल पथ भी बनाया जायेगा, पैदल चलने वालों के लिए भी काफी जगह होगी। इंजीनियरों ने बताया की फोरलेन रोड से भी अधिक चौड़ी सड़क बनायी जायेगी, इसमें दोनों ओर स्ट्रीट लाइट लगाया जायेगा, जिसके लिए सोलर पैनल भी लगाया जायेगा। यानि इसी सोलर पैनल के जरिये स्ट्रीट लाइट में बिजली दी जायेगी। इस काम के लिए कंसलटेंट के इंजीनियरों ने जेरेडा से बात भी कर ली है। सोलर पैनल वहां से उपलब्ध कराया जायेगा। सड़क में चार मीटर चौड़ा डिवाइडर भी होगा, जिसमें पौधा लगाये जायेंगे। हर ओर ग्रीनरी होगा। करीब 10 किमी लंबी इस रोड को काफी आधुनिक बनाने की योजना है। इस रोड के बनने से रेलवे स्टेशन से उतरने वाले यात्रियों को रिंग रोड, एयरपोर्ट इत्यादि जाने में काफी सुलभ होगा, आवागमन आसान हो जायेगा।

# राज्य कर्मियों की सेवानिवृत्ति 62 साल करे सरकार: महासंघ

## तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश की तर्ज पर महासंघ ने रखी अपनी मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने तेलंगाना ,आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं अन्य राज्यों के तर्ज पर झारखंड के राज्य कर्मियों (सरकारी कर्मियों) की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने की मांग राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। श्री जहीर ने कहा कि राज्य कर्मियों की कमी और कार्यों की गुणवत्ता को देखते हुए राज्य कर्मियों की सेवा निवृत्ति की उम्र सीमा बढ़ाकर झारखंड की चहुमुखी विकास को बढ़ाने और राज्य के हित में शीघ्र पूरा किया जाये। साथ ही सचिवालय से लेकर मुफस्सिल तक के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति देने एवं शिशु शिक्षण भत्ता देने, रिम्स के नर्सों एवं अन्य कर्मियों को ओ पी एस का लाभ देने और अनुबंध कर्मियों को नियमित करने सहित महासंघ के मांगों को पूरा करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि सहानुभूति पूर्वक महासंघ से वातार्कार कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान की जाये।



# पंचायत सचिवालय में पंचायत सचिवों के रहने की व्यवस्था करे सरकार : कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कांग्रेस भवन रांची में रविवार को हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 73वां और 74वां संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायत राज और नगर निकाय व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा मिला जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की महती भूमिका रही। उन्होंने आरजीपीआरएस के सभी सदस्यों को जमीनी स्तर पर कार्य करने पर बधाई दिया। वहीं झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी श्रीवेला प्रसाद ने भी नगर निकाय चुनाव हेतु कार्यकताओं को कमर कस लेने को कहा। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने कहा कि हम जल्द ही पंचायती राज मंत्री से मिलकर पंचायत सचिवालयों में ही पंचायत सचिव रहे, इस ओर सरकार का ध्यान दिलाएंगे जिससे की राज्य के सभी पंचायत सचिव को मिल रहे मकान किराया भत्ता की बचत होगी। बैठक में इसके अलावा विभिन्न जिलों में बैठकों की तिथि निर्धारित किया गया। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि झारखंड पंचायती राज नियमावली 2001 में संशोधन के कुछ सुझावों से भी सरकार को अवगत कराया जाएगा, जिससे त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था की जनप्रतिनिधियों को ज्यादा लाभ मिल सके। डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू ने कहा कि यह संगठन कांग्रेस की नींव है जो अपने दायित्वों को बखूबी निभा रही हैं।

बैठक में सतीश पॉल मुजनी, रियाजुल अंसारी, डॉ अमित झा, जॉनसन मिंज, अंजनी रंजन, ज्ञान सिंह दोरायबुरू, रितेश तामसोय, समीर सुंडी, त्रिभुवन, फणीश्वर नाथ नीलेश, देवलाल कुमार, संतोष राय, पवन कुमार, विवेक विशाल, योगेंद्र यादव, कंचन देवी, अमृतेश कुमार, आनंद कुमार और अन्य थे।



# वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधि-मंडल रघुवर दास से मिला



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा शान-ए-वैश्य से सम्मानित झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से रांची के धुर्वा स्थित आवास में महेश्वर साहु के नेतृत्व में वैश्य मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिला और पुनः सक्रिय राजनीति में आने पर उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर वैश्य मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहु एवं केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं रांची महानगर अध्यक्ष कपिल प्रसाद साहु एवं केंद्रीय सदस्य संजय साहु ने बुके देकर सम्मानित किया। प्रतिनिधि मंडल में वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी एवं महिला मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज शामिल थीं।

# गुरुजी शिबू सोरेन के जन्मदिन पर शिक्षाविद समेत कई लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन के मौके पर कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। विद्यार्थी परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ उमेश कुमार, अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षाविद डॉ अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश के बुद्धिजीवी सेल के पूर्व अध्यक्ष के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षाविद, शिक्षकेत्तर कर्मचारी छात्र एवं बुद्धिजिवियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम गुरुजी के मोराबादी रांची के आवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ उमेश कुमार एवं डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में झारखंड प्रदेश में जितने भी राजनीतिक दल कार्य कर रहे हैं, उसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा जनहित के काम करने में आगे है। इसका परिणाम पुनः इस बार प्रदेश में हेमंत सोरेन को प्रचंड बहुमत मिला और झारखंड में पार्टी के नेतृत्व पर सरकार का गठन हुआ। हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर झारखंड राज्य दिन दुनी रात चौगुनी तरक्की करेगा।



**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI**
**5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING), KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001**

**RC/287/2022**

**NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED**

[UNDER RULE 73 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH SECTION, 29 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993]

**BANK OF INDIA**
Versus
**AMARDEEP KUMAR**

To
(CD1)AMARDEEP KUMAR
RESIDENT OF BARWA TOLA RANCHI
ROAD PO MARAR AND PS MUNDU
RAMGARH - 829117

Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the **OA/148/2019** drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of **Rs. 4162226.00 (Rupees Forty One Lakhs Sixty Two Thousand Two Hundred Twenty Six Only)** along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.

You are hereby required to appear before the undersigned on **15/04/2025** and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.

Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this date: **11/12/2024.**

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI

## पुरानी गलतियों से सीख रही कांग्रेस, मिशन पर लगे 4 मंत्री; ग्राउंड जीरो पर काम शुरू

# जनता के बीच मजबूत पैठ बनाने की कोशिश में कांग्रेस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में सत्ता की सहभागी रहने के बावजूद प्रदेश कांग्रेस अपनी गलतियों को दोबारा दोहराना नहीं चाहती है। पांच साल सत्ता में सहभागी रहने के बावजूद जो लाभ झारखंड मुक्ति मोर्चा को मिला, वह कांग्रेस को नहीं। झारखंड विधानसभा के चुनाव में झामुमो विधायकों की संख्या आधा दर्जन से अधिक बढ़ी, लेकिन कांग्रेस के कई विधायक प्रत्याशी निशाना चूक गए। अब एक बार फिर कांग्रेस अपनी टीम को मजबूत करने के प्रयासों में जुट गई है।

इसके तहत सभी मंत्रियों को नियमित तौर पर जनता दरबार लगाने का निर्देश दिया गया है। इन कार्यक्रमों में जहां भ्रष्टाचार के आरोपों पर अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई जाती है, वहीं कांग्रेस के कार्यकर्ता जनता का काम भी पूरा कराने की कोशिश करते हैं।






**जनता के बीच पहुंच रहे मंत्री :** इसके माध्यम से पार्टी का प्रचार-प्रसार तो हो ही रहा है, जनता के बीच सीधे पहुंच बन रही है। इन कार्यक्रमों का पूरा लाभ कांग्रेस को ही मिले, इसके लिए कांग्रेस कार्यालय, मंत्रियों के आवास और दफ्तरों को केंद्र बनाकर काम किया जा रहा है। इसका लाभ फिलहाल भविष्य के गर्भ में छिपा है।

**पहले की अनदेखी, अब कर रहे पूरा फोकस :** पार्टी नेतृत्व ने सभी विधायकों और मंत्रियों को इस तरह के संदेश पिछली बार भी दिया था, लेकिन कहीं न कहीं इस निर्देश की अनदेखी की गई थी। मंत्रियों ने संगठन के साथ-साथ कार्यकताओं से भी दूरी बना ली थी और इसका नतीजा यह रहा कि पार्टी नेतृत्व को दो मंत्रियों को बदलना पड़ा।

**कांग्रेस का नया प्लान :** कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने जनता दरबार को अधिक गंभीरता से लिया है और नियमित आयोजन भी हो रहा है। दीपिका पांडेय सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, राधाकृष्ण किशोर आदि नेता जनता दरबार का आयोजन कर चुके हैं। कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की नियमित समीक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच अपनी पैठ बनाने में कामयाब होती दिख रहीं हैं। शिल्ही नेहा तिर्की के निर्देशों की चर्चा समाचार पत्रों के माध्यम से आम जनों के बीच भी हो रही है।

### सीनियर मंत्री गये जेल नंबर दो पर ईडी की रेड

पिछले पांच वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस के कड़े फैसले का नतीजा सबके सामने है। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस के प्रदर्शन का आकलन किया जाए तो पार्टी के सबसे सीनियर मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए, नंबर दो पर ईडी की रेड हुई, लेकिन कार्रवाई नहीं। उन्हें इस चुनाव में जीत भी मिली, लेकिन मंत्रिपरिषद में मौका नहीं। दो मंत्री चुनाव हार गए। पिछले कार्यकाल में जिन दो मंत्रियों को पार्टी ने दोबारा मौका दिया, वो जीत गए और यह साबित हुआ की पार्टी की रणनीति काम कर रही है। अब पार्टी नए मंत्रियों को पार्टी को लेकर आगे बढ़ने का जिम्मा है।

# स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई टीएसपीसी का एरिया कमांडर हुआ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इस कड़ी में उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर सुनील मुंडा सहित दो को गिरफ्तार किया गया है। सुनील मुंडा उर्फ भरतजी हाल के दिनों में रांची के ग्रामीण इलाके में आतंक का पर्याय बना हुआ था। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से कई हथियार भी बरामद किए गए हैं।

**बुढ़मू से हुई गिरफ्तारी :** रांची के बुढ़मू, खलारी, ठाकुरगांव और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्रों में काम करने वाले कारोबारियों के लिए दहशत का पर्याय बने टीएसपीसी के एरिया कमांडर भरतजी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि भरतजी के साथ-साथ पुलिस ने टीएसपीसी के जोनल कमांडर अरविंद के बॉडीगार्ड रूपेश को भी दबोचा है। दोनों की गिरफ्तारी रांची के बुढ़मू इलाके से की गई है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से तीन देसी पिस्तौल, छह कारतूस के साथ राउटर और मोबाइल भी जब्त किया गया है।

**एक दर्जन से ज्यादा कारोबारियों को किया था कॉल :** रांची के रूरल एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया टीएसपीसी के नाम पर हाल के दिनों में कारोबारियों को लगातार धमकी दी जा रही थी, उन सभी को कॉल कर रंगदारी मांगी जा रही थी। कुछ लोगों की साइट पर दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की गई थी। यह मामला सामने आने के बाद उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस प्रयास कर रही थी। इसी बीच यह सूचना मिली कि टीएसपीसी के कुछ उग्रवादी बुढ़मू में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं। सूचना के आधार पर शनिवार की देर रात उग्रवादियों के ठिकाने पर छापेमारी की गई जहां कई लोग आग ताप रहे थे और पुलिस को देख कुछ लोग भागने में कामयाब हो गए लेकिन एरिया कमांडर भरतजी और रूपेश मौके से पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादियों पर रांची और रामगढ़ में कई मामले दर्ज हैं। सुनील मुंडा उर्फ भारतजी के खिलाफ रांची के बुढ़मू, पिठोरिया और ठाकुरगांव में कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा रामगढ़ के पतरातू थाना में भी कई कांड इनके खिलाफ दर्ज हैं।

## परिजनों ने अपहरण की आशंका जताकर हिंदपीढ़ी थाने में दर्ज कराया मामला

# हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों की तलाश में जुटी पुलिस

### शनिवार से हैं लापता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली दो नाबालिग लड़कियां शनिवार की शाम से गायब हैं। पुलिस और मोहल्ले वाले दोनों नाबालिग लड़कियों की तलाश में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया सहित दूसरे प्लेटफार्म पर भी दोनों की तस्वीर जारी कर जानकारी साझा करने का आग्रह किया गया है। वहीं, दूसरी तरफ परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए हिंदपीढ़ी थाने में मामला दर्ज करवाया है।



### सीसीटीवी खंगाल रही है पुलिस

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि दोनों लड़कियों की तलाश की जा रही है। कॉल डिटेल के आधार पर दोनों का अंतिम लोकेशन भी निकाला गया है। मोहल्ले और मंगल टावर के आसपास जगहों पर जितने भी सीसीटीवी लगे हैं, सबको खंगाला जा रहा है ताकि कोई सुराग हासिल हो सके। परिजनों की आशंका के अनुसार थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी गई है।

### क्या है पूरा मामला

रांची के हिंदपीढ़ी ग्वाला टोली की दो नाबालिग लड़कियां अपने घर से अचानक लापता हो गई हैं। लड़कियों के परिजनों का आरोप है कि एक ऑटो चालक के द्वारा दोनों का अपहरण कर लिया गया है। मामला सामने आने के बाद रांची पुलिस दोनों लड़कियों की तलाश में जुटी हुई है। परिजनों के द्वारा बताया गया है कि दोनों नाबालिग लड़की शनिवार को आधार कार्ड ठीक कराने के लिए अपने घर से कांटाटोली स्थित मंगल टावर गयी थी। लड़की के परिजनों में बताया कि दोपहर एक बजे आधार कार्ड ठीक कराने के बाद दोनों लड़कियां एक ऑटो से हिंदपीढ़ी स्थित अपने घर जाने के लिए बातचीत की। इस बीच ऑटो चालक ने दोनों लड़कियों को हिंदपीढ़ी पहुंचाने के बजाय दूसरे मार्ग में ले गया। दोनों लड़कियों को संदेह हुआ तो उनमें से एक ने अपने पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी। पिता ने बताया कि बातचीत होने के दौरान चालक ने उनकी बेटियों से मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों बेटियों से उनकी बातचीत नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलने के बाद हिंदपीढ़ी, सदर थाना और खादगढ़ा टीओपी की पुलिस दोनों लड़कियों की खोजबीन में जुटी हुई है।

# रांची में हुई गोलीबारी पूरे इलाके में सनसनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र के हरमू नदी के पास स्थित एक शराब दुकान के पास आपसी विवाद में फायरिंग की गयी। गनीमत रही कि फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी। मामले की जानकारी मिलने के बाद कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी गयी।

**क्या है पूरा मामला :** रविवार की देर शाम रांची के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित एक शराब दुकान के बाहर तीन राउंड फायरिंग की गयी। गोली चलने की सूचना मिलने के बाद कोतवाली और हटिया डीएसपी मौके पर पहुंचे और आस पास के लोगों से मामले की जानकारी ली। पुलिस के पूछताछ आसपास के लोगों ने बताया कि शराब पी रहे कुछ लोग आपस में भिड़ गए। जिसके बाद बात बढ़ी और एक व्यक्ति ने पास में रखी बंदूक निकालकर गोली चला दी।

गोली चलने के बाद शराब दुकान के बाहर अफरा तफरी मच गयी। खुले हुए दुकान बंद हो गए। इस भगदड़ में गोली चलाने वाले भी मौके से फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। रांची के कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि शराब दुकान के बाहर किसी मामले को लेकर कुछ आपराधिक तत्वों के बीच हुए विवाद में गोलीबारी की घटना की गई है। गोलीबारी में किसी को गोली नहीं लगी है। अपराधियों के पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।

**हर दिन देर रात तक लगता है शराबियों का जमावड़ा :** मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि हरमू रोड स्थित शराब दुकान के बाहर देर रात तक शराबियों की भीड़ लगी रहती है। जिसमें कई आपराधिक तत्व भी शामिल रहते हैं। आए दिन यह लोग मारपीट किया करते हैं।

# हटिया विस्थापित परिवार ने ताज होटल निर्माण को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** नगड़ी प्रखंड अंतर्गत कुटे में हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव, महासचिव सह झामुमो नेता कलाम आजाद एवं समिति के सचिव महावीर गुंडा के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा प्रस्तावित ताज होटल के विरोध में प्रदर्शन किया गया। मौके पर मांग की गयी कि विस्थापितों की अनदेखी करके सरकार कोई भी कार्य ना करें अन्यथा विस्थापित इसका विरोध करेंगे। विरोध तब तक जारी रहेगा जब तक विस्थापितों को न्याय नहीं मिल जाता है। समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि हम विस्थापित ग्रामीण को एक जुट होकर रहना है और आगे यदि सरकार बिना सहमति के होटल ताज सहित अन्य किसी भी संस्थान का निर्माण करने का प्रयास करती है तो जोरदार विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ी तो हम लोग होटल ताज के निर्माण के विरोध में हजारों की संख्या में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे और किसी भी सूरत पर होटल ताज का निर्माण नहीं होने देंगे।

झामुमो नेता कलाम आजाद ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि समय रहते सरकार संज्ञान लेगी और विस्थापितों के हितों में कोई ना कोई फैसला लेगी क्योंकि सरकार विस्थापितों के प्रति गंभीर है। समिति के सचिव महावीर मुंडा ने कहा किसी भी परिस्थिति में यहां ताज होटल का निर्माण नहीं होगा और होटल ताज को वापस जाना पड़ेगा। हम लोग भविष्य में आंदोलन को और तेज करेंगे जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से फिरोज अंसारी, विलियम पहन, बीजू महतो, राजेंद्रकांत महतो, विशाल साहू, शुगनी लोहार, मनीषा तिग्गा, मैग्ना देवी, मंजू उरांव, सरिता उरांव, पार्वती देवी, किरण देवी, पारस शाहदेव, अर्जुन महतो, लाल अरुण जय नाथ शाहदेव, सुशांत शाहदेव, रोहित बैठा, निशांत सिंह देव, संजय लोहार, गोपाल उरांव, अजीत शाहदेव, विजय सिंह, धिरनंजय शाहदेव, दीपक मुंडा, संजू महतो, मोनु बैठा, सरजू महतो, भीकू लोहार, रोहित रंजन, बैच मुंडा, सुनील उरांव, जितवाहन महतो, जय क्रेकेप्ता, विनोद लोहार, पायठान उरांव, रामाश्रय सिंह, जयप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### गुरु जी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दी बधाई



रांची। झामुमो सुप्रिमो शिबू सोरेन को उनके आवास पर मुलकात कर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जन्मदिन की बधाई दी एवं अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, एनुअल हक उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद को किया नमन



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के मूर्ति गार्डेन, राज भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। वहीं दूसरी ओर राज भवन में भी उन्होंने युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श और विचार सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी हैं।

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में मना युवा दिवस



**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर 1/3 कंपनी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची एनसीसी ने एक वीडियो डिस्प्ले कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में कुल 200 कैडेट उपस्थित थे, जिनमें 100 एनसीसी कैडेट, 50 एनएसएस कैडेट और 50 बीएड के छात्र शामिल थे। कैडेटों को युवाओं के महत्व और भारत को दुनिया में ऊंचे स्थान पर ले जाने में उनके योगदान के बारे में सिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने समापन भाषण दिया और कैडेटों को बताया कि कैसे युवा राष्ट्र के लिए संपत्ति हैं और हम समाज को कैसे प्रभावित और सुधार सकते हैं।

### शिक्षा के मंदिर को राजनीति से बचाना जरूरी : आलोक

**रांची।** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह की बीते शनिवार की घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है शिक्षण संस्थान जो बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं, को कलंकित करना और राजनीति का अखाड़ा बनाना गम्भीर अपराध है। डिगवाड़ीह स्थित एक पब्लिक स्कूल की प्राचार्या पर लगे आरोपों ने पूरे शिक्षा जगत को हिला दिया है। हालांकि, प्रारंभिक जांच में आरोप निराधार लग रहे हैं और इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शिक्षकों की भूमिका केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को अनुशासन में रखना भी उनका कर्तव्य है। अनुशासन के बिना शिक्षा का महत्व अधूरा है। आजकल हर छोटी बात पर अभिभावकों की तीखी प्रतिक्रियाएं स्कूल संचालन में बाधा उत्पन्न करती हैं, जिससे बच्चों को अनुशासनहीनता का गलत संदेश मिलता है लेकिन यह भी आवश्यक है कि शिक्षक और विद्यालय के निर्णय न्यायसंगत हों। प्राचार्या का पक्ष विद्यालय की प्राचार्य ने स्पष्ट रूप से कहा है मैंने हमेशा छात्राओं के सम्मान और गरिमा का ध्यान रखा है। लगाए गये आरोप पूरी तरह झूठे और दुर्भावनापूर्ण हैं। यह साजिश मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए लिए रची गई है। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि संगठन जल्द ही एक जांच समिति का गठन करेगा।

# ऑक्सजीन पार्क में सजा किसानों के लिए बाजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** पुरश्री एवं दीपशिखा द पिंक पेवल्स की ओर से रविवार को ऑक्सीजन पार्क मोरहाबादी में जीवंत बाजार का आयोजन किया गया। संस्था की मोनिका जालान ने बताया कि फॉमर्स मार्केट के तहत यहां स्थानीय किसानों की ताजी उपज, हस्तनिर्मित वस्त्र और उत्पाद, हस्तशिल्प कलाकृतियां, स्वादिष्ट घर जैसे पकवान उपलब्ध कराये गये हैं। इसके अलावा संगीत और मनोरंजन की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उदेश्य यहां किसानों को एक मंच के नीचे लाना था। उनके उत्पाद को लोगों तक पहुंचाना और उसका सही बाजार देना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होने बताया कि यहां किसानों की ओर से 50 स्टॉल लगाए गए थे। पतंग का स्टॉल भी था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नाटक भी किया।

कार्यक्रम के आयोजन में दीपशिखा की ओर से सुधा इहिला और मंजू गुप्ता, पिंक पेबल्स की ओर से श्वेता बंका और पूरश्री की ओर से संगीता बथवाल, सरिता मोदी, प्रियंका जालान, मोनिका जालान, उषा जालान, किरण तुलस्यान, प्रिया पोद्दार, अरुण बथवाल, अंजू पोद्दार और रामा मित्तल ने भूमिका निभायी।

मोनिका ने बताया कि संस्था स्थानीय किसानों, कारीगरों और उपभोक्ताओं को एक जीवंत बाजार में जोड़ना चाहती है, जो सतत जीवनशैली, सामुदायिक जुड़ाव और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करे। यही कारण है कि उनके लिए बाजार उपलब्ध कराया गया था।

**उद्देश्य:** स्थानीय किसानों को ताजा, मौसमी उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने का मंच प्रदान करना। स्थानीय विक्रेताओं के हस्तनिर्मित सामान, शिल्प और तैयार खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित करना। शैक्षणिक कार्यशाला, प्रदर्शनों व गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना और सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करना, कार्बन फुटप्रिंट को कम करना और पर्यावरण के अनुकूल जीवन को बढ़ावा देना।

**मार्केट की विशेषताएं :** ताजा फल-सब्जियां, डेयरी उत्पाद और बेकरी के सामान। हस्तशिल्प वस्तुएं, जैसे गहने, मिट्टी के बर्तन और कपड़े। तैयार खाद्य पदार्थ, जैसे जैम, शहद और विशेष सॉस। सामुदायिक कार्यशाला, ताजा पके व्यंजन और बच्चों के लिए गतिविधियां और लाइव म्यूज़िक और मनोरंजन।

**लाभः** स्थानीय अर्थव्यवस्था और किसानों का समर्थन। सतत जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और कार्बन फुटप्रिंट कम करना। सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देना और ताजा, स्वस्थ और अद्वितीय उत्पादों की पहुंच प्रदान करना।

# प्रकाश विप्लव एक बार फिर बने राज्य सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीआईएम का राज्य में जनाधार विस्तार कर एक वैकल्पिक जनपक्षीय राजनीति की दिशा में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ सीपीएम का तीन दिवसीय 8वां झारखंड राज्य सम्मेलन रविवार को संपन्न हो गया। इस सम्मेलन में 6 स्थायी आमंत्रित सदस्यों समेत 41 सदस्यीय नई राज्य कमेटी का भी निर्वाचन किया गया। राज्य कमेटी की अपनी पहली बैठक में वर्तमान राज्य सचिव प्रकाश विप्लव को दूसरी बार राज्य सचिव पद के लिए निर्वाचित किया गया। राज्य कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से 13 सदस्यीय सचिव मंडल का भी चुनाव किया गया। इसके अलावा तमिलनाडु के मदुरै में प्रस्तावित पार्टी की 24वीं अखिल भारतीय कॉन्फ्रेंस के लिए झारखंड से 10 प्रतिनिधियों का भी निर्वाचन किया गया। 8वीं राज्य स्तरीय सम्मेलन में पेश किए गए राजनीतिक प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। चर्चा के दौरान प्रतिनिधियों के कुछ आवश्यक सुझावों को शामिल किए जाने के बाद सम्मेलन का राजनीतिक प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सीपीएम के तीन दिवसीय 8वीं राज्य सम्मेलन में कुल 16 प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन का समापन वक्तव्य देते हुए पार्टी की पोलित ब्यूरो सदस्य और झारखंड प्रभारी बृंदा करात ने झारखंड में राजनीतिक परिपक्वता का प्रदर्शन करने के लिए राज्य की जनता का आभार व्यक्त किया।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित पूर्व सैनिक महासम्मेलन में बोले राज्यपाल

# देश के पूर्व सैनिक समाज के प्रेरणास्रोत और गौरव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को गुरुनानक स्कूल सभागार में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित पूर्व सैनिक महासम्मेलन में कहा कि वे राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना के प्रतीक हैं और उनका योगदान समाज एवं राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश के पूर्व सैनिक सीमाओं की रक्षा के प्रहरी रहे हैं और आज भी वे समाज के प्रेरणास्रोत और गौरव हैं। उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हमारे लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद को बधाई दी कि इसने इन वीर योद्धाओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए संगठित किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों का योगदान केवल युद्धक्षेत्र तक सीमित नहीं है, 1965, 1971 और कारगिल युद्ध जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और दूरदराज क्षेत्रों में सामाजिक उत्थान में उनकी भूमिका अद्वितीय है। उनकी सेवाएं हर क्षेत्र में प्रेरणा और शक्ति का प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वन रैंक, वन पेंशन जैसी ऐतिहासिक योजनाओं के कार्यान्वयन न केवल पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करती है, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के अनुशासन और नेतृत्व कौशल शिक्षा, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कार्य समाज को समृद्ध कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने पूर्व सैनिकों के बच्चों की शिक्षा, परिवार की सुरक्षा और रोजगार के सम्मानजनक अवसर सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता की बात कही।

राज्यपाल ने कहा कि पूर्व सैनिक केवल अतीत के रक्षक नहीं हैं, वे हमारे वर्तमान और भविष्य के निमार्ता भी हैं। उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य है, जो राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा का प्रमाण है। उन्होंने झारखंड में संगठन की प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि जमशेदपुर से शुरू हुई यह यात्रा राज्य के 11 जिलों में विस्तारित हो चुकी है। यह संगठन न केवल पूर्व सैनिकों के अधिकारों की रक्षा कर रहा है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान दे रहा है।

सैनिकों की वीरता के पीछे उनके परिवारों के अद्वितीय समर्थन की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनके त्याग और धैर्य से पूरा समाज प्रेरणा लेता है। सैनिक परिवार कल्याण न्यास, जिसने शहीदों के परिवारों और आश्रितों की देखभाल का दायित्व उठाया है, सराहनीय है। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों से कहा कि उनका संघर्ष और समर्पण व्यर्थ नहीं जाएगा। पूरा देश उनके साथ खड़ा है और उनके उत्थान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश पर्व

# दो दिवसीय समागम संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के पावन 358वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आयोजित दो दिवसीय समागम का समापन रविवार को हुआ।

गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा इस उपलक्ष में सजाए गए तीसरे और अंतिम दीवान की शुरूआत सुबह 11:00 बजे हुई। स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा खालसा मेरो रूप है... एवं तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो... शबद गायन से हुई। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

**रक्तदान का आयोजन :** इस मौके पर गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 9 महिलाओं समेत कुल 29 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में सदर अस्पताल ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर के आयोजन में सूरज झंडई, करण अरोड़ा, पीयूष मिढ़ा, जयंत मुंजाल, वंश डावरा, इनिश काठपाल, अमन सचदेवा, संदीप पपनेजा, ऋषभ शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।

## तीन दिवसीय स्वर्णरेखा महोत्सव का रानीचुआं-नगड़ी में हुआ भव्य आगाज

# हमारे पर्व-त्यौहार तभी सार्थक होंगे जब नदियां प्रदूषण मुक्त होकर अविरल बहती रहे : सरयू

### न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक एवं विधायक सरयू राय ने रानीचुआं नगड़ी में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का किया अनावरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष-सह-स्वर्णरेखा महोत्सव के संरक्षक, विधायक सरयू राय ने कहा कि स्वर्णरेखा महोत्सव मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वर्णरेखा नदी का संरक्षण एवं आम जनमानस को इसे प्रदूषण मुक्त करने की जागरूकता पैदा करने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की दृष्टि से स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुआं-नगड़ी से लेकर समुद्र के अंतिम बिंदु तक इसे पांच भागों में बांटा जा सकता है। स्वर्णरेखा नदी को आज औद्योगिक प्रदूषण की अपेक्षा नगरीय प्रदूषण से ज्यादा खतरा है। शहरी क्षेत्र में नाला आधारित विकास नीति बनाने की अत्यंत आवश्यकता है। हमारे पर्व-त्यौहार तभी सार्थक होगा जब नदी प्रदूषण मुक्त होकर अविरल बहते रहे।

**लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन बढ़िया से करें तो यही देश के लिए उनका सबसे बड़ा योगदान होगा :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक ने कहा कि युवाओं की भूमिका केवल आंदोलन करने के लिए नहीं होना चाहिए बल्कि पर्यावरण एवं जलस्त्रोतों का सरंक्षण करने में युवाओं को अहम भूमिका निभानी होगी। लोग यदि अपने कर्तव्यों का निर्वहन बढ़िया से करे तो यही देश के लिए उनका सबसे बड़ा योगदान होगा। हमारे बीच से जो युवा निकलकर बड़े अधिकारी बनते हैं वे प्रोफेशनल हो जाते हैं, उन्हें अपने दायरे से बाहर निकलकर जलस्त्रोतों और पर्यावरण का संरक्षण करने में आगे आना चाहिए। स्वामी विवेकानंद केवल इसलिए आदर्श नहीं है कि वे एक संत है, बल्कि इसलिए हमारे आदर्श है कि उन्होंने शिक्षा, संस्कृति और मानवता की उन्नति को आधार बनाया है। यदि हम अपनी संस्कृति को नहीं बचा पाये तो हम अपने देश को भी नहीं बचा पायेंगे। उन्होंने युवाओं से अपनी सभ्यता और संस्कृति बचाने का आह्वान किया।





### नदियां समाप्त हुई तो मानव सभ्यता भी समाप्त हो जाएगी

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत डीआईजी संजय रंजन सिंह ने कहा कि नदियां मानव सभ्यता की जननी है। नदियों की स्वच्छता का ख्याल हमें हर हालत में रखना ही होगा। नदियाँ समाप्त हुई तो मानव सभ्यता भी समाप्त हो जाएगी। युवा दिवस के दिन युवाओं को संकल्प लेना चाहिए कि वे नदियों की रक्षा करेंगे ताकि हमारी सभ्यता की भी रक्षा हो सकेगी। इससे पहले स्वर्णरेखा महोत्सव के प्रथम दिन यानि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जंयती पर युवा दिवस मनाया गया। स्वर्णरेखा महोत्सव के मुख्य अतिथि, झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. एसएन पाठक एवं जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने संयुक्त रूप से रानीचुआं-नगड़ी में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के बाद उनके द्वारा कंबल वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वर्णरेखा महोत्सव के संयोजक तपेश्वर केशरी, जिला परिषद की सदस्या पूनम देवी, उप प्रमुख विद्यारानी, युगांतर भारती के अध्यक्ष अंशुल शरण, सचिव आशीष शीतल केदार महतो, चुड़ामणि महतो, धर्मेन्द्र तिवारी, पीएन सिंह, सत्यनारायण महतो सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम संचालन हेमंत केशरी एवं धन्यवाद ज्ञापन बजरंग महतो ने किया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा राजद ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वामी विवेकानंद जयंती तथा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के नेतृत्व में रांची के मोराबादी मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के साथ साथ युवा राजद के पदाधिकारियों तथा दर्जनों युवाओं ने रक्तदान किया। युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर उन्हें नमन किया तथा लोगों से अपील किया कि हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। आपका एक युनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए संजीवनी का काम करता है और उसका जीवन बचा सकता है। श्री यादव ने रक्तदान के फायदे बताते हुए कहा कि रक्तदान करने से दूसरों का जीवन तो बचा ही सकते है साथ ही रक्तदान करने वाले का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। इस मौके पर अनीता यादव,विजय राम, डीके सिंह, कमलेश यादव, विक्की यादव, अजय यादव उपस्थित मौजूद थे।

**इन्होंने किया रक्तदान :** रक्तदान करनेवालों में युवा राजद अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, प्रदेश प्रवक्ता क्षितिज मिश्रा, रांची महानगर अध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह,आदित्य गौरव, रोहित सिंह, पूजा पांडेय, आशीष कुमार, आयुश मिश्रा, आशीष मिश्रा, पंकज महतो,आयुश, दशरथ, राजकुमार महतो, रंजन यादव समेत दर्जनों युवा शामिल थे।



## नंद किशोर बने श्री राधा कृष्ण मंदिर के अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राधा कृष्ण मंदिर कृष्ण नगर कॉलोनी मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव रविवार को आपसी सहमति से सम्पन्न हुआ। मुख्य चुनाव प्रभारी अंचल किंगर और सह चुनाव प्रभारी अनिल मुंजाल की देखरेख में हुए मंदिर कमेटी के चुनाव में सभी 21 उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए। सभी नव निर्वाचित सदस्यों की 21 सदस्यीय कमेटी को मंदिर परिसर में मुखी राधेश्याम किंगर द्वारा सामूहिक शपथ दिलाई गई एवं समाज के गणमान्य लोगों द्वारा सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को माता की चुन्नी और माला पहनाकर बधाई दी गई। मंदिर कमेटी के संयोजक चंद्रभान तलेजा और आयोजक रामचंद्र तलेजा ने पुरानी कमेटी को अपने अच्छे कार्यकाल के लिए धन्यवाद और नई कमेटी को बधाई भी दी।

**कमेटी के सदस्य :** सर्वसम्मति से नंदकिशोर अरोड़ा को मंदिर कमेटी का अध्यक्ष, चंदन सिडाना एवं सुनील कटारिया को सचिव, किशोरी पपनेजा को उपाध्यक्ष, हरीश मनुजा कोषाध्यक्ष पद के लिए चुने गए। मीडिया का प्रभार अरुण जसूजा को सौंपा गया एवं सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी जिम्मी अरोरा एवं विकास घई को मिला। कोषाध्यक्ष विनीत अरोड़ा एवं विजय जसूजा तथा सह सचिव कमल घई को बनाया गया। नई कमेटी द्वारा दो सदस्यों अंचल किंगर एवं अनिल मुंजाल को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी में ललित किंगर, देवराज मनुजा, मनीष मुंजाल, पवन पपनेजा, पंकज गखड़, निखिल घई, गगन अरोरा, मुकेश सिडाना, रोहित तलेजा एवं नरेश खत्री शामिल हैं।



### प्राचार्या पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन : स्वामी



रांची। अखिल भारतीय संत समिति के उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने धनबाद में स्कूली छात्राओं के हुई घटना पर कड़ी आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि धनबाद के कार्मेल स्कूल की प्राचार्या ने छात्राओं के साथ जो कुछ किया, वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सनातन समाज इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं कर सकता है। अखिल भारतीय संत समिति ने सीएम हेमंत से मांग की है कि छात्रओं का अपमान करनेवाली प्राचार्या को अविलंब सस्पेंड करें, गिरफ्तार कर जेल भेजा जाये। ऐसा नहीं हुआ तो हमें सड़क पर उतर कर आंदोलन करना होगा। हमारे देश में कन्याओं को माता के रूप में पूजते हैं, एक तरफ समाज महिला सशक्तिकरण की बात करता है। दुर्भाग्य है कि इस पाश्चात्य संस्कृति और मिशनरी स्कूल की प्राचार्या एक महिला होकर भी उन बच्चियों के साथ जो व्यवहार किया है, वह निंदनीय है। उन्हें कानूनसम्मत कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए।

## रौनियार वैश्य कल्याण समिति ने मनाया वार्षिक उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रौनियार वैश्य कल्याण समिति कोकर का ने 32वा वार्षिक समारोह रविवार को मनाया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ मुरली सेनगुप्ता (पूर्व डिप्टी डायरेक्टर स्वस्थ विभाग झारखंड सरकार) के द्वारा दीप प्रज्वलन व स्वामी विवेकानंद, हेमचंद्र विक्रमादित्य को पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में लवली गुप्ता (भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष), जी एस पी गुप्ता (पूर्व संयुक्त सचिव उद्योग विभाग), संजय कुमार (विशेष सचिव जल संसाधन विभाग), डॉ रमेश चंद्रा (गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट, मेदांता) आदि उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों द्वारा कोकर इकाई पत्रिका का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण विजेताओं के बीच किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोकर इकाई के डॉ विजय राज, आर एन शाह, सुबोध गुप्ता, मुरली सेनगुप्ता, शशि गुप्ता, संजय गुप्ता, मून प्रकाश, एस अल माणिक, राजमोहन गुप्ता, संतोष गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, बिनोद गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, उमा शंकर भगत, अजय , राजेश गुप्ता, बीबी साहू आदि का योगदान रहा।



## मिथिला पंचांग सह कैलेंडर का विमोचन



**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के द्वारा रविवार को मिथिला पंचांग सह कैलेण्डर का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सर्व ब्राम्हण अधिकार परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडे ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी ब्राम्हण एक मंच पर आये और अपने अधिकार के लिये लड़ें। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित निर्भय कांत झा शास्त्री द्वारा स्वस्तिवाचन मंत्र और स्वागत गान से हुआ। अमरेन्द्र मोहन झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर दिलिप झा, सुरेन्द्र मिश्र, पंडित निर्भय कांत झा, संतोष झा, शिवराम मिश्र, रंजीत लाल दास, सतीश झा, रविकांत, कृतेश आदि उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश अंगिका समाज ने गरीबों में भोजन पैकेट बांटा

रांची। प्रदेश अंगिका समाज ने रविवार को नारायण सेवा कार्यक्रम का आयोजन कर गरीबों के बीच भोजन पैकेट का वितरण किया। यह आयोजन रातू रोड दुर्गा मंदिर रातु रोड में किया गया। इस अवसर पर महासचिव डॉ श्रीमोहन सिंह समेत मोहन रजक नवीन चन्द्र चौधरी, प्रद्युम्न प्रसाद सिंह, नरोत्तम सिंह, दिनेश सिंह गुप्ता, दीपक कुमार सिंह, पूनम देवी, बिभाष मिश्र, अनिल कुमार चौधरी, डॉ.एसकेपी सिंह, महानन्द ठाकुर, आलोक कुमार सिंह, चन्द्रिका ठाकुर देशदीप, दिनेश सिंह गुप्ता,राजेश कुमार पाण्डेय, बच्चन कुमार चौधरी, संदीप कुमार ठाकुर,अनिमेष सिंह, अशोक सिंह, शंभूनाथ सिंह सोलंकी आदि उपस्थित हो कर भोजन पैकेट का वितरण किया।

### चारी हुजीर स्कूल मैदान में आयोजित भव्य युवा महोत्सव में बोले राज्यपाल

# विवेकानंद का जीवन आत्म-विश्वास, अनुशासन का प्रतीक है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय युवा विकास संघ, झारखंड प्रदेश द्वारा चारी हुजीर स्कूल मैदान में आयोजित भव्य युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को युवाओं के लिए प्रेरणा का अटूट स्त्रोत बताया और कहा कि उनका जीवन आत्म-विश्वास, अनुशासन एवं परिश्रम का प्रतीक है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के उद्धरण उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का उल्लेख करते हुए युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने झारखंड के युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अपने साहस, परिश्रम और प्रतिभा के लिए जाने जाते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में राज्य और देश का मान बढ़ा रहे हैं।



राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने इस भव्य युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह महोत्सव राज्य के युवाओं के जीवन में नई प्रेरणा और ऊर्जा का संचार करेगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायें।

## खबर एक नजर में

### नीरजा सहाय में मनाया गया युथ दिवस

रांची। नीरजा सहाय डीएवी में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यूथ दिवस पर एक सामूहिक ज्ञान प्रस्तुत किया? गया तथा कक्षा नवमी की छात्रा द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भाषण प्रस्तुत किया गया । उसने स्वामी जी के यह विचार उठो ,जागो और तब तक नहीं रुको जब तक की लक्ष्य न प्राप्त हो जाए से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जीवनी से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिसमें कक्षा नवमी के विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़कर भाग ली। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं अ के विद्यार्थी प्रथम, नवमी ब के विद्यार्थी द्वितीय और नवमी स के विद्यार्थी तृतीय स्थान पर रहे। सीसीए कार्यक्रम के तहत स्वामी विवेकानंद पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता का अभी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका श्वेता सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। स्कूल में भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे दूरदर्शी राजनीतिज्ञ एवं कुशल प्रशासक थे।मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने अपने भाषण में उनकी साफ सुथरे छवि और सादगी के बारे में विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को जानकारी दी।

### अधिकतम स्तर पर होता है युवाओं में ऊर्जा : न्यायमूर्ति राजेश कुमार



**रांची।** रविवार को युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती सह शिशु विद्या मंदिर धुर्वा का वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजेश कुमार झारखंड उच्च न्यायालय रांची मुख्य अतिथि के रूप में एवं प्रोफेसर डॉक्टर इंद्रनील माना कुलपति बीआईटी मौजूद थे। मंचासीन अतिथियों का परिचय एवं स्वागत विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार ने कराया अतिथियों का स्वागत पौधा ,मोमेंटो एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। न्यायमूर्ति राजेश कुमार झारखंड उच्च न्यायालय ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं में ऊर्जा अपने अधिकतम स्तर पर होता है। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर इंद्रनील मन्ना कुलपति बीआईटी मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत नवयुवकों की आबादी में दुनिया में अग्रणी स्थान रखता है। इस युवा भारत की ऊर्जा का उपयोग कर हम 2047 तक विकसित भारत का दर्जा पा सकते हैं। उन्होंने विवेकानंद जी को याद करते हुए कहा कि विवेकानंद जी ने विश्व को वेदांत राजयोग से परिचय कराया उन्होंने शिक्षा को खोज आधारित होने पर जोर दिया चरित्र सच्चाई एवं राष्ट्रीयता का शिक्षा में समावेश अति आवश्यक है। इस मौके पर विद्यालय की उप प्राचार्य मीना कुमारी, शुभश्री तिवारी ,नीलिमा कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

### झारखंड छात्र परिषद ने मनाया स्वामी विवेकानंद की जंयती



**रांची।** झारखंड छात्र परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह रविवार को ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब परिसर में मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे मुख्यरूप से उपस्थित थे। झारखंड छात्र परिषद ने कार्यक्रम के दौरान सर्व सहमति से केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की। इस अवसर पर लंकेश सिंह , राजीव सिंह , मनीष सिन्हा , सत्येंद्र वर्मा ,ज्योति शंकर साहू , पीयूष आनंद , राकेश सिंह ने परिचर्चा में भाग लिया एवं अपने विचार व्यक्त किए ।

### राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा विंग ने विवेकानंद को याद किया



**रांची।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था युवा विंग राँची महानगर के तत्वावधान में देवी मंडप रोड हेसल सरोवरनगर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती रविवार को मनायी गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के युवा कमांड प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार पुटू,उषा मार्टिन के डिप्टी जनरल मैनेजर शैलेश कुमार,जितेंद्र कुमार पांडेय एवं अंकिता प्रज्ञा ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। मौके पर मनोज कुमार पुटू ने उपस्थित सभी लोगों के समक्ष स्वामी जी की जीवनी बताते हुए सभी को उनके मार्ग का अनुसरण करने को कहा।सभी युवाओं को नशापान से दूर रहने को कहा। इस मौके पर।अश्विनी पाठक ने विवेकानंद जी के जीवन की अनेक कहानियों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया तथा नौजवानों में नव ऊर्जा का संचार किया।

### श्री श्याम मित्र मंडल का साधारण सभा संपन्न

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की साधारण सभा की बैठक हरमु रोड़ स्थित श्री श्याम मंदिर के मंडल सभागार में रविवार को संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने साधारण सभा में आये हुए समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। संस्था के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने गत साधारण सभा 30.7.2023 की कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसे सर्वसम्मति से संपुष्टि किया गया। साथ ही महामंत्री ने विभिन्न गतिविधियों व सेवा कार्यो आदि की संछिप्त जानकारी प्रस्तुत किया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23, 2023-24 के अंकेचित आय व्यय लिखित व्यौरा व तुलन पत्र को संस्था के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ौदिया ने समस्त सदस्यों को वितरित कर एवं प्रस्तुत पढ़ा। जिसके बाद सर्वसम्मति से आय व्यय व्यौरा को अनुमोदित करते हुए करतल ध्वनी से पास किया गया।

स्पीड न्यूज

### वित्त मंत्री के दौरा को लेकर निरीक्षण

**पाटन पलामू।** पाटन बीडीओ अमित कुमार झा के नेतृत्व में प्रखंड के अधिकारियों ने वित मंत्री राधा कृष्ण किशोर के दौरा को लेकर चेतमा पिकेट मैदान का जायजा लिया। जहां नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय भी थे। वित मंत्री का 14 को प्रोग्राम होना है। इसे लेकर पाटन बीडीओ एवं नावा जयपुर पुलिस विधि व्यवस्था पर काम कर रहे हैं।

### कार और बाइक की टक्कर में दो गंभीर

**हरिहरगंज पलामू।** कौआखोह के समीप फोरलेन सड़क पर शनिवार को सेलेरियो कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनकी पहचान बनवारी उरांव (30) तथा खड़गपुर के सुधीर मेहता (27) के रूप में हुई। बाइक सवार हरिहरगंज की ओर आ रहे थे। तभी छतरपुर की ओर तेज रफ्तार में जा रहे कार (जेएच 01 सीएफ 1746) ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से उन्हें रेफर कर दिया गये। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार सदल बल घटनास्थल पहुंच कार जब्त कर कार्रवाई में जुट गये हैं।

### विवेकानंद ने दुनिया में भारत का मान बढ़ाया था

**विश्रामपुर (पलामू)।** महंगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। स्कूल प्रबंधन ने कई कार्यक्रम भी किये। कार्यक्रम की शुरुआत से पहले सभी शिक्षकों व छात्र छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वह युवा संत थे जिन्होंने विश्वपटल पर भारत और सनातन का पताका फहराया था। उन्होंने युवाओं को कर्मयोग की शिक्षा दी जिसके चलते उनके जन्मजयंती को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मौके पर उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा, पूजा कुमारी, सीता देवी, प्रमोद कुमार, रीता देवी थे।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**विश्रामपुर पलामू।** एसपी रीष्मा रमेसन के निर्देश पर जिले में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चल रहा है। इसी क्रम में शनिवार की रात रेहला थाना के महावीर मंदिर रेहला कला के पास रेहला थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध बाइक रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस दल ने पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि गॉड फादर क्लासिक बियर 600 एमएल की दो पेटी, प्रत्येक पेटी में 10-10 बोतल, गॉड फादर सुप्रीमी स्ट्रांगर बियर पांच सौ एमएल का दो पेटी प्रत्येक पेटी में 24-24 केन बियर, शराब के अवैध ढुलाई में प्रयुक्त एक पैशन प्रो (एचपीओ 12 ई 0533) जब्त की गयी है। गिरफ्तार सुनिल चौधरी (32), पिता बैजनाथ चौधरी, फरटिया, थाना जिला-गढ़वा का बताया जा रहा है।

### पंजरी खुर्द गांव में होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के पंजरी खुर्द गांव में आसपास के 20 गांवों के गणमान्य लोगों की एक सामूहिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक भृगुनाथ सिंह व संचालन रौशन पाठक ने किया। बैठक में नव निर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि अप्रैल में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। जहां लक्ष्मीनारायण महायज्ञ भी होगा। इसके लिए स्वागत, भंडारा, मंडप निर्माण व अनुशासन कमेटी व ट्रस्ट बनाने पर भी चर्चा हुई। 27 अप्रैल को कलश यात्रा और 30 को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी।

### ऋत्विज परिवार ने किया वनभोज

**चैनपुर पलामू।** स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर ऋत्विज परिवार द्वारा वनभोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन गंगा गार्डन कारकाट बंदुआ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज में हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी वर्ष में जो जो कार्य ऋत्विज परिवार द्वारा किये जायेंगे।

# दो दिवसीय दोमुहानी संगम महोत्सव आज से, कल गंगा आरती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** 13-14 जनवरी को दोमुहानी घाट पर सोमवार 13 जनवरी से दो दिवसीय दोमुहानी संगम महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन 13 जनवरी को अपरान्ह 4:30 बजे से होगा जिसमे नदी और पर्यावरण पर गोष्ठी होगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में नदी विशेषज्ञ डॉ दिनेश मिश्र, विधायक व पर्यावरणविद् सरयू राय, मनोज सिंह उपास्थित लोगो को नदी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में पर्यावरण पर एक विशेष सत्र में उपस्थित अतिथि अपना अनुभव साझा करेंगे। पर्यावरण पर चर्चा के पश्चात स्कूल के बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात शाम 5:30 बजे से शहर के जाने माने लोक गायक सोनू सिंह दुलरुवा अपनी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही समाज व धर्म क्षेत्र में कार्य करने वाले शहर के करीब 50 विशिष्ट लोगों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित भी किया जायेगा।

उक्त जानकारी दोमुहानी घाट पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह, शंकर रेड्डी, हिन्दू उत्सव समित के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह, प्रवक्ता सुखदेव सिंह, अभिमन्यु प्रताप,



संवाददाता सम्मेलन में शिवशंकर सिंह, रवि सिंह व साथी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए।

वॉइस ऑफ हुमीनटी के हरि सिंह राजपूत, अरविंदर कौर, शशि जी, दुर्गा देवी, संतोषी साहू, इंद्रजीत सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दी।

रवि सिंह ने बताया कि 14 जनवरी को भव्य गंगा आरती का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 3 बजे स्वर्णरेखा नदी पूजन एवं अभिषेक के साथ होगी। अपराह्न 4 बजे गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी जबकि शाम 5 बजे कार्यक्रम में मुख्य उपस्थिति पूर्व मंत्री एवं दोमुहानी तट पर भव्य द्वार एवं घाट बनवाने वाले पूर्व विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में बनारस उ.प्र वाले प्रख्यात संत तपोमूर्ति त्रिदंडीस्वामी जी महाराज जी की उपस्थिति में स्वर्णरेखा आरती कार्यक्रम होगा। आरती से पूर्व एक नृत्य ग्रुप की प्रस्तुति होगी। इसका विशेष आकर्षण गंगा जी की धरती पर अवतरण का नृत्य रूपांतरण होगा। नृत्य के बाद गंगा स्वरूपा मां स्वर्णरेखा की भव्य आरती होगी।

### 51000 दीयों से जगमगायेगा आरती स्थल

संरक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि भव्य गंगा आरती के दिन आयोजन समिति द्वारा नदी तट पर दीपोत्सव का भी कार्यक्रम है जिसमे कार्यकर्ताओं द्वारा 51000 दीपो से नदी तट को सजाया जाएगा जिससे नदी को छटां देखते ही बनेगी। कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोगो के उपस्थित होने की संभावना है। इस बार के कार्यक्रम में संभावना है कि शहर व आसपास से लगभग एक लाख श्रद्धालु इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देध्य नदी और पर्यावरण को धर्म और आस्था के साथ जोड़कर उसे संरक्षित व संवर्धन करना है। हरि सिंह ने कहा कि इस आयोजन का एक उद्देश्य यह भी है कि ऐसा परिवार या ऐसे बुजुर्ग जो अपनी शारिरिक कष्ट व आर्थिक कष्ट ले कारण बनारस व हरिद्वार जाकर इस दिव्य गंगा आरती को नही देख पाते ऐसे व्यक्तियों को हम उनके शहर में ही एक दिन के लिए काशी बनारस व हरिद्वार का नजारा दिखाने का कार्य करते हैं।

स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यक्रम में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक हुए शामिल

# स्वामी जी के उपदेश मान कर ही स्वावलंबी बना भारत : सरयू राय

- मात्र 39 साल की आयु में स्वामी विवेकानंद जी ने सनातन के लिए कई असाधारण कार्य किये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद का नाम लेने मात्र से ही एक सकरात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज भारत स्वावलंबी हुआ है तो स्वामी जी के उपदेशों पर अमल करने के कारण ही ऐसा हो पाया है। दरअसल, भारत के विकास के मूल में स्वामी जी का आधार है। उन्होंने 39 वर्ष की आयु में देश और विदेश में सनातन धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए जो कार्य किया, वह असाधारण है। वह स्वामी जी की



स्वामीजी की प्रतिमा का अनावरण करते विधायक व अन्य।

जयंती पर स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट द्वारा टेल्को भुवनेश्वरी मंदिर परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद उद्यान में माल्यार्पण सह बौद्धिक विचार कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे।

सरयू राय ने कहा कि यह कहा जाता है कि स्वामी जी ने जमशेत जी नसेरवान जी टाटा के साथ एक जहाज में यात्रा करने के दौरान उन्हें यह सुझाव दिया था कि टाटा स्टील की स्थापना इस भूमि पर करनी चाहिए। तब जाकर भारत की पहली स्वदेशी कंपनी के रूप में टाटा स्टील अस्तित्व में आया। स्वामी जी का योगदान शहर के लिए प्राण तत्व है।

उन्होंने कहा कि भुवनेश्वरी देवी मंदिर की तलहटी पर बना यह स्थान भी इस आध्यात्मिकता को और बल प्रदान करेगा। इस हमें सजाना और संवारना चाहिए। निकट भविष्य में ठाकुर जी और मां शारदा को भी यहां स्थापित करने का प्रयास होगा। यहाँ से निकलने वाली किरणें अध्यात्म को आम लोगो के बीच सरल-सुलभ बनाने व मां भुवनेश्वरी एवं श्री कृष्ण की कृपा से विवेकानंद के संदेश को आम जन तक पहुंचाने में कारगर होगा। सरयू राय ने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त किया कि भले ही वे अब जमशेदपुर पश्चिम से विधायक हो गए हैं किन्तु जमशेदपुर पूर्व में जन कल्याण के लिए उनके द्वारा शुरु किये गये विकास कार्यों का निर्वहन वे करते रहेंगे।

इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख पुजारी आचार्या आर गोविंद राजन, आचार्य टीके सुकुमारन, जदयू के वरिष्ठ नेता सुबोध श्रीवास्तव, अशोक गोयल, इंद्रजीत सिंह, प्रचेष्टा ग्रुप के सुब्रता दास, दीपांकर प्रामाणिक, पार्थो, प्रतीम महतो, पारथा चक्रवर्ती, अजय दास, जे साहू, विश्वजीत कुंडू, प्रणव राय, मनोज महतो, असीम पाठक, कुमकुम दास, पिंकी विश्वास, पौली विश्वास, रमेश बैनर्जी सहित कई लोग मौजूद रहे।

रामकृष्ण मिशन आश्रम के कार्यक्रम में शामिल हुए गवर्नर

## विवेकानंद जी के विचार विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत : राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर रविवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा आयोजित 54वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन और विचार न केवल भारत, बल्कि समस्त विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा स्कूली विद्यार्थियों एवं कॉलेज छात्रों के लिए आयोजित क्विज, निबंध आदि प्रतियोगिताओं की सराहना की और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है का उल्लेख करते हुए मिशन के शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक कल्याण के कार्यों की सराहना की।

स्वामी विवेकानंद जी के उद्धरण उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने युवाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और आत्म-निर्धारित बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वामी जी महिला सशक्तिकरण के प्रबल पक्षधर थे, उन्होंने समाज के उत्थान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में संचालित आत्मनिर्भर भारत, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसे पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये युवाओं को सशक्त और प्रेरित कर रहे हैं।



**भाजपा की दोबारा सदस्यता लेकर जमशेदपुर पहुंचे रघुवर, भव्य स्वागत :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिसा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास ने भाजपा की दुबारा सदस्यता लेकर झारखंड की सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया है। पार्टी की सदस्यता लेकर वे आज पहली बार जमशेदपुर पहुंचे तो उनके समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समर्थकों को अपने नेता का भव्य स्वागत किया।

## जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर में नौ कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** रविवार को जयप्रकाश उद्यान, आदित्यपुर में नौ कुंडीय श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस यज्ञ में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनके साथ भाजपा जिला कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण शर्मा काली भी उपस्थित रहे। यज्ञ के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने पवित्र वातावरण में धार्मिक आस्था को अनुभव किया। इस अवसर पर श्री अर्जुन मुंडा जी और श्री कृष्ण शर्मा काली ने संत श्री सुंदर राज (यतिराज) स्वामी जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। संत श्री सुंदर राज (यतिराज) स्वामी जी



यज्ञ में मौजूद पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा, कृष्णा शर्मा काली व अन्य अतिथिगण का अभिनंदन करते त्रिदंडी स्वामीजी।

महाराज ने यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समाज में धार्मिक और नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। यह यज्ञ समाज में शांति, समृद्धि, और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ क्षेत्र के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। मौके पर शंभूनाथ सिंह, सुधीर सिंह, बॉबी सिंह, रवींद्र पांडे सहित कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

### डिमना मॉर्निंग वॉकर्स ने मनाया वनभोज



**जमशेदपुर।** अपने स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार मानगोवासी जो डिमना की वादियों में नित्य योगा वॉकिंग और व्ययाम करते हैं। आज डिमना की वादियों में अपना वन भोज सह सामूहिक मिलन का कार्यक्रम रखा। संचालन पूर्व सैनिक सुशील सिंह, विषय प्रवेश श्याम सिंह ने किया। जबकि अन्य वक्ता के रूप में शिवकुमार सिंह उर्फ पहाड़ी बाबा छोटन मिश्रा मुन्ना सिंह अशोक सिंह चौबे जी रणजीत यादव बंसल जी स्वामी दयानंद आर पी सिंह ने रखा। स्वादिष्ट व्यंजन बनवाने की जिम्मेदारी किशोर सिंह, टिंकू शर्मा, के के सिंह ने निभायी। मार्केटिंग महेश जोशी दिनेश सिंह हंसराज सिंह सुरेन्द्र प्रसाद मौर्या ने की। मौके पर राधेश्याम, रघुनाथ सिंह, विनय पांडे, राजू सिंह, विनोद झा, शिव भक्त राघव मिश्रा, सुनील राय, राजीव रंजन, सतनाम सिंह, सचिवंत मिश्रा भी मौजूद थे।

### ब्रिंग बैक इंडियन कल्चर फाउंडेशन ने स्वामी विवेकानंद को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** ब्रिंग बैक इंडियन कल्चर फाउंडेशन ने बिरसानगर के संगठन के कार्यालय में रविवार को युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सबों ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके महान विचारों को स्मरण किया। स्वामीजी के पदचिह्नों पर चलने और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। संगठन ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद की जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण और समाज कल्याण के लिए सक्रिय योगदान दें। संगठन के सदस्यों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और विचार हमें आत्मनिर्भरता, चरित्र निर्माण और सेवा भाव के महत्व को समझाते हैं। कार्यक्रम में संगठन के संस्थापक सदस्य केके राय, अखिलेश सिंह, नीतिश कुशवाहा, संतोष राय, पम्मी राय, रेखा पांडे, अनूप राय, प्रियम पांडे, प्रेम पांडेय, संजय मुंडा आदि उपस्थित थे।

### गम्हरिया : युवा दिवस पर 15 यूनिट रक्त संग्रह

**गम्हरिया।** स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर में सामाजिक संस्था नयी जिंदगी परिवार जमशेदपुर ने एक मिनी रक्तदान शिविर लगाया। ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर जमशेदपुर के आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी इस शिविर का नेतृत्व कर रहे थे। इसमें कुल 15 आदिवासी युवाओं ने अपने पारंपरिक परिधान फुटा काचा पहन स्वेच्छा से रक्तदान किया। सभी को राजेश मार्डी ने प्रशस्ति सम्मान पत्र के साथ पारंपरिक अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सालमपाथर के सीताराम हेंब्रम ने अपने जीवन में कुल 34वीं बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बने हुए हैं। मौके पर गणेश टुडू, सीताराम हेंब्रम, समीर टुडू, लक्ष्मण मुर्मू, सुरज टुडू, सोना किस्कू, संजय सोरेन, सुरेश मुर्मू, शत्रुघ्न माझी, तरूण मुर्मू, राजेश टुडू थे।

### बीएनएच ने आशियाना शहर में लगाया जांच शिविर

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल जमशेदपुर ने चेपा पुल स्थित आशियाना शहर सोसायटी में एक निशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर लगाया। जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी, बीएमआई की जांच की गयी। प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम ने करीब 65 लोगों की हृदय जांच की। बताया कि लोग ज्यादातर अपनी व्यस्त एवं तनावग्रस्त जीवन शैली से अस्वस्थ होकर हृदय रोग के मरीज बन जाते हैं। उन्होंने समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराने का भी संदेश दिया।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में याद किये गये स्वामी विवेकानंद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी पर बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नालोजी, जमशेदपुर में राष्ट्रीय युवा दिवश मनाया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह, कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ एसके राय, एनआईटी जमशेदपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के सहायक प्राचार्य डॉ केके सिंह, एनआईटी जमशेदपुर के इलेक्ट्रानिक्स विभाग के डॉ कुणाल सिंह, एनआईटी जमशेदपुर के यान्त्रीकि विभाग के प्रो डॉ सतीश कुमार और एनआईटी जमशेदपुर के रजिस्ट्रार कर्नल डॉ एनके राय मौजूद थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसके राय ने अपने स्वागत भाषण में सबका स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने स्वामी विवेकानंद के समाज के प्रति योगदान को याद कर उनके आदर्श से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया।



## नारायण आइटीआई ने किया स्वामी विवेकानंद को नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** रविवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह, चांडिल में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद (12 जनवरी 1863 - 4 जुलाई 1902) वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है।

# स्वामी विवेकानंद अमर रहें के नारों से गूंज उठा साकची गोलचक्कर

- एक बैनर तले भाजपाई हुए एकत्र, कांग्रेसी और झामुमो नेता
- नमन संस्था का कार्य अतुलनीय एवं प्रेरणादायी : विद्युत महतो
- स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा : काले

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत युग पुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती पर सामाजिक संस्था नमन ने एक भव्य आयोजन साकची मुख्य गोलचक्कर पर किया। मौके पर शहर के कई गणमान्य, बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नमन संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके विचारों ने समाज के हर वर्ग को जागरूक किया और हम सभी को एक नई दिशा दी। हमें उनके सिद्धांतों का पालन करते हुए देश की सेवा करनी चाहिए। हमें उनके विचारों को अपनाकर अपनी जिम्मेदारियों का पालन करना चाहिए। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि केवल आत्मविश्वास और आत्मबल से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।



बिरसा मुंडा गोलचक्कर, साकची में नमन के कार्यक्रम को संबोधित करते जमशेदपुर के भाजपा सांसद विद्युतबरण महतो।

मुख्य अतिथि जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा स्वामी विवेकानंद ने अपनी शिक्षाओं से युवाओं में शक्ति का संचार किया और यह संदेश दिया कि अपने आप पर विश्वास करो, तुम किसी भी कठिनाई को पार कर सकते हो। उनके विचार आज भी हमारे लिए प्रासंगिक हैं।

विशिष्ट अतिथि, जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने कहा स्वामी विवेकानंद ने भारत की संस्कृति और गौरव को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया। उनका कहना था कि हमें अपनी जड़ों से जुड़कर आगे बढ़ना चाहिए। हमें उनके विचारों का पालन कर अपने समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए।

मौके पर कांग्रेस नेता रामाश्रय प्रसाद, अजय सिंह, सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के शैलेंद्र सिंह, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह भी थे।

# चिंता का विषय

दक्षिणपंथी रुझान के अगुवा डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से पहले की जा रही उग्र बयानबाजी से पूरी दुनिया में हलचल है। अब चाहे कनाडा को अमेरिका में मिलाने का उनका दावा हो या ग्रीनलैंड व पनामा नहर पर प्रभुत्व का बयान। लेकिन शेष दुनिया के लिये चिंता की बात यह है कि निष्पक्ष वैचारिक स्वतंत्रता के पक्षधर होने का दावा कर रहे अमेरिका संचालित बहुचर्चित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी ट्रंप के निरंकुश व्यवहार से गहरे तक प्रभावित हो रहे हैं। लंबे समय तक ट्रंप से वैचारिक टकराव मोल लेने वाले अमेरिका से संचालित मेटा ने ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। मेटा ने अपने उस तथ्य जांच कार्यक्रम से हाथ खींचने का फैसला किया है जो ऑनलाइन गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार को नियंत्रित करने का एक महत्वपूर्ण साधन था। निश्चित रूप से सूचना की विश्वसनीयता के लिये निर्धारित व्यवस्था के खत्म होने से ऑनलाइन झूठ व दुष्प्रचार के खिलाफ वैश्विक अभियान को झटका लगेगा। निश्चित तौर पर यह नाटकीय बदलाव वर्ष 2016 में सोशल मीडिया दिग्गज द्वारा शुरू किए स्वतंत्र थर्ड पार्टी तथ्य जांच कार्यक्रम के अंत का प्रतीक है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने वाले डोनाल्ड ट्रंप की ताजपोशी से ठीक पहले आया है। ट्रंप मेटा के मुखर आलोचक रहे हैं। ट्रंप आरोप लगाते रहे हैं कि सोशल मीडिया पर दक्षिणपंथी आवाज को सेंसर किया जाता रहा है। वहीं मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग का कहना है कि उनके इस निर्णय की मुख्य प्रेरणा मुक्त अभिव्यक्ति को प्रश्रय देना है। जो सोशल मीडिया पर सूचना सामग्री में किसी भी हस्तक्षेप का विरोध करता है। जिसके चलते फर्जी खबरों के कारण विवादों की श्रृंखला को जन्म मिल सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मचिंतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा। शुभांक-5-7-9

वृष : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शुभांक-4-6-8

मिथुन : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-5-7-9

कर्क : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-2-5-8

सिंह : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

कन्या : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-3-5-7

तुला : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

वृश्चिक : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8


धनु : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

मकर : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

कुंभ : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

मीन : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# जहां स्वामी विवेकानन्द को मिली थी वैश्विक पहचान



**भारत** में रियासतों के विलीनीकरण से पूर्व राजस्थान में खेतड़ी एक सुविकसित रियासत थी। चारों तरफ फैले खेतड़ी के यश की चर्चा सुनकर ही विदेशी आक्रमणकारी महमूद गजनवी ने एक बार खेतड़ी पर भी आक्रमण किया था। मगर उसके उपरान्त भी खेतड़ी की शान में कोई कमी नहीं आयी थी। खेतड़ी के सभी राजा साहित्य एवं कला पारखी व संस्कृति के प्रति आस्थावान रहे थे। वे शिक्षा के विकास व विभिन्न क्षेत्रों को प्रकाशमान करने की दिशा में सदैव सचेष्ट रहते थे। खेतड़ी सदैव से ही महान विभूतियों की कार्यस्थली के रूप में जानी जाती रही है।

खेतड़ी नरेश अजीतसिंह एक धार्मिक व आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले शासक थे। राजा अजीतसिंह ने माऊन्ट आबू में एक नया महल खरीदा था। गर्मी में राजा उसी महल में ठहरे हुये थे। उसी दौरान 4 जून 1891 को उनकी युवा संन्यासी विवेकानन्द जी से उनकी पहली बार मुलाकात हुई। इस मुलाकात से अजीतसिंह उस युवा संन्यासी से इतने प्रभावित हुए कि राजा ने उस युवा संन्यासी को अपना गुरू बना लिया तथा अपने साथ खेतड़ी चलने का आग्रह किया। जिसे संन्यासी ठुकरा नहीं सके। स्वामी विवेकानन्द 7 अगस्त 1891 को प्रथम बार खेतड़ी आये। खेतड़ी में स्वामीजी 27 अक्टूबर 1891 तक रहे।

स्वामीजी ने राजा अजीतसिंह को उदार व विशाल बनने के लिए आधुनिक विज्ञान के महत्व को समझाया। खेतड़ी में ही स्वामी विवेकानन्द ने राजपण्डित नारायणदास शास्त्री के सहयोग से पाणिनी का अष्टाध्यायी व पातंजलि का महाभाष्याधायी का अध्ययन किया। स्वामीजी ने व्याकरणाचार्य और पाण्डित्य के लिए विख्यात नारायणदास शास्त्री को लिखे पत्रों में उन्हे मेरे गुरु कहकर सम्बोधित किया था।


अमेरिका जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह के निमंत्रण पर 21 अप्रेल 1893 को स्वामीजी दूसरी बार खेतड़ी पहुंचे। स्वामी जी इस दौरान 10 मई 1893 तक खेतड़ी में प्रवास किया। यह स्वामी जी की दूसरी खेतड़ी यात्रा थी। इसी दौरान एक दिन नरेश अजीत सिंह व स्वामीजी फतेहविलास महल में बैठे शास्त्र चर्चा कर रहे थे। तभी राज्य की नर्तकियों ने वहां आकर गायन वादन का अनुरोध किया। इस पर संन्यासी होने के नाते स्वामीजी उठकर जाने लगे तो नर्तकियों की दल नायिका मैनाबाई ने स्वामी जी से आग्रह किया कि स्वामीजी आप भी विराजें, मैं यहां भजन सुनाऊंगी। इस पर स्वामीजी बैठ गये। नर्तकी मैनाबाई ने महाकवि सूरदास रचित प्रसिद्ध भजन-

प्रभु मोरे अवगुण चित न धरो।

समदरसी है नाम तिहारो चाहे तो पार करो

इसे सनुकर स्वामीजी की आंखों में पश्चाताप मिश्रित आंसुओं की धारा बह निकली और उन्होंने उस पतिता नारी को ज्ञानदायिनी मां कहकर सम्बोधित करते हुये कहा कि आपने आज मेरी आंखें खोल दी हैं। इस भजन को सुनकर ही स्वामीजी संन्यास की तरफ उन्मुख हुए ओर जीवन पर्यन्त सद्भाव से जुड़े रहने का व्रत धारण किया। 10 मई 1893 को स्वामजी मात्र 28 वर्ष की अल्पायु में खेतड़ी से अमेरिका जाने को प्रस्थान किया। महाराजा अजीतसिंह के आर्थिक सहयोग से ही स्वामी विवेकानन्द अमेरिका के शिकागो शहर में आयोजित विश्वधर्म सम्मेलन में शामिल हो वेदान्त की पताका फहराकर भारत को विश्व धर्मगुरु का सम्मान दिलाया।

इस बात का पता बहुत कम लोगों को है कि स्वामीजी का स्वामी विवेकानन्द नाम भी राजा अजीतसिंह ने रखा था। इससे पूर्व स्वामीजी का अपना नाम विविदिषानन्द था। शिकागो जाने से पूर्व राजा अजीतसिंह ने स्वामीजी से कहा आपका नाम बड़ा कठिन है, उसका अर्थ नहीं समझा जा सकता है। उसी दिन राजा अजीतसिंह ने उनके सिर पर साफा बांधा व भगवा चोगा पहना कर नया वेश व नया नाम स्वामी विवेकानन्द प्रदान किया था। जिसे स्वामीजी ने जीवन पर्यन्त धारण किया। आज भी लोग उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं।



- रमेश धमोरा

> आज भी लोग उन्हें राजा अजीतसिंह द्वारा प्रदत्त स्वामी विवेकानन्द नाम से ही जानते हैं। शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये।

शिकागो में हिन्दू धर्म की पताका फहराकर स्वामीजी विश्व भ्रमण करते हुए 1897 में जब भारत लौटे तो 17 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी नरेश ने स्वामीजी के सम्मान में 12 मील दूर जाकर उनका स्वागत किया व भव्य गाजे-बाजे के साथ खेतड़ी लेकर आये।

सर्वधर्म सम्मेलन से लौटने के बाद स्वामी विवेकानंद जब खेतड़ी आए तो राजा अजीत सिंह ने उनके स्वागत में शहर में चालीस मण देशी घी के दीपक जलवाए थे। इससे भोपालगढ़, फतेहसिंह महल, जयनिवास महल के साथ पूरा शहर जगमगा उठा था। 20 दिसम्बर 1897 को खेतड़ी के पन्नालाल शाह तालाब पर प्रीतिभोज देकर स्वामी जी का भव्य स्वागत किया। शाही भोज में उस वक्त खेतड़ी ठिकाना के पांच हजार लोगों ने भाग लिया था। उसी समारोह में स्वामी विवेकानन्द जी ने खेतड़ी में सावजनिक रूप से भाषण दिया जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग उमड़ पड़े। उस भाषण को सुनने वालों में खेतड़ी नरेश अजीत सिंह के साथ काफी संख्या में विदेशी राजनयिक भी शामिल हुये। 21 दिसम्बर 1897 को स्वामीजी खेतड़ी से प्रस्थान कर गये।

स्वामी विवेकानन्द जी ने एक बार कहा था कि यदि खेतड़ी के राजा अजीतसिंह जी से उनकी भेंट नहीं हुयी होती तो भारत की उन्नति के लिये उनके द्वारा जो थोड़ा बहुत प्रयास किया गया उसे वे कभी नहीं कर पाते। स्वामी जी राजा अजीतसिंह को समय-समय पर पत्र लिखकर जनहित कार्य जारी रखने की प्रेरणा देते रहते थे।

राजा अजीतसिंह और स्वामी विवेकानन्द के अटूट सम्बन्धों की अनेक कथाएं आज भी खेतड़ी के लोगों की जुबान पर सहज ही सुनने को मिल जाती है। स्वामीजी का मानना था कि यदि राजा अजीतसिंह नहीं मिलते तो उनका शिकागो जाना संभव नहीं होता। स्वामी जी ने माना था कि राजा अजीतसिंह ही उनके जीवन में एकमात्र मित्र थे। स्वामी जी के आग्रह पर राजा अजीत सिंह ने स्वामी की माता भुवनेश्वरी देवी को 1891 से सहयोग के लिये 100 रुपये प्रतिमाह भिजवाना प्रारम्भ करवाया था जो अजीतसिंह जी की मृत्यु तक जारी रहा। स्वामी जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में व मृत्यु 4 जुलाई 1902 को हुयी थी। इसी तरह राजा अजीतसिंह जी का जन्म 10 अक्टूबर 1861 में व मृत्यु 18 जनवरी 1901 को हुयी थी। दोनों का निधन 39 वर्ष की उम्र में हो गया था व दोनों के जन्म व मृत्यु के समय में भी ज्यादा अन्तर नहीं था। इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है।

उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए यह संदेश देने वाले युवाओं के प्रेरणास्रेत, समाज सुधारक, युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। इनके जन्मदिन को ही राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रमुख कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, आध्यात्मिक विचार और उनके आदर्श हैं। उनके ये विचार और आदर्श युवाओं में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार कर सकते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### एफडीआई से उम्मीद

भारत की विकास दर, सेंसेक्स की बढ़त, और राजनीतिक स्थिरता के बीच विदेशी प्रत्यक्ष निवेश बढ़ाने की संभावनाएं उजागर की गई हैं। 2025 तक एफडीआई बढ़ाने के लिए निवेश सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, और व्यापार माहौल में सुधार की आवश्यकता होगी। भारत के प्रमुख एफडीआई स्रोत मॉरीशस, सिंगापुर और अमेरिका हैं, और आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस जैसे क्षेत्रों में संभावनाएं बढ़ रही हैं।

**-अनिल कौशिक, चतरा**

### जागरूकता और तैयारियां

**बीते** मंगलवार तिब्बत में आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई, जिसके झटके उत्तर भारत में भी महसूस किए गए। भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाएं यह सवाल उठाती हैं कि क्या विज्ञान के बावजूद इंसान प्रकृति के आगे कमजोर है। इतिहास में भी भूकंप से भारी नुकसान हुआ है।

**- रंधीर सिंह, रांची**

## ट्वीट

**बेहतर** स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में झारखण्ड आगे बढ़ रहा है। एक गरीब, पिछड़ा राज्य होते हुए भी झारखण्ड ने हमेशा विपरीत परिस्थितियों में परचम लहराया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसान** भाइयों से बहुत सार्थक चर्चा हुई है। मैंने किसान भाइयों के संवाद को अंतर्मन से सुना है। हमने गहराई से कई चीजों का अध्ययन किया है। किसान आगे बढ़ें और कृषि क्षेत्र की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए हम प्रयत्न करेंगे।

**-शिवराज सिंह चौहान केन्द्रीय मंत्री**

# क्या शिक्षा का अधिकार ऐसे ही सार्थक होगा?

**- राकेश दुबे**

**यदि** हमारे देश भारत के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निःस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है।

स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। देश में आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं, समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें।

**शिक्षा**

> दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे?

जरूरत इस बात की है कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं, दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 प्रतिशत स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। दूसरी ओर 53 प्रतिशत स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा?

विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें।

मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

# अन्नपूर्णा देवी: महिलाओं को सशक्त बनाना, बच्चों का पोषण करना उदेश्य

**सामयिक**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय:** केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने राजस्थान के उदयपुर में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर का उद्घाटन किया

भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया: श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार 10-12 जनवरी, 2025 के दौरान उदयपुर, राजस्थान में चिंतन शिविर की मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन, केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री और राजस्थान की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दीया कुमारी की उपस्थिति में किया। इस शिविर में केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री और केंद्र और राज्यों के महिला और बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

अपने उद्बोधन केन्द्रीय मंत्री श्रीमती



अन्नपूर्णा देवी ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता करते हुए वैश्विक ध्यान 'महिला विकास' से बदलकर 'महिला नेतृत्व में विकास' पर केंद्रित किया, एक दृष्टिकोण जिसे ब्राजील ने 2024 में अपनी अध्यक्षता के दौरान मजबूती से समर्थन दिया।

विशेष संबोधन में महिला और बाल विकास राज्य मंत्री, श्रीमती सवित्री ठाकुर ने मंत्रालय की वर्तमान पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के हमारे प्रयास रंग ला रहे हैं। इस शिविर में सहयोगात्मक चचाओं और अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से, हम सफल प्रथाओं को व्यापक स्तर पर लागू करने का लक्ष्य रखते हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री, श्री भजन लाल शर्मा, ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में इस आयोजन की मेजबानी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान को इस परिवर्तनकारी आयोजन की मेजबानी पर गर्व है। यह चिंतन शिविर सार्थक संवाद और सहयोग का एक मंच है। हम राष्ट्रीय पहलों का समर्थन करने और अपने राज्य में महिलाओं और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती दिया कुमारी ने भी सभा को संबोधित किया और इस क्षेत्र में राजस्थान के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य ने हमेशा महिलाओं और बच्चों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। यह शिविर एक-दूसरे की सफलताओं से सीखने और मिलकर उज्जवल भविष्य बनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

चिंतन शिविर में मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य और मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 जैसे प्रमुख पहलुओं पर केंद्रित सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, बाल पोषण और आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाना है। इस दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनका उद्देश्य ज्वलंत मुद्दों के समाधान के लिए नवाचारपूर्ण उपाय विकसित करना और विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रभावी परिणाम हासिल करना है। यह चिंतन शिविर आगामी वर्षों में विकसित भारत के लिए मजबूत आधार बनाने की दिशा में सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

इस आयोजन का उद्देश्य गहन विचार-विमर्श और मुक्त संवाद के माध्यम से सरकारी पहलों को बेहतर बनाना है, जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं और नवाचारी दृष्टिकोण को शामिल किया जाएगा। यह चिंतन शिविर देश भर में महिलाओं और बच्चों के कल्याण को गति देने के लिए प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाने का प्रयास है।

## राधा गोविंद स्कूल के स्थापना दिवस और विवेकानंद की जयंती पर हुयी पूजा-अर्चना



रामगढ़। राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के मंदिर परिसर में रविवार को विद्यालय के 25 वां स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हुआ पूजा। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी तथा स्वामी विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह ने 25 वें स्थापना दिवस पूरे होने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक केएन सिंह ,शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर प्रसाद का वितरण



रजरप्पा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर बड़कीपोना दुर्गा मंदिर चौक परिसर में बजरंग दल ने प्रसाद का किया वितरण । समाजसेवी रमेश दांगी ने खिचड़ी, लड्डू, पूड़ी-सब्जी आदि का वितरण किया । दांगी ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम राम हमारी सनातन संस्कृति के आस्था के केंद्र हैं। मौके पर समाजसेवी अमृत कुमार, विकास कुमार, मनोज पासवान, निशांत कुमार, रुपेश कुमार, अमित कुमार, शिवम कुमार, प्रेम कुमार, आशीष कुमार आदि धर्मप्रेमी मौजूद थे।

## उज्जवला फाउंडेशन ने बांटा शॉल



**कुजू।** विवेकानंद जी का युवाओं में अटूट विश्वास था। उनका मानना था कि युवा ही देश का भविष्य हैं। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। प्रजापति स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर मोतीराम कॉम्प्लेक्स में आयोजित कंबल वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप शामिल थे। उन्होंने कहा कि अगर युवा जागरूक होंगे, तो देश प्रगति करेगा। उन्होंने कहा था कि 'तुम मुझे 100 युवा दो, मैं पूरे विश्व को बदल दूंगा।' मौके पर प्रकाश केशरी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, मनसरी देवी, सुमन देवी, ललिता देवी, पिंकी देवी, रेखा देवी, यशोदा देवी, समित्रा देवी, गीता, संगीता, खुशबू, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

## लायंस क्लब ने किया भव्य भंडारा




भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। तत्पश्चात भव्य भंडारा गया। भंडारा का शुभारंभ लायंस क्लब के लोगों ने संयुक्त रूप से श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी रूपी प्रसाद का वितरण कर किया। इस अवसर पर फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को भरपेट भोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा बर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा व अन्य थे।

## पंजाबी हिन्दू बिरादरी की लोहड़ी आज

रामगढ़। पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को सांझी लोहड़ी समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि सांझी लोहड़ी समारोह शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर प्रांगण में होगी। रात्रि 7 बजे माता वैष्णों देवी की महाआरती और 8 बजे बिरादरी के जिन सदस्यों के घरों में इस वर्ष शादियां या नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है, वैसे दम्पतियों को माता वैष्णों देवी का आशीर्वाद बिरादरी के बुजुर्गों के कर कमलों से दिया जाएगा।

## सीसीएल कर्मी के आवास से 50 हजार सहित आठ लाख के जेवरात की चोरी



कुजू। कुजू बस्ती पुराना एनएच 33 के किनारे सीसीएल कर्मी अंकित पोद्दार के बंद आवास की ग्रिल काटकर शनिवार की रात चोरों ने नगद करीब 50 हजार रुपए, 8 लाख रुपए मूल्य के गहने व वाईफाई कैमरा भी चुरा लिया। सूचना पाकर पहुंची कुजू ओपी पुलिस ने घटनास्थल जायज लिया। भुक्तभोगी के अनुसार सीसीएल करमा में पदस्थापित अंकित पोद्दार कुजू बस्ती स्थित अपने आवास का ताला बंद कर सपरिवार देवघर गए हुए थे। अंकित पोद्दार के आवास में लगा वाईफाई कैमरा उनके मोबाइल से कनेक्ट था। देवघर में रात साढ़े 12 बजे तक उन्होंने अपने मोबाइल पर अपना आवास सुरक्षित देखा।लेकिन इसके बाद वहां मोबाइल का टावर नहीं होने से उन्हें नोटिफिकेशन नहीं मिला।रविवार की सुबह उन्होंने अपने मोबाइल पर कनेक्ट कैमरे में देखा कि उनके घर मे एक व्यक्ति मौजूद है।

# मुरपा जंगल में फिर पहुंची पुलिस

## गिरफ्तार आकाश करमाली को घटनास्थल लाकर की पूछताछ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- 7.62 एमएम का पिस्टल और जिंदा गोली बरामद
- राहुल तुरी का शव लेने अस्पताल पहुंचे परिजन

**कुजू।** रामगढ़ व हजारीबाग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुरपा मनरेगा पार्क जंगल के पीछे आलोक गिरोह के सरगना आलोक जी उर्फ राहुल तुरी के मारे जाने के बाद रविवार की सुबह पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुँचकर छानबीन की।

एसपी अजय कुमार ने बताया कि शनिवार की देर रात तक कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा बस्ती में सुनसान इलाके में भी छापेमारी चल रही थी। लेकिन अंधेरा होने की वजह से पुलिस को सर्च अभियान रोकना पड़ा। रविवार की सुबह से ही आकाश करमाली की निशानदेही पर एक बार फिर सर्च अभियान शुरू हुआ। हजारीबाग और रामगढ़ जिले के जिन स्थानों पर वह रुका था और जिन-जिन स्थानों पर हथियार छुपा कर रखा था उसकी जानकारी उसने दी है। फिलहाल मुठभेड़ के स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर 7.62 एमएम का पिस्टल और मैगजीन से जिंदा गोली बरामद की गई है। साथ ही राहुल तुरी के हथियार से चली गोली के खोखे बरामद किए गए हैं। हजारीबाग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी सर्च अभियान चल रहा है, लेकिन अभी तक वहां कोई सफलता हासिल नहीं हुई है। आकाश करमाली को भी साथ लाकर कैसे-कैसे घटना की ली जानकारी। ज्ञात हो कि शनिवार की दोपहर लगभग 2 से 3 बजे के बीच में रामगढ़ व हजारीबाग पुलिस के द्वारा पीछा कर मुरपा जंगल मे आलोक जी सरगना के राहुल तुरी का एनकाउंटर किया था। वही एक अपराधी आकाश करमाली को धर दबोचा था। जबकि एक अन्य अपराधी भागने में सफल रहा। मौके पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार, एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी चंदन वत्स, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार, मांडू थाना प्रभारी रामप्रवेश पासवान, कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, दिगंबर पांडेय सहित



**घटनास्थल पर एसपी अजय कुमार व अन्य।**

पुलिस बल के जवान शामिल थे। मुरपा जंगल के पास हुए एनकाउंटर में मारे गए आलोक उर्फ राहुल तुरी व मौके से गिरफ्तार हुए अपराधी आकाश करमाली को दोबारा घटना लाया गया। साथ ही पूछताछ करने के बाद उसके द्वारा कौन से हथियार से गोली चलाने, कितनी बार फायरिंग किया गया आदि की जानकारी ली। पुलिस पदाधिकारियों को कहना था कि घटना स्थल पर अभी कई छोटे- बड़े सबूत सहित की जांच चल रही है। इधर राहुल तुरी का शव लेने के लिए अस्पताल में राहुल की माँ संगीता देवी, मामा, मौसी पहुंचे।

घटना स्थल पर फोरेंसिक टीम के साथ डॉग स्क्वायड भी पहुंचा। आलोक राहुल तुरी के पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत के बाद रामगढ़ उपायुक्त ने एक टीम गठन किया था। जिसके निगरानी में उसके शव का रामगढ़ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

**तिवारी महतो ने पुलिस को दी बधाई :** विधायक तिवारी महतो रविवार को घटना स्थल पहुंचे। क्षेत्र को अशांत करने वाले अपराधियों का एनकाउंटर कर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल किया है। इसके लिए रामगढ़ एसपी अजय कुमार व हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह सहित पुलिस पदाधिकारी बधाई के पात्र है।

# सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा में 72 सवाल किये

**खबर मन्त्र संवाददाता**




रामगढ़। सांसद मनीष जायसवाल की पहली बार में ही देश के सर्वोच्च सदन संसद के तीनों सत्रों में बेमिसाल उपलब्धि रही। उन्होंने तीन सत्रों के 54 दिनों की सदन अवधि में कुल वर्किंग डे 44 में दमदार अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अनमोल अवधि में अपने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के जनहित से जुड़े कई क्रांतिकारी और कल्याणकारी कुल 72 मुद्दे उठाए और 07 बार उन्हें लोकसभा के पटल बोलने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें लोकसभा की तीन प्रमुख समितियों का सदस्य बनाया गया जिसमें प्राक्कलन समिति,

कोल तथा माइंस की सलाहकार समिति और उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति शामिल है। हजारीबाग जिला मुख्यालय में सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों और विकास को नई गति दी। सदन में शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ ही लगातार लोकसभा क्षेत्र के दौरे और सांसद सेवा कार्यालय के माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए और यथासंभव समस्याओं के निराकरण का भरसक प्रयास किया। उक्त बातों की जानकारी खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को रामगढ़ शहर के चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन सभागार में एक विशेष प्रेस- वार्ता का आयोजन कर जानकारी देते हुए कहा । साल के अंतिम समय में सांसद मनीष जायसवाल कोई बड़ी जिम्मेवारी मिली। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में सारी बाद जिले और रामगढ़ जिले की 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए समर्थित प्रत्याशियों को जिताने का पार्टी ने जवाबदेही सौंपा। जायसवाल ने अपने कुशल प्रबंधकीय कला, ताबड़तोड़ सघन चुनावी दौरा, एनडीए कार्यकर्ताओं के बीच विशेष समन्वय व सीधा संवाद और मतदाताओं जुड़कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 5 में से 4 विधानसभा और हजारीबाग जिले के ा 5 में से सभी पांचों विधानसभा सीट पर जीत दिलाकर करीब 25 साल बाद एनडीए का शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचने का कार्य किया। जिसकी प्रशंसा संगठन से लेकर जनता के जुबां पर है। हजारीबाग के सांसद सेवा कार्यालय के तर्ज.पर जल्द ही रामगढ़ जिले की जनता के सुलभता के लिए रामगढ़ शहर में ही सांसद सेवा कार्यालय खोला जाएगा ।

## गरीब समाजसेवी संघ ने बांटा कंबल व चुड़ा-गुड

भुरकुंडा (रामगढ़) । गरीब समाज सेवी संघ भुरकुंडा ने रविवार को भुरकुंडा बाजार में गरीबों के बीच कंबल व चुडा गुड का वितरण किया। पप्पु सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षो से गरीबों के बीच कंबल व चुडा गुड का वितरण किया जा रहा है। इस वर्ष मकर संक्रांति पर्व को लेकर चुड़ा गुड़ का भी वितरण किया गया। मौके पर गरीब समाज सेवी संघ के उपाध्यक्ष उदय स्वर्णकार, विनोद शाह, अजय सोनी, डॉ केसी दास, तिजराम, विजय कुमार, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जुबिली कॉलेज में मनी विवेकानंद की जयंती

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में रविवार को एनएसएस इकाई एक व दो के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जून कुमार मिश्रा ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद प्रभावशाली अध्यात्मिक आर्दश पुरूष थे।

## सोसाइटी फार ब्राईट फ्यूचर ने 50 गरीबों को बांटा कंबल



**भुरकुंडा(रामगढ़) ।** सोसाइटी फार ब्राईट फ्यूचर के तत्वावधान मे रविवार को इस्लामिया उच्च विद्यालय में 50 गरीबों को बांटा कंबल। कंबल वितरण में पीडी सिंह, संतोष कुमार यादव, जानकी ठाकुर, विकास पांडेय, राहुल कुमार, संजय सिंह, प्रमोद यादव, सुबोध यादव, डॉ एसजे अख्तर, डॉ शकील अहमद, शमीम अहमद, नसीम अख्तर उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रफीक, इरफान, खुर्शीद अनवर, इकबाल, हबीब उल्लाह, नौशाद, जफरूल, हारुन, सुफियान का योगदान रहा। मौके पर अफसर अंसारी, कुंती देवी, सोभा देवी, अनिशा, मकसुद, शबनम, सुदामा देवी, मंगल मुंडा, खुशबू, हाशिम, सुनिता देवी, शबाना, रौशन, मोबीन, बेबी, आसींद व अन्य मौजूद थे।

## कायस्थ महासभा ने मनाया विवेकानंद की जयंती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। कायस्थ महासभा ने प्रधान कैफेटेरिया में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती धूमधाम से मनाया। एसपी कोठी के समीप स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय व युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बप्पी करण ने माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वहीं मुख्य कार्यक्रम प्रधान कैफेटेरिया सभागार में आयोजित की गई। आर्ष कन्याओं ने लव-कुश लघु कथा मंचन प्रस्तुत कर समां बांध दिया। बप्पी करण ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी व दर्शन पर प्रकाश डाला। मौके पर सनातन संस्कृति से जुड़े सिख



समाज के जिला अध्यक्ष में अवतार सिंह, वैश्य समाज के राजेंद्र प्रसाद, ठाकुर समाज के अध्यक्ष छेदी ठाकुर, चंद्रवंशी समाज से अजीत कुमार, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव विजय किशोर प्रसाद एवं अमित कुमार, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, आशुतोष सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**अमित सिन्हा हुए सम्मानित :** कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव बनने पर रामगढ़ के अमित कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया । साथ ही विजय किशोर प्रसाद को भी सम्मानित किया गया । अमित सिन्हा ने कहा कि सम्मानित होकर वे गौरान्वित महसूस कर रहे है। अपने लोगो के द्वारा प्यार सम्मान मिलना सबसे बड़ी बात होती है। युवा में असीम सकती है बशर्ते वे अपने सकती को पॉजिटिव चीज में लगाए।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष डी एन सहाय, सभाध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रधान, मुख्य वक्ता डॉ. विकाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ : चार महीने में 50 अपराधी गिरफ्तार

## एसपी अजय कुमार के खौफ से कई अपराधी जिला से भागे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार जब से रामगढ़ के एसपी बनकर आए हैं तबसे उनका अलग ही अंदाज देखने को मिल रहा है। एसपी आमलोगो के लिए मिलनसार और मदद करने वाले हैं जबकि अपराधियों के लिए सख्त हैं। उन्होंने वैसे युवा जो किसी कारणवश आपराधिक गिरोहों में शामिल हो गए हैं उनसे अपील किया है कि वे अपराध छोड़ दें और समाज की मुख्य धारा से जुड़ जाएं। यही उनके लिए बेहतर होगा। कहा कि यदि अपराधी अपराध नही छोड़ते हैं तब बेहतर होगा कि वे राज्य छोड़ दें। नही तो जिला पुलिस अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। अजय कुमार जबसे रामगढ़ में एसपी के रूप में पदस्थापित हुए हैं तबसे जिले में आपराधिक गिरोहों के विरूद्ध

**एसपी ने शानदार गायकी से लोगों को करते हैं अचंभित**

कड़ी कार्रवाई की जा रही। उनके सख्त तेवर के कारण रामगढ़ जिले में सक्रिय पांडे गिरोह और श्रीवास्तव गिरोह के कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उनके इस कड़े तेवर के कारण अपराधी उनके नाम से भी भयभीत होने लगे हैं। एसपी अजय कुमार के कार्यकाल में पिछले 4 माह मे 50 अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। वहीं, उनके भय से कई अपराधी रामगढ़ जिला छोड़कर भाग गये हैं। एसपी ने बताया कि पिछले सप्ताह 13 अपराधी गिरफ्तार किये गये। जिनमें से 11 पांडे गिरोह और 2 श्रीवास्तव गिरोह के हैं। उसके बाद पुनः श्रीवास्तव गिरोह के 4




अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसपी ने अपराधियों से सुधर जाने की अपील करते हुए कहा कि अपराध का रास्ता छोड़ सुधर जाएं अपराधी। कहा कि यदि अपराधी ऐसा नही करते हैं तो पुलिस अपराधियों के विरूद्ध उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसपी अजय कुमार जहां अपराधियों के लिए सख्त हैं वहीं, आमलोगों के लिए मिलनसार और मदद करनेवाले हैं। उन्होंने आमलोगों से अपील किया है कि यदि लोगों को किसी तरह की परेशानी हो रही है तो वे उनसे मिलकर अपनी समस्या उनके समक्ष रख सकते हैं। वे लोगों की समस्याएं दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे। कुछ दिन पूर्व समाहरणालय के निकट आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रिलेक्स मूड में एसपी अजय कुमार ने अपनी गायकी के शानदार हुनर से उपस्थित लोगों को परीचित कराया। इस दौरान अपनी मधुर आवाज में एसपी ने कई गाने गाकर लोगों को अचंभे में डाल दिया।

## एक नजर में

## मुखिया रेखा देवी ने किया कंबल वितरण



टॉटीझरिया । प्रखंड के डहरभंगा पंचायत भवन में मुखिया रेखा देवी ने गरीबों के बीच 120 कंबल का वितरण किया । मुखिया ने लाभुकों से आग्रह किया कि ठंड से बचाव को लेकर गर्म कपड़े का इस्तेमाल करें। लाभुकों ने कंबल पाकर सरकार को धन्यवाद दिया। मौके पर समाज सेवी रविंद्र यादव ,वार्ड पति संजय कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

## तिरुपति गैस प्रोपराइटर के पिता का निधन

**बरही।** रविवार को तिरुपति भारत गैस के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर के पिता रामचंद्र ठाकुर का निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे। रामचंद्र ठाकुर समाजसेवी के रूप में पहचाने जाते थे और वे भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार बरही नदी के किनारे संपन्न हुआ। उनके निधन पर क्षेत्रीय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं ने गहरी शोक व्यक्त की है। उनके निधन पर विधायक मनोज कुमार यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर समेत सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन का भोज आज

**बरही।** मकर संक्रांति के अवसर पर सोमवार को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन के सौजन्य से केवाल गांव स्थित बिरहोर टोला में चूड़ा, दही, तिल और गुड़ का सामूहिक भोज होगा। भोज 12 :00 बजे से शुरू होगा, जिसमें आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव ने सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे इस पुण्य अवसर पर उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाएं।

## धान की खरीद शुरू करायें सीएम : विधायक



**बरही।** विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर हजारीबाग जिले के किसानों की समस्याओं पर कार्रवाई का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में बताया है कि जिले में पैक्स और एफपीओ के माध्यम से धान की खरीद लगभग एक माह से ठप पड़ी हुई है। इस वजह से स्थानीय किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।विधायक ने कहा कि पैक्सों और एफपीओ द्वारा धान की खरीद बंद होने के कारण किसान अपनी उपज को बिचौलियों के हाथों कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं। इससे किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि राइस मिलों द्वारा अभी तक एफसीआई को चावल उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके चलते पैक्सों के गोदाम भरे पड़े हैं ।इस स्थिति में न तो पैक्स और एफपीओ धान खरीद पा रहे हैं और न ही किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

## शिवपुर गड़लाही में क्रिकेट टूर्नामेंट एक फरवरी से

**बरही।** रेनबो स्कूल बरही एवं शिवपुर गड़लाही ग्रामीण के संयुक्त प्रयास से रेनबो ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला संस्करण 1 से 3 फरवरी होगा। इस प्रतियोगिता के आयोजक रेनबो स्कूल बरही एवं शिवपुर गड़लाही के ग्रामीण है। वहीं व्यवस्थापक के रूप में रेनबो स्कूल बरही में अपनी सहयोग प्रदान करेंगे। यह टूनार्मेंट क्षेत्र के उभरते हुए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका प्रदान करेगा। टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग लेंगी, जो नॉक-आउट फॉर्मेट में खेलेंगी। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा सीरीज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए विशेष पुरस्कार रखे गए हैं, जिनमें झ्र प्लेयर ऑफ द सीरीज ?1500 के साथ ट्रॉफी, बेस्ट बॉलर ऑफ द सीरीज 1000 के साथ ट्रॉफी, बेस्ट बैट्समैन ऑफ द सीरीज: ?1000 एवं ट्रॉफी, उभरता हुआ खिलाड़ी को पुरस्कृत किया जाएगा। विजेता टीम को 5000 एवं कप वहीं उपविजेता टीम को 3000 एवं कप से पुरस्कृत किया जाएगा।

## पिपरा में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

चरही। पिपरा के खेत में शनिवार रात ट्रैक्टर पलटने चालक की मौत हो गई। पुलिस पदाधिकारी राजमोहन महतो ने बताया कि ट्रैक्टर चालक कजरी निवासी राजकुमार गंझू पिता मधु गंझू खाली ट्रैक्टर को लेकर घर से निकला था।पिपरा स्थित चालक का संतुलन बिगड़ गया।और एक खेत मे जाकर उक्त ट्रैक्टर पलट गई।जिस कारण चालक दब गया।और उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई।चरही पुलिस को जानकारी मिलते ही रात में ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव और दुर्घटना ग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में कर थाने में ले आई। रविवार को सरकारी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।

## ग्राहक पंचायत ने मनाया समर्पण दिवस

हजारीबाग । विवेकानंद जयंती पर रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई ने समर्पण दिवस के रुप में मनाते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते हुए भारत मां को परम वैभवं पर ले जाने का संकल्प लिया गया । प्रसिद्ध होमियोपैथिक चिकित्सक और संस्कार भारती के पदाधिकारी डा. प्रहलाद ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर समर्पण दिवस समारोह प्रारंभ किया। संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद और युवा भारत की परिकल्पना बताया। कहा कि देश के युवा को आज सबसे ज्यादा युवा बनने और दिखने की जरुरत है। युवा दिवस पर समर्पण के नाते प्रत्येक दिन एक घंटा राष्ट्र कार्य और स्वयं के स्वास्थ्य पर खर्च करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। समर्पण कार्यक्रम में अभिषेक पांडेय, मो. एजाज, मो. फैज, महेश रविदास, रवि कुमार, अनुज सिन्हा,आशीष कुमार साव,शीतेश तिवारी,फैज अनवर,प्रदीप कुमार सिन्हा,अनिल कुमार,पुरुषोत्तम कुमार, सूरज कुमार, सागर कुमार, संजय विश्वकर्मा, मो. फैजल ,रुपांशू सहित अन्य शामिल थे।

## पुलिस और पब्लिक के बीच क्रिकेट मैच

**कटकमसांडी।** रविवार को कटकमसांडी खेल स्टेडियम में युवा दिवस के मौके पर पुलिस पब्लिक के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस मौके पर थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार, एसआई बिरजा कुजूर, मनोज कुजूर, अशीष कुमार आदि के स्थानीय युवा खिलाड़ियों द्वारा रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया गया। मौके पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन से पुलिस पब्लिक के बीच दोस्ताना रिश्ते भी कायम होता है। इस मैच को देखने के लिए दर्शकों की बड़ी उपस्थिति देखी गई।

## कोयला खदान संघर्ष समिति की बैठक



**बड़कागांव।** कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड मजदूर यूनियन की बैठक लँगातू में हुई, इसकी अध्यक्षता ओमकार शर्मा ने किया। केरेडारी के लोगों को कहना है कि एनटीपीसी सीएसआर फंड का उपयोग केरेडारी प्रखंड में नहीं किया जा रहा है। ऐसा करना उचित नहीं है और रित्विक और बिजीआर कंपनी जो माइनिंग कर रही है वह सरासर गलत तरीके से कर रही है। बीजीआर और ऋतिक ग्रामीण रैयतो को सही मुआवजा नहीं दे रही है रैयत और विस्थापितों के रोजी रोजगार नहीं दिया जा रहा है। मौके पर केंद्रीय महामंत्री ओंकार शर्मा, राज बीरेंद्र राज,गणेश तूरी,मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान, प्रमोद कुमार, कुलेश्वर प्रजापति, किशन तूरी, सागर कुमार,विवेक कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# दो सौ पेटी नकली शराब के साथ एक गिरफ्तार

■ हजारीबाग का है हेमराज साहू
■ ईश्वर साहू है धंधे का सरगना


प्रेस वार्ता में ग्रामीण एसपी व अन्य।

## बरामद सामान व शराब पेटी

उन्होंने बताया कि ब्लैक डायमंड विस्की 935, एमसी डोवेल्स विस्की 718, रॉयल विस्की व 8 पीएम विस्की 225, स्टर्लिंग विस्की व 140, विल्ड मैन विस्की 130, रॉयल स्टेज विस्की 353 बोतलें, 13 बंडल रैपर, बारकोड, स्टिकर, आल्टो कार जेएच 02 एपी 0486, पियागो ऑटो जेएच 01 बीपी 2983 व जेएच 01 ईयू 5591, एक्टिवा कंपनी की स्कुटी जेएच 01 सीजी 2716, 15 खाली बोतल और 8 बैग कैप।

### छापेमारी दल में थे शामिल

ग्रामीण एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद छापेमारी दल का गठन किया गया। इसमें पुलिस निरीक्षक सह थानेदार आरएन सिंह, अवर निरीक्षक नवीन शर्मा, छोटु कुमार, संतोष कुमार यादव, अनुरंजन कुमार, अनुप कुमार, सहायक अवर निरीक्षक उज्जवल कुमार सिंह, शशिकांत दुबे व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** पुलिस ने कमड़े सूर्या नगर में रविवार की सुबह 3 बजे ईश्वर साहू के घर में छापेमारी कर दो सौ पेटी अवैध नकली अंग्रेजी शराब जब्त किया है। खेप में प्रयुक्त 4 वाहन के साथ 26 वर्षीय हेमराज साहू उर्फ डब्लू को भी गिरफ्तार किया गया है। शराब को दूसरे राज्यों में भेजने की तैयारी थी। आरोपी बरगड़ा, कटकमसांडी, हजारीबाग निवासी रवि साहू का पुत्र है। वह फिलहाल झिरी के रवि स्टील चौक में किरायेदार है। यह जानकारी ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्त्ता में दी। मामले को लेकर रातू थाने में कांड संख्या 17/25 दर्ज की गयी है। सरगना ईश्वर साहू की तलाश की जा रही है।

## एसएफसी में मजदूरों की बेमियादी हड़ताल जारी
# अभिकर्त्ता अपना रहा तानाशाही रवैया : मोटिया

■ निर्धारित दर है 8:50 रु.
■ ठेकेदार 7 रु. देने पर अड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** एसएफसी के मोटिया का बेमियादी हड़ताल जारी है। वह ठेकेदार कुश पटेल से 38316 हजार बकाये और प्रति बोरी 8:50 रुपये के हिसाब से मजदूरी भुगतान किये जाने की मांग कर रहे हैं। पेटी कांट्रेक्टर आशीर्वाद कुमार सिर्फ 7 रुपये ही देने को राजी है, जो पूर्व देयराशि से 1:50 रुपये कम है। जबकि, डीएसडी मनोज कुमार उन्हें 8:50 रुपये की दर से मजदूरी दे रहा है। मोटिया ने कहा कि अभिकर्त्ता सरकार की ओर से न्यूनतम मजदूरी देने में आनाकानी करते हुये तानाशाही रवैया अपना रहा है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि हकमारी बर्दास्त नहीं की जायेगी। बताते चलें कि नगर निगम क्षेत्र के लिये न्यूनतम मजदूरी 9:30 रुपये निर्धारित है। जबकि, ग्रामीण में प्रति बोरी 8:50 रुपये घोषित है।

**जवि दुकान तक नहीं पहुंचेगा खाद्यान**

हड़ताल की वजह से चालू माह में समय पर पीडीएस दुकान में राशन नहीं पहुंचने से लाभुकों को खाद्यान नहीं मिल सकेगा। आखिर इसकी जवाबदेही कौन लेगा। मोटिया अवधेश सिंह, मनीष कुमार, दिलीप कुमार, संतोष कुमार, जयकरण मंडल, अनिल मंडल, मनोज मंडल, शत्रुघ्न कुमार, डालू राम व पंकज कुमार ने बताया कि बीडीओ व थानेदार को इसकी लिखित सूचना दे दी गयी है।

## स्पीड न्यूज

### मारुति मंगल परिवार ने मिसाल पेश किया


घायल महिला।

**इटकी।** इटकी थाना अंतर्गत सियारटोली फुटबॉल स्टेडियम के समीप सड़क पर घायल अवस्था में बेसुध पड़ी लगभग 55 वर्षीय अज्ञात महिला को मारुति मंगल परिवार के सदस्य अनुपम महतो ने इलाज के लिए एंबुलेंस से रिम्स भेज कर मानवता का मिसाल पेश किया है। अनुपम ने जानकारी दी कि रविवार शाम करीब सात बजे सियारटोली स्टेडियम के समीप मोबाइल का टॉर्च जला कर देखने पर देखा कि लाल रंग की साड़ी और सरना गमछा के साथ महिला बेसुध पड़ी थी और उसका एक पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त था। महिला के साथ कोई भी नही था। इसके बाद अनुपम ने स्थानीय थाना पुलिस को इसकी सूचना देकर एंबुलेंस में अज्ञात महिला को लेकर रिम्स में भर्ती कराया।

### पवन महतो बने टुसू मेला के अध्यक्ष



**सिकिदिरी।** गेतलसूद डैम के किनारे स्थिति हुरपू के विस्थापितों द्वारा वन,जल एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर 31 जनवरी को टुसू मेला लगाया जाएगा। रविवार को विस्थापितों की बैठक बलिराम महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि जल, जंगल और वन्य जीव के संरक्षण को लेकर मेला लगाया जाएगा। मेला के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी गठित की गई। गठित कमेटी में अध्यक्ष पवन कुमार महतो, सचिव गजेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष हरि कुमार महतो,उप सचिव शैलेन्द्र महतो, उपाध्यक्ष मनीष महतो, कृष्णा महतो, मुख्य संरक्षक बलिराम महतो, संरक्षक हीरालाल महतो, श्रीनाथ महतो, मंगल महतो, सहिंद्र महतो, दिलेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, धर्मनाथ उपेंद्र महतो आदि को बनाया गया है।

### स्वामी विवेकानन्द के जीवनी से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है : जैलेन्द्र

**अनगड़ा।** युवा दिवस के अवसर पर जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी की जीवनी से युवाओं के प्रेरणा लेने की जरूरत है। कहा कि स्वामी जी के इस बिचार को कि उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए को अपने जीवन में अत्मसात करना चाहिए। मौके पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार मिश्रा पंचम भोगता शिबू बेदिया मधु कुमारी प्रिया कुमारी ज्योति कुमारी काजल कुमारी रिमझिम कुमारी काजल गोस्वामी अजय कुमार सहित सैकड़ों युवा उपस्थित हुए।


### राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**अनगड़ा।** आरटीसी पुब्लिक स्कूल अनगड़ा मे हर्षोल्लास के साथ रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र नाथ महतो ने इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्प आयु में ही विश्व स्तर पर भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार किया तथा अपनी ओजस्वी वाणी से समस्त संसार को नया मार्ग बताया। धर्म संसद में उन्होंने कहा कि भारत सारे विश्व का मार्गदर्शक रहा है लेकिन भारतीयों को अपना स्थान कायम रखने के लिए आध्यात्मिकता को अपनाना होगा। मौके पर विद्यालय के चंद्र शेखर कुम्हार, प्रकाश महतो खेलन वेदिया मेघनाथ महतो छात्र आलोक कुमार महतो आदित्य महतो अमन बेली अभिषेक कुमार आदित्य राज क्रिश पटेल साजन कुमार रोहित कुमार महतो, दीपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता सड़क से एक फीट उंचा बना दिए गए हैं नाली
# सड़क के उस पार लोगों को वाहन ले जाना हो रहा है मुश्किल

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** रांची मूरी फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में व्यापक रूप से अनियमितता बरती जा रही है। सड़क पर जेएसबी बिछाकर अभी डीबीएम का काम हो रहा है। लेकिन सड़क के दोनो किनारे जो पक्की नाली का निर्माण किया गया है वह सड़क के सरफेस से करीब एक फीट से सावा फीट उचां है। जिससे बारिस का पानी नाली में न जाकर सड़क पर हीं बहेगा। पानी निकासी की सही व्यवस्था नही रहने से सड़क तलाब में तब्दील हो जाएगा । बताया गया कि सड़क से नाली का उचाई अधिक से अधिक चार ईंच होना चाहिए था ताकि बारीस का पानी नाली में बनाए गए छेद से बहकर नाली मे चला जाता लेकिन ऐसा नहीं है नाली के छेद से सड़क करीब एक फीट नीचा है। सड़क से एक फीट नाली उचां रहने के कारण सड़क के उस पार रहने वाले लोगों को पैदल सड़क के इस पार से उस पार जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दो पहिया और चार पहिया वाहनों का आना जाना तो और भी कठिन हो गया है। बताया गया कि पहले नाली बनाया गया उसके बाद सड़क पर स्टोन डस्ट और जीएसबी बिछाया गया इससे लोगों ने आशंका जाहिर की है कि सड़क पर जितना निर्माण सामग्री डालना था उतना नहीं डाला गया है। सड़क पर जो जीएसबी डाला गया है और डाला जा रहा उसमें मिट्टी मिक्स है साथ हीं दो नम्बर स्टोन चिप्स मिक्स जीएसबी डाला जा रहा जीएसबी और डब्ल्युएमएम का मिक्स ग्रेडेशन सही नही प्रतीत होता है । लेयर बाई लेयर प्रोपर कम्पेकशन भी सही ढंग से नही किए जाने के कारण डीबीएम के बाद सहक दब रहा है। कुल मिला कर सड़क पर प्राक्कलन के स्पीफीकेशान के अनुसार वेल ग्रेडेड मेटेरियल नहीं डाला जा रहा है। जिससे सड़क का गुणवक्ता प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है।

## एक नजर में

### अफीम की खेती को अनगड़ा पुलिस ने नष्ट किया



**अनगड़ा।** वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची एवं ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक रांची के निर्देश पर रविवार को पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली के नेतृत्व में अनगड़ा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अम्बाझरिया गांव में प्रतिबंधित अफीम (पोस्ता) की खेती करने वालों के विरुध छापामारी अभियान चलाकर करीब छह एकड़ जमीन पर किए गए अफीम के पौधों को विनष्ट किया गया। उक्त अधीम की खेती वन विभाग की जमीन और रैयती जमीन पर की गई थी । इस सम्बंध में अनगड़ा थाना में कांड संख्यां9/2025 दर्ज कर अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों की पहचान की जा रही है। पहचान हो जाने के पश्चात अवैध अफीम की खेती करने वालों के विरूद्ध विघि सम्मत कारवाई की जाएगी । छापामारी अभियान में सिल्ली डीएसपी के साथ अनगड़ा थाना प्रभारी हिरालाल शाह पुलिस अवर निरीक्षक उत्तम कुमार पासवान सहित शस्त्र वल शामिल थे।

### युवा ही देश के कर्णधार : आदित्य साहू



**सिकिदिरी।** श्रीश्री ज्ञान मंदिर बरवाटोली के द्वारा युवा दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश के युवा अपनी शक्ति को पहचानें और राष्ट्र के विकास में योगदान दे। युवा ही देश के कर्णधार है, युवा परिवर्तन के संवाहक है. युवा राष्ट्र निमार्ता हैं। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र महतो, सत्यदेव मुंडा, बुधराम बेदिया, सुनील महतो, अमरनाथ चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, शिवशंकर बेदिया, सोहरैया बेदिया, नरेश बेदिया सहित अन्य उपस्थित थे। इधर सीताडीह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अमित महतो ने कहा कि प्रत्येक भारतीय में स्वामी विवेकानंद की तरह क्षमता है, स्वामी जी की प्रेरणा में चलकर हम अपनी व सभी देशवासियों के जीवन में बदलाव ला सकते हैं। मौके पर पंसस सारणी देवी, बुधराम बेदिया, कौशीला देवी सत्यनारायण मुंडा, जयनारायण मुंडा, कजरू मुंडा उपस्थित थे।

### बुंडू में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती मनी



**बुंडू।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बुंडू में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती मनायी गई। इस कार्यक्रम का उत्घाटन स्कूल के प्राचार्य सुबेंदु प्रमाणिक तथा उप प्राचार्या सविता देवी द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य श्री प्रमाणिक के द्वारा स्कूल के विधि व्यवस्था की जानकारी एवं स्कूल के बेहतर शिक्षण कार्य की जानकारी दिए और सभी विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के शिक्षा दर्शन के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। श्री प्राचार्य के स्कूल के पूर्णबर्ती विद्यार्थियों के सरकारी जॉब में कार्यरत की प्रसंशा भी किए एवं अध्ययन विद्यार्थियों को बेहतर मार्ग अपनाने हेतु दिशानिर्देश लिए। स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुति किया। इस अवसर पर सैकड़ो अभिभावक उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सफल बनन में स्कूल के सभी शिक्षक दिनेश ठाकुर विजय प्रमाणिकता, प्रशांत हालदार, उमा महतों, अनुज महतों, सरिता महतों, रागिनी मिंज, अंबाबाती महतों, अजय महतो का विशेष सहयोग रहा।

### पुष्पित बृज किशोर सिन्हा को सम्मानित किया गया




**सिल्ली।** शनिवार रायपुर के बेबीलोन कैपिटल में आयोजित एजुकेशनल एक्सीलेंस कॉन्क्लेव में दिल्ली पब्लिक स्कूल रायगढ़ की प्रिंसिपल पुष्पिता बृजकिशोर सिन्हा को प्रतिष्ठित स्वामी विवेकानन्द नेशनल प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस सम्मानित सम्मान ने उनके असाधारण नेतृत्व और शैक्षिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का जश्न मनाया। उनके दूरदर्शी मार्गदर्शन के तहत, डीपीएस रायगढ़ शैक्षणिक और पाठ्येतर सफलता का एक प्रतीक बन गया है, जो मूल्यों और ज्ञान की मजबूत नींव के साथ अच्छी तरह से विकसित छात्रों का पोषण करता है। इस कार्यक्रम में शिक्षा के भविष्य को आकार देने में स्कूल की परिवर्तनकारी भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। श्रीमती सिन्हा की उपलब्धि समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के समर्पण का एक प्रमाण है।

# शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**चान्हो।** पुलिस ने थाना क्षेत्र की 17 वर्षीय नाबालिग युवती के साथ शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने के आरोपी 20 वर्षीय शाहिद अंसारी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। इसके खिलाफ चांन्हो थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, पीड़िता के पिता ने 17 दिसंबर 2024 को चान्हो थाना में नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। तत्पश्चात तत्काल इसकी सुचना पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची को दी गई। जिसपर उनके आदेशानुसार पुलिस उपाधीक्षक खलारी के निर्देशन में कांड के अभियुक्त के घर एंव उसके छिपने के संभावित स्थानों जैसे मौसी का घर एंव अन्य रिश्तेदारो के घर पर लागातार छापामारी किया गया। पुलिस की छापामारी एंव दविश बढ़ता देख अभियुक्त शाहीद अंसारी अपना मोबाईल नंबर को बंद कर घर से फरार हो गया। तत्पश्चात अभियुक्त का उपलब्ध नोबाईल नंबर का आई०एम०ई०आई० रन कराकर अभियुक्त के द्वारा वर्तमान में उपयोग में लाये जा रहे मोबाईल नंबर को तकनिकी शाखा, रांची के द्वारा उपलब्ध कराया गया। जिसके बाद उक्त नंबर का तकनिकी शाखा, रांची से लोकेशन प्राप्त कर शनिवार को ग्राम लुण्डरी स्थित अभियुक्त के रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# कांके बीडीओ को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता




**कांके।** प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य पांडेय भारतीय प्रशासनिक सेवा को एक माह प्रशिक्षण अवधि पूरे होने पर विदाई दी गई आदित्य पांडेय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार विजय कुमार को सौंपा श्री पांडेय स्वतंत्र रूप से एक माह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्य किए उन्होंने कहा कि अल्प समय में ग्रामीणों से कार्यालय में तथा छेत्र में मिलकर समस्याओं को जाना और त्वरित निष्पादन के कार्य का अनुभव प्राप्त किया साथ बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को प्रतियोगिता हेतु तैयारी के लिए पुस्तकालय में अच्छी पुस्तकों समावेश तथा अच्छी माहौल बनाने की आवश्यकता है। मौके पर जिला से परियोजना पदाधिकारी डॉक्टर ऋतुराज सहित प्रखंड के पशुपालन पदाधिकारी सुदीप्ता बरियार प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक रंजन गुप्ता प्रखंड कृषि पदाधिकारी नंदेश्वर दास प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक ऐनुअल हक प्रधान हरिदर्शन कुजूर पोलिना मंतोष सिंह विमलेंदु शेखर सुमन प्रताप गांगुली इजहार अहमद संजीव कुमार आसफ अली खान कुमार शुभम, झिरगा लिंडा सहचरी देवी भारती सलामी बारला आदि उपस्थित थे।

## सोनाहातू पुलिस ने दो एकड़ में लगी पोस्ते की फसल को नष्ट किया

**सोनाहातू।** रांची के एसएसपी और ग्रामीण एसपी के निदेर्शानुसार बुंडू डीएसपी द्वारा गठित टीम में सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में रविवार को थाना क्षेत्र के हेसाडीह पंचायत अंतर्गत बांधडीह गांव के जंगल के बीच दो एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिसने पोस्ते की खेती किया है पहचान किया गया है। जल्द करवाई होगी।


पोस्ते की पौधों को नष्ट करती पुलिस।


लोगो के बीच अफीम के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए जागरूकता अभियान में पुलिस।


पोस्टर चिपकाते थाना प्रभारी।

# 14 जनवरी से दिखेगा स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव
## झारखंड में पांच लाख लोगों का बनेगा नया राशन कार्ड

**पैसे के लिए शव रोकने वाल हॉस्पिटल पर होगी कार्रवायी**

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री इरफान अंसारी व मंत्री हफीजुल अंसारी।

**ओरमांझी।** प्रखंड के इरबा कोयलारी में रविवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य के जलसंसाधन मंत्री व विशिष्ट अतिथि स्वस्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा किया गया। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा राज्य में नई सरकार आने के बाद अब 14 जनवरी के बाद से राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अब पैसे के लिए हॉस्पिटल में शव रोकने वाले हॉस्पिटलों पर सख्त कार्रवायी होगी। उन्होने हॉस्पिटल में मरिज की जांच व उपचार के नाम पर लाखों की वसूली करने पर चिंता जताया और कहा जल्द ही राज्य के सभी हॉस्पिटल में जांच की दर एक किया जाएगा। इससे कोई भी मरीज से हॉस्पिटल वाले ज्यादा पैसा नही ले सकेंगे। उन्होने कहा किसी भी हॉस्पिटल में मरीज की मौत होने पर बकाया राशि लिए ही स्वजनों को शव देना होगा। ऐसा नही करने वाले हॉस्पिटल के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। साथ उन्होने कहा आपूर्ति विभाग भी मेरे पास है। सभी क्षेत्र में 4जी व 5जी शुरू किया जाएगा। जिसके बाद किसी को भी अनाज लेने के लिए नेटवर्क समस्या से नही गुजरना पड़ेगा। साथ ही कहा उन्होने जल्द ही पांच लाख लोगों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने का भी अहवान किया। वहीं मुख्य अतिथि जलसंसाधन मंत्री हफुजुल हसन ने कहा समाजिक बदालव में शिक्षा का काफी महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा आज के समय में शिक्षा के साथ दक्षता पूर्ण ज्ञान देना जरूरी है। वहीं शाहीन ग्रुप रांची के अध्यक्ष हासीब अंसारी ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव व सोंच नही थी। लेकिन राज्य के बच्चों को दक्षतापूर्ण शिक्षा देने के लिए शाहीन जैसे बड़े व ग्रुप से मदद ली और आज यह संस्थान खोला गया है। मौके पर शाहीन ग्रुप के फाउंडर अब्दुल कादीर ने उम्मीद जताते हुए कहा आने वाले समय में यह संस्थान से राज्य के बच्चें अपनी सफलता से उदाहारण प्रस्तुत करेगें। कार्यक्रम में अनवार अहमद अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थें।

# बेड़ो में विवेकानंद जयंती पर कई समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता


विवेकानंद जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के एकल अभियान बेड़ो संच के बैनर तले महादानी मैदान व एबीवीपी के तत्वावधान में केसीबी कॉलेज बेड़ो के सभागार में रविवार को विवेकानंद जयंती सह रामलला का प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एकल अभियान बेड़ो संच के तत्वावधान में एक शोभायात्रा निकाली गई। जो महादानी मैदान से शुरू होकर गुमला रोड,लोहरदगा रोड,जिला परिषद व देवी मंडप होते हुए पुनः महादानी मैदान स्थित रंगमंच पर पहुंच कर एक समारोह में बदल गया। जहां स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। समारोह में संच के अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, वाणी कुमार रॉय, भीखा उरांव, अशोक पण्डा, रंजीत खत्री, मनोज साहु, दूधन स्वांसी, योगेन्द्र पाण्डेय, हीरालाल महतो, पुरूषोत्तम यादव, डॉ एस पी साहु व मनोज साहु आदि ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इधर इसे सफल बनाने में बेड़ो, रातू, मांडर,चान्हो, लापुंग, नगड़ी व ठाकुरगांव संच के शिक्षक, शिक्षिका व दर्जनों विद्यार्थियों ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं एबीवीपी के तत्वावधान में करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में आयोजित विवेकानंद जयंती समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर सरस्वती विद्या मंदिर बेड़ो के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह, मुखिया सुशांति भगत, शिवेंद्र सौरभ व प्रो विकास कुमार सिन्हा आदि ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही स्वामी विवेकानंद के संदेशों को मानवता व विश्व कल्याण के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बताया। जो आज भी प्रासंगिक है। इस दौरान महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह का संचालन आकाश रक्षित व धन्यवाद ज्ञापन तीरथ महतो ने किया।

## स्पीड न्यूज

### शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव आज

**जमशेदपुर।** श्री शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव सह मंगलपाठ का भव्य आयोजन 13 जनवरी सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में होगा। इसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा किया जा रहा हैं। इस संबंध में संस्था की अध्यक्ष नीतू हरनाथका ने बताया कि सोमवार को दोपहर 03 .30 बजे से मंगलपाठ का शुभारंभ होगा। मंगलपाठ का वाचन भजन गायक मनोज शर्मा मोनू करेंगें। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में संस्था की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।

### जयहरि जी का हाल जानने अस्पताल पहुंचे अर्जुन मुंडा

**जादूगोड़ा।** पोटका प्रखंड के टांगराईन गांव के समाजसेवी, शिक्षाविद् व माताजी आश्रम से जुड़े जयहरि सिंह मुंडा का कुशलक्षेम जानने केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री रह चुके अर्जुन मुंडा रविवार को आदित्यपुर स्थित मेडिट्रिना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने जयहरि जी का हालचाल पूछा और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। अर्जुन मुंडा ने उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों से पूरी जानकारी ली। उनके साथ भाजपा नेता और आदित्यपुर नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर अमित सिंह (बॉबी सिंह) भी थे।

### चोरी के स्प्लेंडर के साथ एक युवक गिरफ्तार

**गम्हरिया।** कांड्रा पुलिस ने चोरी के स्पलेंडर बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस बाबत थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को थाना गेट के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में चौका की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस की नजर पड़ते ही जांच कर रही पुलिस द्वारा उसे दबोच लिया गया।

### विवेकानंद जयंती पर चित्रांकन प्रतियोगिता

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था एकलव्य शिव मंदिर, ट्रैफिक कॉलोनी टाटानगर की ओर से स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती पर बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विदेशों में सनातन संस्कृति और आध्यामिक दर्शन कराने वालेअ ध्यात्म ज्ञान के धनी स्वामी की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण और दीप जला कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कन्हैया प्रसाद, प्रदीप श्रीवास्तव, विकाश कुमार, दीपांकर, अभिषेक और देवेंद्र मौजूद रहे।

### स्वामी जी भारतीय अध्यात्म को दी वैश्विक पहचान : डॉ आरके

**जमशेदपुर।** घाटशिला कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती को तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य डॉ आर के चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के आध्यात्मिक राजदूत थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## खलारी प्रखंड में उच्च शिक्षा व उत्कृष्ट डिग्री कॉलेज की स्थापना, डकरा वीआईपी में प्रतिनिधियों का समागम हुआ

# कॉलेज को लेकर विधायक ने किए कई वादे

- विधायक मद से कॉलेज निर्माण में 50 लाख रुपए देने की घोषणा



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी जनता की एक ही इच्छा सबको मिले उची शिक्षा,उच्च शिक्षा के लिए एक सशक्त कदम,उत्कृष्ट डिग्री कॉलेज की स्थापना की दिशा में सार्थक प्रयास के लिए डकरा वीआईपी क्लब में बुद्धिजीवी एवं शिक्षा प्रेमियों का समागम हुआ। डिग्री महाविद्यालय को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी, शिक्षाविदो की बैठक की गई। इस बैठक में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, स्थानीय विधायक सुरेश बैठा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान आयोजक समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। शिक्षाविद जनप्रतिनिधियों ने खलारी कोयलांचल में डिग्री कॉलेज नहीं होने पर अपने अपने शब्दों में उद्बोधन दिए। कहा कि खास कर गरीब एवं मध्यवर्ग छात्र छात्राओं को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में कई मेधावी छात्र विद्यार्थियों को डिग्री की पढ़ाई से वंचित होना पड़ता है। जबकि इस कोयला क्षेत्र से केंद्र सरकार को प्रति वर्ष करोड़ों मुनाफा और राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होती है। उपस्थित सभी लोगों ने डिग्री कॉलेज खोलने का प्रस्ताव पर अपना सहमति दी। वहीं बंधु तिर्की ने कहा कि डिग्री कॉलेज खोलने के लिए मिलजुलकर प्रयास करेंगे तो यहां कॉलेज आवश्य खुलेगी।

**डिग्री कॉलेज को लेकर विधायक ने किए कई वादे**

विधायक सुरेश बैठा ने कहा आप सबों ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान की बात है। उन्होंने ने भरोसा दिया कि क्षेत्र की जनता को उनसे जो भी अपेक्षाएं हैं, उसे वह हर हाल में पूरा करने का प्रयास करेंगे उन्होंने खलारी में डिग्री कॉलेज खोलने का प्रस्ताव की सराहना की और विधायक मद से कॉलेज निर्माण में 50 लाख रुपए देने का घोषणा की। कार्यक्रम में ललन प्रसाद सिंह, गुंजन सिंह, सुनील सिंह, इंदिरा देवी, बिगन भोक्ता, इकबाल हुसैन, सरस्वती देवी, पुतुल देवी, शैलेश कुमार, रतिया गंझू, प्रमोद कुमार, गोल्टन प्रसाद, गोपाल विश्वकर्मा, सिस्टर जयंती, ऑस्कर टोप्पो, रंथू उरांव, कमल मुंडा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन इस्लाम अंसारी एवं धन्यवाद ज्ञापन धीरेंद्र प्रसाद ने किया। इस मौके पर अब्दुल्ला अंसारी, नागेश्वर महतो, सुनील सिंह, सोनू पांडे,राजेश सिंह मिंटू, विक्की सिंह, जावेद अंसारी, जालिम सिंह, जिया आलम, इस्माइल अंसारी, मिथलेश पासवान, गोपाल तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, पुष्पा खलखो आदि मौजूद थे।

### मारुति मंगल परिवार की बैठक में लिया गया निर्णय

## नगड़ी से 15 को निकलेगी सनातन स्वाभिमान यात्रा

- लापुंग तक का है सफर
- हजारों लोग लेंगे हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** सामाजिक, धार्मिक व आध्यात्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार की ओर से 15 जनवरी को नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा नदी के उद्गमस्थल रानी चुआँ से मारुति मंगलधाम, लापुंग तक विशाल सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाली जायेगी। इसका उद्देश्य सनातन धर्मावलंबियों को एकजुट करना है। इसकी दूरी करीब 40 किलोमीटर है। इसमें 11 सौ मोटर साइकिल के अलावा बड़ी संख्या में कार सवार हिस्सा लेंगे। इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है। इस आशय का निर्णय रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो की अध्यक्षता में महादेव टंगरा स्थित मारुति भवन सभागार में आयोजित परिवार के पदधारी, सदस्य, सामाजिक कार्यकर्त्ता व क्षेत्र के बुद्धिजीवियों की बैठक में लिया गया। संचालन संगठन प्रमुख सुमेश कुमार ने किया।

**बैठक में थे शामिल**

निरंजन गोप, दीपक उरांव, दिनेश, महली, लालचंद मुंडा, पूसा तिर्की, अजय उरांव, राजकुमार महली, पीतांबर महतो, निरंजन गोप, भोला कोइरी, प्रभु लोहार, सुरेंद्र मुंडा, हुसैन अंसारी, वीगा उरांव, रमेश माली, प्रताप सिंह, पवन कुमार, अमित, दीपक, धीरज, कलिंदर, विकाश, नीतीश, हरिशंकर, दशरथ, राजेंद्र, संजय, पवन, संदीप व मदन आदि।

## जेनेट एकेडमी में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** जेनेट एकेडमी स्कूल हेसालौंग मैक्लुस्कीगंज में सीबीएसई पटना के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। जिसका उद्‌घाटन रिसोर्स पर्सन प्रेमलता कुमारी एव जोसेफ एडवर्ड, नटाल और प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह और कार्यकारी निदेशक केवीन करन गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के तहत आधुनिक शिक्षण और तकनीकों से परिचित कराना था।कार्यशाला में 60 शिक्षको ने भाग लिया औ जोसेफ कराना था। रिसोर्स पर्सन प्रेमलता कुमारी और जोसेफ एडवर्ड नटाल ने योग्यता आधारित मूल्यांकन पर गहन चर्चा की और बहुविकल्पीय प्रश्नों के निर्माण और मूल्यांकन में आवश्यक सावधानियों को समझाया। रिसोर्स पर्सन ने कहा कि वर्तमान समय में छात्रों की बौद्धिक क्षमताओं को पहचानना और उनके विकास के सही तकनीकों का उपयोग शिक्षकों लिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षको को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शामिल परिवर्तनों को अपनाने और छात्रों को बेहतर तरीके से मार्गदर्शन देने के लिए प्रोत्साहित किया। इसे शिक्षकों के कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर कहा प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि नई शिक्षा शिक्षा प्रणाली बच्चों को रटंत शिक्षा प्रणाली से बाहर निकालकर उन्हें सृजनात्मक और व्यवहारिक सोच की ओर ले जाती है। शिक्षकों के लिए इस कार्यशाला का उद्देश्य न केवल नई विधाओं को अपनाना है बल्कि शिक्षण में नवाचार को बढ़ावा देना भी है। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण को सफल बनाने में ऋषि प्रसाद, सीमा कुमारी, सुधा तिर्की, पूजा कमारी, क्रांति कांत दिलीप महतो और साक्षी वर्मा,अमृता कुमारी का महत्वपूर्ण योग्दान रहा।

### जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, प्रभारी पहुंचकर मामला को शांत कराया



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के बाघमरी पिकेट के पास जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुआ। मारपीट की घटना की जानकारी मिलते ही मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार पूरे दल बल के साथ घटना स्थल पहुंचे। प्रभारी के द्वारा दोनो पक्षों को शांत कराकर थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराने को कहा। बताया जाता है कि उक्त जमीन पर पहले से ही मामला दर्ज है। उसके बाद भी दोनो पक्षों के द्वारा अपना अपना दावा किया जा रहा था। वही पहला पक्ष उक्त जमीन पर दावा करते हुए मापी करा रहा था। इसी दौरान पहला पक्ष दूसरे पक्ष को भी बुलाकर मापी देखने बुलाया था। इस दौरान दोनों पक्षों में किसी बात लेकर विवाद हुआ। उसके बाद उक्त स्थल पर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। हालांकि दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर कारर्वाई करने की मांग की।

### बाघवार एकेडमी के बच्चों का हुंडरू जलप्रपात का भ्रमण

- भ्रमण से व्यवाहरिक ज्ञान मिलता है:अशोक बाघवार



**चान्हो।** बाघवार एकेडमी के विद्यार्थियों ने रविवार को एक दिवसीय हुंडरू जलप्रपात की शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया। सभी छात्रों और शिक्षकों ने प्रकृति की अद्भुत खूबसूरती का आनंद लिया। प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने हुंडरू फॉल के बारे में बतलाया कि हुंडरू जलप्रपात स्वर्णरेखा नदी पर निर्मित है, जो 320 फीट की ऊंचाई से गिरता है । इसके आधार पर एक पूल है, जो एक लोकप्रिय पिकनिक स्थल के रूप में जाना जाता है। जलप्रपात के आधार तक पहुंचने के लिए 750 सीढ़ियां उतरनी पड़ती हैं। में 83 छात्र और लगभग 30 शिक्षण व गैर-शिक्षण स्टाफ शामिल थे। प्रस्थान से पहले, स्कूल के निदेशक अशोक बाघवार ने छात्रों को अनुशासन संबंधी निर्देश दिया। इस शैक्षणिक यात्रा का बच्चों ने खूब आनंद लिया।

### नव वर्ष सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन



वनभोज कार्यक्रम में शामिल लोग।

**इटकी।** राष्ट्रीय यूवा दिवस के मौके पर इटकी यूथ ग्रुप और पेंशनर समाज के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पण्डरा नदी के तट पर नव वर्ष मिलन समारोह सह वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूथ ग्रुप तथा पेंशनर समाज के दर्जनों सदस्यों के अलावे क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मौके पर गीत संगीत के अलावे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जिसमे लोगों ने भाग लेकर खूब मनोरंजन किया साथ ही वनभोज का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से यूथ ग्रुप को सुदृढ़ बनाने व ग्रुप द्वारा भविष्य में किये जाने वाले रचनात्मक कार्यक्रम पर गहन विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साकेत सिंह, पेंशनर समाज के मुशताक अहमद, बिनोद कुमार सिन्हा, अजीत केशरी, मेराज आलम, राजिक राजू, बबन, किशोर गोप, पवन गोप, पुष्पा, रोशनी, शोभा, हजरत व अनुपम सहित अन्य शामिल थे।

## फ्लाई ऐश के असुरक्षित परिवहन पर रोक लगाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** खलारी क्षेत्र के समाजसेवी अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल कांग्रेस के कार्यकारिणी अध्यक्ष बंधु तिर्की को ज्ञापन सौंप कर खलारी क्षेत्र से फ्लाई ऐश के असुरक्षित परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। पत्र में कहा गया कि क्षेत्र से पलाई ऐश के असुरक्षित परिवहन किए जाने से यहां के लोगों का जीवन संकट में आ गया है। टंडवा स्थित एनटीपीसी ताप विद्युत संयंत्र से पलाई ऐश को विभिन्न जगहों पर सड़क निर्माण आदि में भेजा जा रहा है। इसी क्रम में खलारी प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाले स्टेट हाइवे-7 से प्रतिदन सैकड़ों हाइवा डंपर फ्लाई ऐश लादकर आवागमन कर रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा फ्लाई ऐश परिवहन को लेकर जारी दिशा निदेर्शों का पूरी तरह उलंघन करते हुए पलाई ऐश का दुलाई किया जा रहा है। सीपीसीबी के गाइडलाइन के अनुसार किसी भी परिस्थिति में खुले ट्रकों चाहे उसे तिरपाल से ही फ्लाई ऐश का परिवहन नहीं करना है। फ्लाई ऐश को बलकर टैंकर अथवा गांत्रिक रूप से बंद ट्रकों से ही फ्लाई ऐश का ढुलाई करना है। राज्य प्रदूषण पर्षद के निदेर्शों की अपवहेलना करते हुए पलाई ऐश की ढुलाई की जा रही है। पिछले दिनों एक गैर सरकारी संस्था की शिकायत पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि भी खलारी आकर हालात देख गए हैं। परंतु पलाई ऐश का असुरक्षित परिवहन नहीं रूक सका। हाइवा ट्रकों से सड़क पर गिरता फ्लाई ऐश यहां के वायु में मिलकर आम लोगों के फेफडे तक पहुंच रहा है जो आम जनमानस के लिए खतरा है। ज्ञापन सपना वालों में सुनील सिंह, सोनू पांडे, सलामत अंसारी, रामबली चौहान, आदि शामिल थे।

## अखिल भारतीय धोबी माह संघ खलारी शाखा का हुआ मिलन समारोह



**खलारी।** दामोदर नदी केडीएच पम्प हाउस स्थित अखिल भारतीय धोबी माह संघ खलारी शाखा का मिलन समारोह व वनभोज का आयोजन किया। वनभोज में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अवधेश बैठा, प्रदेश सदस्य राजेश रजक व लालाबाबू रजक समेत खलारी शाखा के लगभग 200 गणमान्य शामिल हुए। जहां समाज के लोगों के साथ एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सुखराम सेठ ने की। बैठक में समाज की कुरीतियों के त्याग को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर दहेज प्रथा, नशा, बच्चों को शिक्षित, समाज के महिलाओं सामाजिक हिस्सेदारी में अग्रिम भूमिका निभाने सहित अपने-अपने बच्चों को सावित्री बाई फुले एवं जोतिबा फुले एवं बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की किताबें पढ़ाने सहित उनके जीवनी के बारे मे बताया गया। बैठक की संचालन अनूप रजक ने किया। इस अखिल भारतीय धोबी समाज खलारी प्रखंड द्वारा पारिवारिक वन भोज एवं पारिवारिक मिलन समारोह में ध्वजा राम धोबी, मोनू रजक, भरत रजक, रंजीत रजक, किशोर बैठा, संजय रजक, गणेश, खीक राम, विजय, धोबी नरेश सेठ, गणेश बैठा, बीरेंद्र रजक समेत रजक परिवार के सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष शामिल हुए।

### 72 घंटे के अखंड हरीकीर्तन का होगा आयोजन




घघारी बाबा धाम में कीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु।

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में आयोजित चार दिवसीय मकर संक्रांति मेला महोत्सव का 72 घंटे के अखंड हरी कीर्तन के शुभारंभ के साथ किया गया। इस दौरान पुजारी राम शंकर पाठक ने जजमान विनय पांडे के साथ मिलकर सुंदरकांड पाठ के बाद वैदिक मंत्रोचार के बीच 72 घंटे के अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान सहित पूजा अर्चना और मंदिर में उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक रणनीति बनाई गई। इस मौके पर अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा कि घघारी बाबा धाम में आयोजित होने वाले मकर संक्रांति महोत्सव के दौरान रांची, गुमला, लोहरदगा और खूंटी जिले से हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का हमें ध्यान रखना होगा। मेला के दौरान वाहनों को मेला स्थल से एक किलोमीटर दूर ही बैरिकेटिंग लगाकर रोका जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला आयोजन समिति के भुवन महतो, सेवक सिंह, तीर्थनाथ सिंह, सुनील उरांव, संजय महतो, पुजारी सीताराम पाठक, राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक, विनय पाण्डेय, मार्केण्डेय गोस्वामी तुलसीदास गोस्वामी, नारायण सिंह, हरिमोहन गोप, मनबोध सिंह, महावीर गोप श्याम लाल शेखर सिंह सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्वामी विवेकानंद जयंती की 9वीं स्थापना दिवस मनाई गई

खबर मन्त्र संवाददाता



डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो की नौवीं स्थापना दिवस पर स्वामी विवेकानंद को नमन करते शिक्षाविद।

**बेड़ो।** डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो के परिसर में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती सह स्कूल की नवीं स्थापना दिवस मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के निदेशक सह प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार, फाउंडर विष्णु महतो, सचिव श्रवण कुमार एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र में मल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा नवीं एवं हॉस्टल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। साथ ही शिक्षकों के बीच फन गेम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों पर इस स्कूल की स्थापना हुई हुई व संचालन होता है।स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हमें लगातार मेहनत करने और तब तक नहीं रुकने की प्रेरणा देता है जब तक हम अपनी मंजिल को प्राप्त न कर लें। स्कूल ने सफलतापूर्वक नवीं साल पूरा कर लिया है। साथ ही सफलता की मुकाम हासिल कर रहा है। वहीं इस क्षेत्र के बच्चों को शहरी स्कूलों की तरह सभी सुविधाएं प्रदान कर अच्छी शिक्षा दे रही है। यह अपने क्षेत्र का एक प्रतिष्ठित संस्थान बन चुकी है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सावित्री देवी, अनीता कुमारी, ज्योति धीर, तारा देवी, रवि सिंह, आरती कुमारी, संदीप सिंह, रियांशु पांडे, अंजू पांडे, जयंतो चौधरी, अजय कुमार, गुलशन कुमार, दिनेश कुमार, राम सिंह, संदीपा, निर्मला, अमित, अनिल, प्रियंका, अरुणिमा, कमला, संचिता, भारती, मोनी, सुमति, फातिमा, अंजलीका, सोमी, सुशीला, विजय, सुषमा, स्मिता, गायत्री, आराधना, हंसिका, अंशु, जुगेंद्र, प्रियंका गागरी, आंचल, खुशबू, पृष्का, रंजन चंद्रा, कविता एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सराहनीय योगदान दिया।

# किसान मेला, सेवा समर्पण दौड़ सह स्वास्थ्य शिविर संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** सेवा भारती,झारखण्ड के तत्वावधान में 15वां किसान मेला,स्वास्थ्य शिविर सह सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत जोन्हा के ग्राम गुड़ीडीह स्थित सेवा धाम परिसर मेंआयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि देश की प्रगति किसानों एवं युवाशक्ति के हाथों में है। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए प्रदीप वर्मा ने स्वामी जी के संदेश शक्ति ही जीवन है, निर्बलता मृत्यु है को अपने जीवन में उतारने पर जोर दिया। सेवा भारती अपने विभिन्न सेवा आयामों के माध्यम से ग्राम विकास का कार्य कर रही है। सेवा भारती के मार्गदर्शन में कई प्रगतिशील किसान जैविक खेती कर के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। सुदूर ग्रामीण अंचलों में संस्था द्वारा स्वास्थ्य सेवा दी जाती है। खेलकूद, दौड़, योगासन के क्षेत्र में भी कई प्रतिभाओ को संवारने का कार्य हो रहा है।सेवा भारती के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन,रिम्स, रांची के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 235 जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श दिया गया एवं आवश्यक दवाएं मुहैया कराई गई। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन वरीय चिकित्सक डॉ ए के सिंह ने किया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनानें में डॉ के पी सिन्हा,डॉ मनीष कुमार,डॉ कर्नल प्रमोद , डॉ देवेश कुमार, डॉ ए के सिंह, डॉ वाई ए लाल, डॉ नीलम टोप्पो, डॉ जैद, डॉ रोहित कुमार सहित श्रद्धानंद पाठक की भूमिका रही।कृषि मेला में 50 गांवों के किसान अपने उत्कृष्ट फसलों की प्रदर्शनी लगाएं,जहां फसलों में उत्कृष्ट उत्पाद को चयनित कर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने 50 किसानों को पुरस्कार के लिए चयन किया एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया साथ ही सभी निबंधित किसानों को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। सेवा समर्पण दौड़ की निर्णायक प्रतियोगिता में 30 गावों से चयनित प्रतिभागी शामिल हुए, जहां आयुवर्ग के अनुसार प्रथम,द्वितीय, तृतीय सहित 24 विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर किसान गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि प्रो आदित्य प्रसाद साहू, राज्यसभा सांसद ने अपने उद्बोधन से किसानों का उत्साहवर्धन किया साथ ही बिरसा कृषि विश्व विद्यालय के वरीय वैज्ञानिक डॉ मिलन चक्रवर्ती, डॉ शुभ्रांशु सेनगुप्ता, डॉ आर पी मांझी ने कृषि संबंधित जानकारी किसानों को दी । अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन समाजसेवी आनंद कोठारी ने दिया जबकि कार्यक्रम का संचालन चंदन मिश्र ने किया। मौके पर कलाकारों द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित की गई हैं। उक्त कार्यक्रम मे राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरुशरण प्रसाद, राधेश्याम अग्रवाल, नंदलाल साहू, अखिलेश श्रीवास्तव, उमाशंकर शर्मा, अरुण छावछरिया, सतोष वर्मा, संजय गोयल, नरेश साहू, मनोज कुमार, अरुण शुक्ला, जैलेंद्र कुमार, लालचंद वेदिया, दिनेश कुमार, सोना राम मुंडा सहित सैकड़ों ग्रामीण व नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रांची में महिला हॉकी लीग का हुआ आगाज, शानदार आतिशबाजी ने जीता लोगों का दिल








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित हॉकी स्टेडियम में रविवार को महिला हॉकी लीग का रंगारंग आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में जबरदस्त आतिशबाजी की गयी। मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने देश विदेश से आये खिलाड़ियों का स्वागत किया।

### शानदार आगाज

राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान स्थित हॉकी स्टेडियम में हॉकी इंडिया लीग का आगाज हो चुका है। उद्घाटन समारोह के दौरान स्टेडियम में की गई आतिशबाजी ने लोगों का दिल जीत लिया। आतिशबाजी देखकर लोगों ने जमकर तालियां बजाई। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि कल्पना सोरेन थीं। कल्पना सोरेन के मैदान में आते ही हर तरफ उनके नाम का ही शोर होने लगा। कल्पना सोरेन ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में यह पहली बार हो रहा है जब देश और विदेश के खिलाड़ियों की महिला हॉकी टीम हॉकी लीग में भाग ले रही हैं। यह मौका झारखंड को मिला है और झारखंड की बेटियां हॉकी के लिए जानी जाती हैं।

### झारखंड की संस्कृति की दिखी झलक

उद्घाटन समारोह को लेकर पूरा हॉकी स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था। उद्घाटन समारोह में लोगों को बेहतरीन आतिशबाजी का मुजायरा देखने को तो मिल ही, साथ ही साथ झारखंड की सांस्कृतिक विरासत की झलक भी उद्घाटन समारोह में लोगों को देखने को मिला। झारखंड के पारंपरिक नृत्यों का कलाकारों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया।

### झारखंड की छह खिलाड़ी

हॉकी इंडिया लीग में झारखंड की 6 खिलाड़ी शामिल हैं। सुरमा हॉकी क्लब की ओर से झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान खलेंगी, दिल्ली की टीम से संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग खलेंगी। वहीं ब्यूटी डुंगडुंग और विनिमा धान बंगाल टाइगर की तरफ से खेलेंगी।

## ओड़िशा ने शानदार जीत के साथ किया आगाज

रांची। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हाकी स्टेडियम में ओड़िशा वारियर्स द्वारा दिल्ली एसजी पाइपर्स को 4-0 से हराने के साथ ही रविवार को महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआइएएल) 2024-25 का आगाज हो गया। ओड़िशा वारियर्स के लिए यिब्बी जेनसन (16वें और 37वें मिनट में), बलजीत कौर (42वें) और फ्रीके मोएस (43वें) ने गोल किये। लीग के उद्घाटन मैच का पहला क्वार्टर सतर्कता भरा रहा। पहली बार खेल रही दोनों टीमों ने लय में आने के लिए समय लिया। पाइपर्स और वॉरियर्स के पास कुछ हाफ चांस थे लेकिन वे फिनिशिंग टच नहीं पा सके क्योंकि पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। यिब्बी जेनसन को महिला हॉकी इंडिया लीग का पहला गोल करने का सम्मान मिला। वॉरियर्स को 16वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला। खेल में सबसे बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर में से एक जेनसन ने कोई गलती नहीं की और अपने ड्रैग फ्लिक को गोलकीपर एलोडी पिकार्ड के पास भेज दिया।

## आइपीएल: पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगे श्रेयस



**नयी दिल्ली।** आइपीएल की फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स ने मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी है। रविवार देर शाम फ्रेंचाइजी मालिकों ने श्रेयश की लीग के आगामी सीजन के लिए अपना कप्तान घोषित किया है। दिसंबर 2024 में नीलामी में फ्रेंचाइजी टीम ने पौने 25 करोड़ में उन्हें अपनी टीम के साथ जोड़ा था। टीम के हेड कोच रिकी पोंटिंग हैं। कप्तान चुने जाने के बाद 30 वर्षीय श्रेयश अय्यर ने पंजाब किंग्स मैनेजमेंट का आभार व्यक्त किया है। श्रेयस ने कहा, मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि टीम ने मुझ पर अपना विश्वास जताया है। मैं कोच पोंटिंग के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं। टीम मजबूत दिख रही है, जिसमें क्षमतावान और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है। मुझे उम्मीद है कि मैनेजमेंट द्वारा दिखाए गए विश्वास को हम अपना पहला खिताब दिलाकर चुका पाएंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान

**नयी दिल्ली।** अगले महीने 19 फरवरी से शुरू हो रही आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए न्यूजीलैंड टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड ने रविवार सुबह 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। कप्तान के रूप में सेंटनर के लिए यह पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट होगा। 15 सदस्यीय टीम में विल ओ'रुरके, बेन सियर्स और नाथन स्मिथ की तेज गेंदबाजी तिकड़ी शामिल हैं। तीनों अपना पहला सीनियर आइसीसी टूर्नामेंट खेलेंगे। मैट हेनरी और लॉकी फर्ग्यूसन तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। वरिष्ठ खिलाड़ी केन विलियमसन और टॉम लैथम टीम को अनुभव प्रदान करेंगे। अन्य बल्लेबाजों में विल यंग, डेवोन कॉनवे, मार्क चैपमैन और डेरिल मिशेल टीम में शामिल हैं। कीवी टीम ने एशियाई पिचों को ध्यान में रखते हुए स्पिन खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। इसमें कप्तान सेंटनर मुख्य स्पिन विकल्प हैं। साथ ही स्पिन ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स और माइकल ब्रेसवेल और रचिन रवींद्र भी मौजूद हैं। न्यूजीलैंड टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने टूर्नामेंट के लिए चुने गए 15 खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आइसीसी टूर्नामेंट हमारे खेल के शिखर का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनमें अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना जाना बहुत बड़ा सम्मान है।

# मार्च में होगा आइपीएल 2025 का आगाज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2025 की शुरूआत 21 जनवरी से होगी। रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि टूनार्मेंट का आगाज 23 मार्च को होगा, लेकिन आईपीएल की संचालन समिति के एक सदस्य ने स्पष्ट किया कि यह 20 या 21 मार्च को ही शुरू होगा। इसके अलावा महिला प्रीमियर लीग के कार्यक्रम पर भी बड़ी जानकारी आई है।

### कोलकाता में खेला जाएगा पहला और आखिरी मुकाबला

आईपीएल के 18वें संस्करण का आगाज 21 जनवरी को होगा जबकि फाइनल मैच 25 मई को खेला जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, टूनार्मेंट का पहला और अंतिम मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डन्स में खेला जाएगा। वहीं, महिला प्रीमियर लीग की शुरूआत सात फरवरी से होगी जिसका फाइनल मैच दो मार्च को खेला जाएगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी के कारण हुई देरी

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि नवंबर में हुई मेगा नीलामी से पहले आईपीएल ने फ्रेंचाइजियों के साथ अगले तीन संस्करणों की विंडो साझा की थी। इसमें 2025, 2026 और 2027 के कार्यक्रम पर फैसला होना था। 15 मार्च से 25 मई के बीच टूनार्मेंट का आयोजन होना था, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के कारण अब बीसीसीआइ ने खिलाड़ियों को आराम देने के उद्देश्य से इसे बढ़ा दिया है। नौ मार्च को चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल होगा जबकि 21 मार्च से आइपीएल 2025 की शुरूआत होगी। इस महीने के अंत तक आईपीएल के आगामी संस्करण के पूरे कार्यक्रम का एलान हो सकता है। इस सीजन में कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे।



### महिला प्रीमियर लीग के लिए इन मैदानों का चयन

महिला प्रीमियर लीग के मुकाबले लखनऊ, मुंबई, बड़ौदा और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। हालांकि, अब तक किस मैदान पर कितने मुकाबले खेले जाएंगे इसकी पुष्टि नहीं हुई है। उम्मीद है कि बहुत जल्द इस टूनार्मेंट का कार्यक्रम जारी होगा।

### आइसीसी आचार संहिता का करना होगा पालन

आइपीएल की संचालन परिषद ने फैसला लिया कि 21 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सत्र से खिलाड़ियों के लिए आइसीसी की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। संचालन समिति के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, आइपीएल में अब से लेवल एक, दो और तीन स्तर के उल्लघंन के लिए आइसीसी द्वारा स्वीकृत जुमार्ना लगाया जाएगा। इससे पहले आइपीएल की अपनी आचार संहिता थी, लेकिन अब इसे आइसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुसार खेलने की शर्तों का पालन किया जाएगा। आइसीसी आचार संहिता का पालन करने का निर्णय रविवार की बैठक के दौरान लिया गया।

## भारत ने दूसरे वनडे में आयरलैंड को 116 रन से हराया, सीरीज में दर्ज की 2-0 की अजेय बढ़त

**एजेंसी**

**राजकोट।** भारत ने आयरलैंड को दूसरे वनडे में 116 रन से हराकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अब टीम इंडिया तीसरे और अंतिम मैच में मेहमानों का सूपड़ा साफ करना चाहेगी। यह मुकाबला बुधवार को राजकोट में ही खेला जाएगा। रविवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने स्मृति मंधाना (73), प्रतिका रावल (67), हरलीन देओल (89) और जेमिमा रोड्रिग्स (102) की दमदार पारियों की बदौलत 50 ओवर में पांच विकेट पर 370 रन बनाए। यह महिलाओं के वनडे में भारत का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले 2017 में भारत ने आयरलैंड के खिलाफ ही वडोदरा में दो विकेट गंवाकर 358 रन बनाए थे। महिलाओं के वनडे में यह ओवरऑल 15वां सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में आयरलैंड की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर सिर्फ 254 रन ही बना सकी।

### आयरलैंड की पारी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरूआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका उनकी कप्तान गैबी लेविस (12) के रूप में ही लगा। उन्हें सयाली सतघरे ने अपना शिकार बनाया। इस मुकाबले में क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने सबसे ज्यादा 80 रन बनाये। सारा फोर्ब्स ने 38 जबकि लॉरा डेनली ने 37 रन का योगदान दिया। लेकिन दूसरे छोर से बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। दीप्ति शर्मा और प्रिया मिश्रा की स्पिन गेंदबाजों की जोड़ी के सामने आयरलैंड के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया। अनुभवी दीप्ति ने तीन विकेट लिए जबकि प्रिया ने 53 रन देकर दो विकेट चटकाए। तितास साधु और सयाली सतघरे को एक-एक सफलता मिली।

### भारत की पारी

कप्तान स्मृति मंधाना और प्रतिका ने एकबार फिर टीम इंडिया को अच्छी शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े। मंधाना ने 54 गेंद में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 73 रन और प्रतिका ने 61 गेंद में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 67 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसके बाद हरलीन देओल ने भी अर्धशतक लगाया। उन्होंने 84 गेंद में 12 चौके की मदद से 89 रन बनाए। जेमिमा ने 91 गेंद में 12 चौके की मदद से 102 रन की पारी खेली। यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और महिला वनडे में जेमिमा का पहला शतक है।

## देवजीत बीसीसीआइ के नये सचिव बने

**मुंबई।** पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज देवजीत सैकिया आधिकारिक रूप से बीसीसीआइ के नए सचिव चुने गए हैं। सैकिया आईसीसी के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह की जगह यह पद संभालेंगे। सैकिया का बीसीसीआई सचिव बनना तय माना जा रहा था क्योंकि इस पद के लिए नामांकन करने वाले वह एकमात्र उम्मीदवार थे।

## सुकृति ने मिक्स टीम में कांस्य पदक जीती



**सिल्ली।** 6वी पारा सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 जनवरी तक जयपुर राजस्थान किया गया जिसमें मिक्स टीम में सुकृति सिंह और विजय सुंडी की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता। पदक जीतने पर रांची जिला तीरंदाजी संघ सह बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतर्राष्ट्रीय कोच प्रकाश राम, शिशिर महतो ने बधाई दी है।

# विदेशी खिलाड़ियों ने भव्य स्वागत समारोह में मनाया खो-खो का जश्न

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रविवार को देश की राजधानी में स्थित इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में 23 प्रतिभागी देशों के खिलाड़ी खो खो विश्व कप 2025 के प्री-टूर्नामेंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए एकत्रित हुए। इस दौरान खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह नजर आया। इस इवेंट ने सांस्कृतिक विविधता का एक शानदार पूर्वावलोकन पेश किया, जो 13 से 19 जनवरी तक होने वाले पहले खो खो विश्व कप 2025 के लिए उत्साह का वातावरण तैयार करने में सफल रहा। विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों का पारंपरिक भारतीय संगीत के साथ स्वागत किया गया। कुछ समय बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस सांस्कृतिक आदान-प्रदान के उत्सव में बदल गई, जिसमें प्रत्येक देश के खिलाड़ी ने इस ऐतिहासिक समारोह में अपना अनूठा स्वाद जोड़ा। विदेशी टीमों को भारत के भव्य आतिथ्य का स्वाद मिला, जबकि विदेशी राष्ट्र भी इस आयोजन को एक वास्तविक उत्सव बनाने के लिए अपनी सांस्कृतिक विविधता लेकर आए। अफ्रीकी टीमों द्वारा की गई 'वॉर क्राई' ने मेहमान देशों के उत्साह को बढ़ाया, जबकि यूरोपीय देशों द्वारा दिखाए गए नृत्य ने उन्हें तरोताजा कर दिया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो सेशन था, क्योंकि टीमों ने सोमवार, 13 जनवरी को टूनार्मेंट के शुरू होने से पहले अपने पलों को कैमरों में कैद किया। 19 जनवरी, 2025 तक चलने वाली यह चैंपियनशिप खो-खो की वैश्विक मान्यता की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पोलैंड टीम के 24 वर्षीय कोनराड ने उत्साहपूर्वक कहा, खो-खो एक बहुत ही सुंदर लेकिन थकाऊ खेल है, जहाँ आप अपने दिमाग को व्यस्त रखते हुए भी स्वतंत्र रूप से दौड़ सकते हैं। यह शारीरिक गतिविधि और रणनीतिक सोच के बीच एक अद्भुत संतुलन है। महिला टीम की कैरोलिन ने कहा, हालांकि हम खो-खो में नए हैं, लेकिन हमारी ऊर्जा असीम है। अन्य टीमों को एक्शन में देखना अविश्वसनीय रहा है - खासकर भारत को - और पिछले कुछ महीनों के प्रशिक्षण ने खेल के बारे में हमारी रणनीतिक समझ को बढ़ाया है। दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कोच मात्शिदिसो कहती हैं, हम इस टूनार्मेंट को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। टूनार्मेंट में दक्षिण अफ्रीका भारत को कड़ी टक्कर देने जा रहा है। आस्ट्रेलियाई टीम की ब्रिजेट ने कहा, मुझे यह बहुत पसंद है क्योंकि इसमें बच्चों के खेल की चंचल स्वतंत्रता है, जहाँ आप स्वतंत्र रूप से दौड़ सकते हैं, साथ ही ऐसे तत्व भी हैं जिनके लिए रणनीतिक सोच की आवश्यकता होती है। शारीरिक गतिविधि और मानसिक चुनौती का यह मिश्रण इसे विशेष रूप से आकर्षक बनाता है। भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, ह्लइस प्रेस कॉन्फ्रेंस में 23 देशों का यह जमावड़ा मुझे बहुत गर्व से भर देता है। दुनिया भर से प्रतिनिधियों को देखना, जिनमें से प्रत्येक अपनी राष्ट्रीय पहचान लेकर हमारे स्वदेशी खेल को अपनाते हुए खो खो की सार्वभौमिक अपील और अंतरराष्ट्रीय विकास की क्षमता को दशार्ता है।




## आस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में समाप्त हुआ नागल का सफर, माचाक ने सीधे सेटों में हराया

**एजेंसी**

**मेलबर्न।** भारतीय टीम के स्टार एकल खिलाड़ी सुमित नागल वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम आस्ट्रेलियन ओपन में प्रभावित नहीं कर सके और उनका सफर पहले ही दौर में समाप्त हो गया। सुमित को पुरुष एकल वर्ग में दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी टॉमस माचाक से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। चेक गणराज्य के माचाक ने नागल को 3-6, 1-6, 5-7 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

### माचाक ने एकतरफा अंदाज में जीता मैच

विश्व रैंकिंग में 91वीं रैंकिंग पर मौजूद नागल शुरू में आत्मविश्वास से भरे लग रहे थे और उन्होंने अपने पहले तीन सर्विस गेम में सिर्फ दो अंक गंवाए। हालांकि एक डबल फॉल्ट और लगातार की गई गलतियों के कारण उन्होंने सातवें और नौवें गेम में अपनी सर्विस गंवा दी। इससे माचाक ने पहला सेट जीत लिया। दूसरे सेट में नागल को शुरू में माचाक की सर्विस तोड़ने का मौका मिला, लेकिन चेक खिलाड़ी ने मजबूती से खेलते हुए ब्रेक प्वाइंट बचा लिया। इसके बाद माचाक ने नियंत्रण बनाते हुए महज 36 मिनट में सेट जीत लिया। दो सेट से पिछड़ने के बाद नागल ने तीसरे सेट में जोरदार वापसी की और शुरूआती ब्रेक हासिल किया। इससे उन्होंने 3-0 की बढ़त हासिल की और इसे 5-3 तक बढ़ाया। हालांकि एक और डबल फॉल्ट सहित कई गलतियों के कारण माचाक ने महत्वपूर्ण ब्रेक के साथ वापसी की।

# तेलंगाना का शानदार प्रदर्शन, यूपी में चमका झारखंड का लाल

## 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए पांच मुकाबलों में तेलंगाना की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। तेलंगाना की टीम ने कुल तीन मुकाबलों में मेडल हासिल किया है। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में तेलंगाना के एथलीट कुराई प्रवीण को स्वर्ण पदक, आंध्र प्रदेश के कूदा राघवेंद्र को रजत और तेलंगाना के कार्तिक राठौड़ को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में सीबीएसई की मनसा को स्वर्ण पदक, इंटरनेशनल बोर्ड की अमेरा कौशला और तेलंगाना की गाइनी नक्शथर को कांस्य पदक मिला। अंडर 14 एथलेटिक्स में 3 सेकंड के अंतराल की वजह से कांस्य पदक हाथ से निकल गया। झारखंड के उपेंद्र कुमार ने बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। झारखंड के उपेंद्र कुमार ने 11.69 सेकंड में दौड़ पूरा करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। इस कमी को छात्र के संजीव ने पूरा किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मेरठ शहर के आर्मी गोल्फ कोर्स में आयोजित 59वीं राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में बालक अंडर 18 आयु वर्ग में रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने 06 डट दौड़ में 18:01.07 सेकेंड का समय लिया. वहीं महाराष्ट्र के रोहित बिनार ने 17:59.56 का समय लेकर स्वर्ण और अभिनंदन सूर्यवंशी 18:03.15 का समय लेकर कांस्य पदक जीता। 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश के मो। समीर खान को स्वर्ण पदक मिला है। राजस्थान की दिव्यांशु को रजत और हरियाणा के जयदीप को कांस्य पदक मिला। बालिका वर्ग 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की जाह्नवी को स्वर्ण पदक, विद्या भारती की संध्या राजपूत को रजत पदक, गुजरात की नगर रविष्का को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 3 केजी शॉटपुट में कर्नाटक की तेजस्विनी को स्वर्ण पदक, हरियाणा की हनप्रीत को रजत और राजस्थान की दिव्या को कांस्य पदक मिला है। शॉटपुट बालक वर्ग में तमिलनाडु के टर्नेश को स्वर्ण पदक, बिहार के आकाश कुमार को रजत पदक और हरियाणा के अभिनय आनंद को कांस्य पदक मिला है।



## सइकिल के लिए फुटबालर बीटिया को नही करनी पड़ेगी मजदूरी मिला साइकिल अंडर-19 नेशनल फुटबॉल खिलाड़ी शिला गोल्ड जीती है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** अंडर-19 में नेषनल फुटबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड जीतने वाली टीम के खिलाड़ी शिला कुमारी को अब साइकिल के लिए मजदूरी करना नही पड़ेगा। समाजिक कार्यक्रताओं द्वारा रविवार को उसे नई साइकिल प्रदान कर दिया गया है। टुंगरी टोला मेसरा निवासी पिता पूरण मुंडा मजदूर है और वह अपने खिलाड़ी बीटिया को साइकिल देने में असमर्थ है। वहीं सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली षिला कुमारी 2024 में पश्चिम बंगाल के मालदा में आयोजित सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीती है। इसके अलावे 2023 में सिल्वर मेडल व जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुकी है। उसे अभ्यास के लिए उसे मैदान जाने के लिए साइकिल की काफी आवश्यकता थी। गरीबी के कारण वह साइकिल भी नही खरिद पा रही थी, और उसने साइकिल खरिदने के लिए मजूदरी (रेजा) करना शुरू कर दी थी। मेसरा के समाजसेवियों ने आपस में मिलकर उसे साइकिल प्रदान किया साथ ही उसे पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित भी किया। साइकिल मिलने पर शिला की खुश का ठिकाना रहा, उसने साइकिल व स्वागत करने के लिए सभी का अभार जताई। वहीं सम्मानित करने वाले उपमुखिया प्रभात कुमार चैधरी, मनोज कुमार महली, बबलू कुमार महतो, दुबराज करमाली, राज थापा ने कहा शिला में फुटबाल के प्रति काफी जुनून है और एक बेहतर खिलाड़ी है। साइकिल के लिए एक प्रतिभा को मजदूरी करना पड़े या अभाव में हो तो मदद करना समाज का कर्तव्य होता है।



शिला को साइकिल प्रदान करते समाज के लोग।

### जल-जंगल-जमीन के रक्षार्थ

# हम सभी को एकजुट होने की है जरूरत : श्वेता सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के बेधनाडीह ग्राम में सोहराय पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्वेता सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए यह पर्व आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। दिशोम सोहराय पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। यह प्रकृति एवं पशु-पक्षियों के प्रति श्रद्धा एवं देवी-देवताओं के प्रति विश्वास का पर्व है। छह दिनों तक चलने वाले इस पर्व में आदिवासी लोग न केवल अपने देवी देवताओं एवं इष्ट देव की पूजा करते हैं अपितु गाय भैंस बैल की भी पूजा करते हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है।

जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल, जंगल-जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां के जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है।

### एक जनवरी को जयपुर, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पूजा करने पहुंचे थे बासुकीनाथ धाम

# जज का मोबाईल चोरी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, गया जेल

### गिरफ्तार चोरों में बंगाल-बिहार और साहिबगंज के चोर है शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** वर्तमान समय में हर हाथ में मोबाइल फोन रहता है और आए दिन मोबाइल चोरी की प्राथमिकी थाना में दर्ज होती है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं। जिसका चोरी हुआ मोबाइल वापस मिल पता है। लेकिन जब किसी वीवीआईपी का मोबाइल चोरी हो जाए तो पुलिस महकमा काफी सक्रिय हो जाती है और मिलों दूर चोर को पकड़ कर मोबाइल बरामद कर लेती है। ऐसा ही एक मामला दुमका में सामने आया है। जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक जनवरी को पूजा करने बासुकीनाथ पहुंचे जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल पर चोर ने हाथ साफ कर दिया था। मामला चीफ जस्टिस का था, तो पुलिस भी तत्परता दिखाते हुए बिहार, पश्चिम बंगाल और बांग्ला देश के बॉर्डर से अंतर्राज्जीय मोबाइल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चीफ जस्टिस का मोबाइल सहित चोरी के कुल 8 मोबाइल फोन पुलिस बरामद करने में सफल रही। गिरफ्तार अपराधियों में साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव निवासी शिवदरण महतो, आकाश महतो एवं बिहार के किशनगंज जिला के किशनगंज थाना क्षेत्र के मछमारा गांव निवासी विजय महतो, पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान जिला के आसनसोल थाना क्षेत्र के नया क्वार्टर कमरबाग गांव निवासी बिरजु नुनिया है। मामले में जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया कि एक जनवरी 2025 को बासुकीनाथ धाम मंदिर में भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर चोरों ने राजस्थान से आए जयपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के मोबाइल सहित अन्य कई श्रद्धालुओं का मोबाइल चुरा लिया था। इस संबंध में जरमुंडी थाना में मोबाइल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर अनुसंधान एवं कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्य से साहिबगंज जिला के तीन पहाड़ के मोबाइल चोर गैंग की संलिप्तता का पता चला। जिसके आधार पर तीन पहाड़ के बाबुपुर गांव से दो मोबाइल चोर को गिरफ्त में लिया गया। जिसकी निशानदेही पर बिहार, पश्चिम बंगाल एवं बंगलादेश बार्डर से अपराधियों को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुई मोबाइल बरामद कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों को न्यायालय में बयान दर्ज कराते हुए जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सभी का साहिबगंज के तीन पहाड़ से संबंध रहा है। देवघर एवं बासुकिनाथ मंदिर सहित भीड़-भाड़ वाले इलाकों में लोगों का मोबाइल गायब करने का काम करते थे।



गिरफ्तार अपराधी

### खबर एक नजर में

## स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में अभाविप ने मनाया

**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। जयंती कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता समेत विभिन्न प्रतियोगिता छात्रों के बीच आयोजित हुई। बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुरुआत में मुख्य अतिथि रवि कुमार ने स्वामी विवेकानंद को युवाओं का आदर्श बताया। छात्रों के बीच प्रतिभाओं को दिखाने के लिए कॉलेजों में प्रवृत्तियों को बढ़ावा देना, खेलकूद, साहित्यिक, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना, छात्रहित और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को उठाना, देश भर में आंदोलनों का नेतृत्व करना, छात्र-निकाय चुनावों में हिस्सा लेना, छात्रों में सतत विकास की भावना जगाना, लड़कियों के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना आदि को जरूरी बताया है। युवाओं को अपनी भूमिका देश की सेवा करने में लगाने को जोर दिया।

## समर्पण और प्रेम की भावना के अंतर्गत कार्य करें : आशुतोष कुमार

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार स्थित नेताजी सुभाष सेवा संघ के प्रधान कार्यालय में नेताजी सुभाष सेवा संघ के संस्थापक आशुतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष के लिए इस वर्ष भी आगामी 23 जनवरी को स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाई जाएगी। संस्था के संस्थापक आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सेवा, प्रेम और प्रेम की भावना के तहत कार्य करें, क्योंकि यही उद्देश्य संघ के सभी सदस्यों का भी है। उन्होंने कहा कि इसकी तैयारी के लिए कमिटि का पुनर्गठन किया गया।

## जरीडीह पश्चिमी पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बेरमो।** जरीडीह पश्चिमी पंचायत के पंचायत भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह के उपलक्ष में अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ इस आयोजन में ग्रामीण बच्चों के बीच कक्षा नर्सरी से कक्षा अष्टम तक रंग भरोसा प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ जिसमें लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु कुछ पुरस्कार का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया देवेंद्र देवी अनिल अग्रवाल प्रहलाद बरनवाल पंचायत समिति सदस्य शंभू सोनी संयुक्त रूप से कहा कि तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता कोई आध्यात्मिक नहीं बन सकता तुम्हें सब कुछ अंदर से सीखना है आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं कोई शिक्षार्थी नहीं होता वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने कहा कि चिंतन करो चिंता नहीं नए विचारों को जन्म दो स्वामी विवेकानंद जी को याद करना उनका सम्मान देना उन्होंने कहा कि यदि समाज विवेकानंद जी के द्वारा कहे गए संवादों पर चले तो समाज का उत्थान होगा कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के सुभाष चंद्र झा ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश लाल कुमारी रुबीना रीता शकुंतला शिवानी सिन्हा अंकिता महारानी कश्यप महेंद्र मंडल काजल मंडल अरुण रजक सुमित कुमार सहित कई गण्यमन लोग उपस्थित रहे।

## गोमिया के आइइएल ग्राउंड में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

**बेरमो।** गोमिया-गोमिया प्रखंड के आइइएल ग्राउंड में आइइपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच शनिवार को राइजिंग स्टार आइइएल एवं गुलाम इलेवन साड्म के बीच खेला गया।

## दिशुम गुरु को भारत रत्न से नवाजे भारत सरकार : विजय शंकर नायक

**बेरमो।** भारत सरकार झारखंड राज्य के संस्थापक दिशुम गुरु शिबु सोरेन को भारत रत्न से नवाजे। उपरोक्त बाते 11 जनवरी को आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही।नायक ने दिशुम गुरु के जन्मदिन के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईमेल भेजकर मांग किया। उन्होंने भेजे गये ईमेल में कहा है कि झारखंड राज्य निर्माण के लिए आंदोलनरत पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केंद्रीय मंत्री व राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन अपने युवाकाल से ही एक संघर्षशील एवं अधिकार से वंचित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार के लिए जीवन भर संघर्ष और भूमिगत आन्दोलन किया है। उन्होंने महाजनो के विरुद्ध लागातार आन्दोलनो का नेतृत्व किया है।

## बीएसएल में आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस का पहला सर्वेलेंस ऑडिट संपन्न

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन तथा परियोजना प्रभाग के लिए आईएसओ 9001:2015 क्यूएमएस पर पहला सर्वेलेंस ऑडिट मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता द्वारा किया गया। मानव संसाधन के ऑडिट बैठक की अध्यक्षता सीजीएम हरि मोहन झा ने की। लेखा परीक्षक अमिताभ सेनगुप्ता ने टीयूवी की ऑडिटिंग प्रक्रिया और आवश्यकताओं पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। उद्घाटन बैठक में मानव संसाधन के सभी अनुभागीय प्रभारी के साथ बिजनेस एक्सीलेंस विभाग के अधिशासी गण उपस्थित थे।

## श्री राम मंदिर में हुआ भजन संध्या का आयोजन

**बोकारो।** अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर आज स्थानीय सेक्टर 1 स्थित श्री राम मंदिर में श्री राम नाम बैंक तथा श्री राम प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के सौजन्य से प्रभात फेरी के सदस्यों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। विगत वर्ष जिस 22 जनवरी को राम मंदिर का स्थापना पौष मास द्वादशी तिथि को हुआ था। अतः अब हर वर्ष पौष मास द्वादशी तिथि को प्रतिष्ठा द्वादशी के नाम से जाना जाएगा। उक्त कार्यक्रम को सम्पन्न करने में राम नाम बैंक के राज जायसवाल प्रभात फेरी के प्रताप जायसवाल तथा प्रसाद के रूप में खीर वितरण करने में मुन्ना झा का विशेष योगदान रहा।

# डीपीएस बोकारो के हिमांशु यूपीएससी में सफल, बने श्रम प्रवर्तन अधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के छात्र रहे हिमांशु कुमार का चयन श्रम प्रवर्तन अधिकारी के रूप में किया गया है। जल्द ही उसकी पोस्टिंग की जाएगी। यूपीएससी के ईपीएफओ परीक्षा में 224वीं रैंक लाकर हिमांशु ने यह उपलब्धि अर्जित की है। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने हिमांशु को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की कटिबद्धता के लगातार सार्थक परिणाम दिख रहे हैं। हिमांशु ने एक खास बातचीत में कहा कि डीपीएस बोकारो से उसके सपनों को एक नई उड़ान मिली। गांव से यहां आने के बाद उसे करियर के विभिन्न आयामों के बारे में पता चला। विद्यालय में न केवल पढ़ाई बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से होने वाली भाँति-भाँति की गतिविधियों में भी उसने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उसने अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता करते हुए इस उपलब्धि का श्रेय उन्हें भी दिया है। तीन भाई-बहनों में सबसे छोटे हिमांशु के बड़े भाई झानदीप कुमार बिहार के नालंदा में युवा जदयू के नेता हैं जबकि मंझले भाई सुधांशु कुमार एचपीसीएल मुंबई में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। साइंस स्ट्रीम के विद्यार्थी के तौर पर डीपीएस बोकारो से 2015 में 91 फीसदी से अधिक अंकों से पास होकर उसने आईआईटी बॉम्बे में दाखिला लिया। वहां उच्च शिक्षा प्राप्त की और उसके बाद यूपीएससी की तैयारी में लग गया।

## हाईवा के चपेट में आने से 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत, सड़क जाम जारी

**दुमका।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका भागलपुर मुख्य मार्ग पर मुसवाचक गांव के पास दोपहर करीब 2 बजे तेज रफ्तार हाईवा के चपेट में आने से एक 40 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। युवक की पहचान मुसुवाचक गांव के ही राजकिशोर मुसुप के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर मृतक के शव को सड़क पर रख कर प्रदर्शन करते हुए दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे को जाम कर दिया।

## अंतर विद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**बोकारो।** खेल हमें संघर्ष अनुशासन और टीम के साथ मिलकर काम करने की कला सिखाता है। जितना पसीना बहाओगे उतनी ही कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ सकोगे। उक्त बातें बोकारो से निकले भारतीय बास्केटबॉल टीम के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं वायुसेना अधिकारी राजीव कुमार ने डीपीएस बोकारो की मेजबानी में डॉ राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित अंतर विद्यालय बास्केटबॉल टूर्नामेंट के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

## परिवहन विभाग की सक्रियता से ही सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है

**गोड्डा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये कई उपाय किये जा रहे हैं जिला पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है कभी फूल बांटते नजर आते हैं कभी हेलमेट लेकिन क्या ये कार्यक्रम इन सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये काफी है? सुरक्षा साधनों का उपयोग नहीं करते, नशे में वाहन चलाना, अपने वाहनों की नियमित जांच, लाइसेंस निर्गत करने के पहले उनके योग्यता की जांच लिखित और प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद लाइसेंस का निर्गत करना, चालक शारीरिक रूप से फिट होना, सड़कों में गड्ढ़ेका होना एक महत्वपूर्ण कारण हैं दुर्घटनाओं का।

# सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल




खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कुरपनिया और आस-पास के मोहल्ले में ठंड के मौसम को देखते हुए सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर ने 40 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। यह कार्यक्रम स्थानीय लोगों के लिए राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में यूनाइटेड मिल्ली फोरम झारखंड के जनरल सेक्रेटरी अफजल अनीस ने सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी और अपील की कि ठंड में मानवता की सेवा के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा, इस सर्दी में किसी को भी ठंड से परेशान नहीं होना चाहिए, और हमें एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। कंबल वितरण कार्यक्रम में शिशु विकास सह बुद्ध अंबेडकर विद्यालय संडे बाजार के शिक्षक मो असलम अंसारी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए मानव सेवा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर के वालंटियरों को उनके समर्पण और मेहनत के लिए बधाई दी। कंबल वितरण से पहले, जरूरतमंदों की सूची तैयार की गई थी, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सही तरीके से किया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं का योगदान रहा, जिनमें मो जावेद अंसारी, मो परवेज, दानिश सिद्दीकी, मुमताज शेख, वक्कार अनीस, शामी अनीस आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। इस मौके पर मो सलीम, मो नसीम, मो अय्युब अंसारी, पुजा कुमारी, स्वेता कुमारी, संजीव कुमार, सय्यद सरफराज, रूपेश, आकिब अनीस और अन्य लोग भी उपस्थित थे। सोसाइटी फॉर ब्राइट फ़्यूचर के इस प्रयास से इलाके में सर्दी से बचाव के लिए आवश्यक राहत पहुंची, और यह कार्यक्रम सामुदायिक एकता और मानवता की एक बेहतरीन मिसाल बना।

### पेज एक का शेष

#### बिना लक्ष्य के जीवन ...

भारत की युवा शक्ति की ऊर्जा से आज ये भारत मंडपम भी ऊर्जा से भर गया है, ऊर्जावान हो गया है। आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद जी को याद कर रहा है, उन्हें प्रणाम कर रहा है। उन्होंने युवाओं से कहा, मुझे विश्वास है आपमें से भी अनेकों नौजवान राजनीति में भी भागीदारी के लिए आगे आयेंगे। देश भर से आये युवा नेताओं ने पीएम के सामने अपने अभिनव (इनोवेटिव) योगदान और विचारों को पेश किया। साथ ही बताया कि किस प्रकार उनके प्रयास विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप हैं। प्रदर्शनी में डिजिटल प्रौद्योगिकी, वर्चुअल इनोवेशन और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में प्रगति को प्रमुखता से दिखाया गया, जो एक मजबूत, स्वस्थ और समृद्ध भारत बनाने का सामूहिक उद्देश्य प्रदर्शित करता है।

#### बीजापुर में पांच...

धमाके में आठ जवान शहीद हो गये थे। वाहन चालक की भी मौत हो गयी थी। **आठ लाख की इनामी नक्सली गिरफ्तार :** कांकेर पुलिस ने आठ लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली रावघाट एरिया कमेटी प्रभारी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे व उसे शरण देने वाले श्यामनाथ उसेंडी को गिरफ्तार कर लिया है। निर्मला कुख्यात नक्सली प्रभाकर की पत्नी है। बस्तर रेंज के आइजी सुंदरराज पी ने बताया कि इस वर्ष नये कैंपों की स्थापना के बाद से नक्सलविरोधी अभियान और तेज होगा। नक्सलियों के सामने अब आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटना ही विकल्प है।

#### विवेकानंद का जीवन...

राज्यपाल ने 1893 में शिकागो में हुए विश्व धार्मिक महासभा में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण का उल्लेख किया, जिसने पूरी दुनिया को भारत की महान संस्कृति और मानवता के संदेश से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद जी के उद्धरण उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संदेश युवा शक्ति को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने विकास भारती बिशुनपुर के सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि यह संस्था पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत है। अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने विकास भारती के सदस्यों को निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलते हुए लोक-कल्याण की दिशा में और भी सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे युवा अपनी पूरी ऊर्जा और रचनात्मकता से देश के विकास में योगदान देंगे। इस मौके पर राज्यपाल ने विभिन्न उत्पादों और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# झारखंड सांस्कृतिक मंच ने किया टुसू वितरण समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चास प्रखंड के सिजुआ पंचायत स्थित निर्मलटांड के श्री श्री मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण में झारखंड सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में झारखंडी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े सभी पर्व एवं त्योहारों को झारखंडी जनमानस में जागृति उत्पन्न करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक प्रेमी स्व राजेंद्र महतो स्मृति सभा सह टुसू वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिजुआ मौजा के राजा साहेब मधुसूदन सिंह ने की तथा मंच संचालन संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव महाथा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए राजा साहेब सिंह ने सिजुआ मौजा स्थित निर्मल टांड की अपनी भूमि से 5 एकड़ भूखंड झारखंडी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए झारखंड कला साहित्य एवं संस्कृति भवन और संगीत महाविद्यालय निर्माण हेतु दान स्वरूप देने की घोषणा की। उनकी घोषणा पर केंद्रीय अध्यक्ष राजदेव महाथा ने झारखंडी संस्कृति को बचाने हेतु उनकी दरियादिली को लेकर आभार व्यक्त किया। मंच के प्रवक्ता खगेन्द्र नाथ वर्मा ने कहा कि झारखण्डी संस्कृति और सभ्यता को बचाने के लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। समारोह में विभिन्न गावों से आई 21 कुंवारी बालाओं की टीमों के बीच टुसू (चौड़ाल) वितरण किया गया। समारोह में संस्थापक सदस्य लालमोहन शर्मा खिरोधर महतो कवि नागेश्वर महतो सिजुआ पंचायत के मुखिया कालीपद सिंह ज्योति लाल महतो रामपद महतो सुबोध ठाकुर डीके त्रिवेदी योगेंद्र महतो श्रवण कुमार महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सीजीएम ने 'सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम' में दिलाई सुरक्षा-शपथ

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल 4 में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें संयंत्र के विभिन्न विभागों के 18 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में मेसर्स एएसके-ईएचएस के द्वारा बीएसएल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम एस सरतपे तथा विशिष्ट अतिथि जीएम डीआर टोप्पो उपस्थित थीं। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के कनीय प्रबंधक एसकेडी भौमिक ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सीजीएम श्री सरतपे ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें। जीएम श्रीमती टोप्पो ने प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया।

# पेटरवार प्रखंड के उलगड्डा पंचायत के विभिन्न टोलो में हाथी ने मचाया उत्पात

### कई घरों को क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ घर में रखे अनाज किए चट







खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** पेटरवार प्रखंड के उलगड्डा पंचायत के विभिन्न टोलो में बीते रात एक हाथी ने जमकर तांडव मचाया कई घरों को क्षतिग्रस्त किया और किसानों के घर में धान कूटा कर रखे चावल के बोरा निकाल कर चावल खा गया। डुमरडीहा में बिराजी देवी पति मनोज हांसदा का मुर्गी सेड का एक पिलर गिर दिया।नरबेड़ा धनी राम मरांडी ने बताया कि रात्रि में करीब एक डेढ़ बजे के आस पास घर धंसने का आवाज आया और हाथी के आवाज सुनाई देने लगा तो सभी लोग घर से उठाकर बाहर चले गए और सामने वाला के छत से देखा कि बहुत बड़ा हाथी पैर से दीवाल तोड़ कर चावल का बोरा सूंड से खींच कर निकाल रहा है और खा रहा है। बड़े बड़े बोरा में लगभग तीन चार क्विंटल चावल कूटा कर रखे थे। अब स्थिति ये है कि चावल का एक भी दाना घर में नहीं बचा है। सोहराय पर्व को लेकर घर बहुत से मेहमान भी आए हुए है। सालों भर का अनाज खा गया सारा मेहनत पर पानी फेर गया। वहीं नाराबेडा के दूसरे टोला में संदीप कुमार सोरेन पिता चुनाराम मांझी के घर को पैर से मार कर धंसा दिया। घर में किसी तरह अनाज को क्षति नहीं किया परन्तु बारी में घुस कर आलू खा गया और पैर से नष्ट कर दिया।पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गंगा तुरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष महतो एवं अंचल अधिकारी अशोक राम से पीड़ित धनी राम मरांडी को मदद करने की अपील की है तथा स्थानीय डीलर से बात कर कुछ चावल दिलाने की भी बात कहा है। गंगा तुरी ने बताया कि डेढ़ माह में ये हाथियों का चौथा हमला है हालांकि अभी तक की किसी जान का खतरा नहीं हुआ है परन्तु गांव वाले काफी भयभीत हो गए हैं। आगे उन्होंने बताया कि यह हाथी झुंड से बिछड़ गया है जिसके कारण बार बार इधर उधर से भटक आ रहा है। इस मौके पर महेंद्र सोरेन वार्ड सदस्य,धर्म देव सोरेन,रूपलाल सोरेन,महीलाल किस्कू मौजूद थे।

# 45 करोड़ श्रद्धालु लगायेंगे संगम में डुबकी



## विश्व के बड़े जनसमूह की मेजबानी करेगा प्रयागराज

एजेंसी

**लखनऊ।** प्रयागराज में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक महाकुंभ सोमवार से शुरू होगा। 45 दिनों 45 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे। 13 जनवरी से दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह की मेजबानी करेगा प्रयागराज ।

गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर 4 हजार हेक्टेयर में फैला एक अस्थायी जिला बनाया गया है, जहां अगले 45 दिनों तक देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आएंगे। महाकुंभ के लिए लगभग 12,670 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों ने मिलकर 410 से अधिक परियोजनाओं को पूरा किया है।

**26 फरवरी तक चलेगा कुंभ :** इस महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा, लेकिन श्रद्धालु पहले ही संगम पर पहुंचने लगे हैं और कई लोग मेले के समाप्त होने के बाद भी वहां रुकेंगे।

इसलिए, गंगा और यमुना के किनारे बनाए गए अस्थायी टेंट सिटी को डेढ़ महीने से ज्यादा समय तक चलने के लिए सुसज्जित किया गया है। प्रशासन का दावा है कि लगभग 45 करोड़ लोग महाकुंभ में आ सकते हैं। यह भारत की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। हर दिन करीब 90 लाख लोग में आएंगे।

**कई हस्तियां शामिल होंगे :** शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम, विशाल भारद्वाज, श्रेया घोषाल, जुबिन नौटियाल, रिचा शर्मा, हेमा मालिनी, आशुतोष राणा, रवि किशन जैसे कई प्रमुख कलाकार और हस्तियां मेले में प्रस्तुति देंगे। कवियों, शास्त्रीय गायकों, नर्तकों, संगीतकारों, लेखकों और गीतकारों द्वारा गायन और सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

### 13 हजार से ज्यादा ट्रेनें चलेंगी, 250 उड़ानें भरेंगी

मेले की अवधि के दौरान प्रयागराज को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने के लिए 13 हजार से ज्यादा ट्रेनें और 250 उड़ानें उपलब्ध होंगी। वाराणसी और अयोध्या की एक दिन की यात्राएं भी की जा सकेंगी। गंगा आरती देखने के लिए वाराणसी की तर्ज पर रिवर क्रूज की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पांच लाख कारों को समायोजित करने वाले 100 से ज्यादा पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। सभी 25 सेक्टरों में कई भाषाओं में संवाद करने में 100 गाइड उपलब्ध होंगे।

## स्पीड न्यूज

### ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे जयशंकर

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ट्रंप-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि 78 वर्षीय ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। राष्ट्रपति के तौर पर वे 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे (भारतीय समयानुसार रात्रि 10 .30) शपथ लेंगे।

### फिल्म भूत बंगला में हुयी तब्बू की एंट्री



मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही अक्षय कुमार स्टारर हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला में तब्बू की एंट्री हो गयी है। निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता अक्षय कुमार की जोड़ी 14 साल बाद भूत बंगला के लिए फिर से साथ आ रही है। इस फिल्म में तब्बू की एंट्री हो गयी है ।तब्बू ने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर की, जिस पर लिखा था भूत बांग्ला। तब्बू ने इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हम यहां बंद हैं। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तब्बू साथ काम कर चुके हैं।


रवींद्र चव्हाण महाराष्ट्र के नये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

### महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बने रवींद्र चव्हाण

मुंबई । विधायक और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को तत्काल प्रभाव से भाजपा की राज्य इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रवींद्र चव्हाण ठाणे जिले के डोंबिवली से चार बार के विधायक हैं, जिन्होंने राज्य मंत्री के रूप में भी काम किया था और 2022 से 2024 तक कैबिनेट मंत्री थे, लेकिन नई भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में उन्हें मंत्री के रूप में शामिल नहीं किया गया था।

## वेद व्यासानंद बने निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर

**महाकुंभनगर।** निरंजनी अखाड़े के पंच परमेश्वरों ने अखाड़े की छावनी में रविवार को विदेशी संत वेद व्यासानन्द को महामंडलेश्वर बनाया है। यह निर्णय एक विशेष धार्मिक कार्यक्रम के दौरान लिया गया, जिसमें विदेशी संत को इस सम्मानित पद पर आसीन किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशनंद गिरी ने कहा कि वेद व्यसानन्द भारतीय साधना परंपराओं और योग के प्रमुख प्रचारक रहे हैं। उनका यह पद प्राप्त करना निरंजनी अखाड़े के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस निर्णय से अखाड़े के धार्मिक कृत्य और परंपराओं को वैश्विक स्तर पर और अधिक मान्यता मिलेगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी



मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि निरंजनी अखाड़े की छावनी में वेद व्यासानन्द को महामंडलेश्वर बनाया गया है जो आज से महामंडलेश्वर स्वामी वेद व्यासानंद के नाम से जाने जायेंगे। उन्होंने कहा कि अखाड़ों के संत धर्म के प्रमुख प्रचारक होते हैं। हिंदू धर्म के भीतर धार्मिक और समाजिक गतिविधियों के केंद्र होते हैं, जहां साधु-संत एकत्र होते हैं।

## स्पेडेक्स मिशन पूरा होने के करीब

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इसरो अपने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) मिशन के साथ नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। इसमें शामिल दो सैटेलाइट अब ऑर्बिट में महज 15 मीटर की दूरी पर हैं। शनिवार को दोनों उपग्रहों के बीच की दूरी 230 मीटर थी। रविवार को इसरो की तरफ से बताया गया कि स्पेडेक्स उपग्रह 15 मीटर की दूरी से एक-दूसरे की शानदार तस्वीरें और वीडियो ले रहे हैं।

एक्स पोस्ट में इसरो ने लिखा कि 15 मीटर की दूरी पर हम एक-दूसरे को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। हम अब डॉकिंग के लिए सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं। इसरो ने इससे पहले दो बार दोनों उपग्रहों

**▸▸ काफी करीब पहुंचे दोनों उपग्रह, अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रयान-4 की सफलता यही तय करेगा**

की डॉकिंग की कोशिश कर चुका है। इसरो ने 7 और 9 जनवरी को डॉकिंग कराने की कोशिश की थी हालांकि दोनों के डॉकिंग के लिए जरूरी अलाइंमेंट यानी संरेखण (180 डिग्री की लाइन) न मिलने की वजह से सफलता नहीं मिली। इसरो ने 30 दिसबंर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 रॉकेट की सहायता से इस मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक को प्रदर्शित करना है, जो भारत के




भविष्य के अंतरिक्ष प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण है। खास कर अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रयान-4 की सफलता यही तय करेगा। इस मिशन में एक सैटेलाइट दूसरे सैटेलाइट को पकड़ेगा और डॉकिंग करेगा। इससे ऑर्बिट में सर्विसिंग और रीफ्यूलिंग भी संभव हो सकेगा। स्पैडेक्स के सफल प्रदर्शन से भारत उस खास ग्रुप का चौथा देश बन जाएगा, जिसे जटिल प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल है। अंतरिक्ष में डॉकिंग एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें अब तक केवल तीन देश- अमेरिका, रूस और चीन को ही सफलता मिली है।

### 25 लाख के इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी कांगे गिरफ्तार

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट गांव से 25 लाख का इनामी नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी आठ लाख रुपये की इनामी राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नक्सली राजे कांगे एक ग्रामीण के घर में छुपी थी। शरण देने वाले नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नक्सलियों का शीर्ष नेता प्रभाकर पिछले महीने ही गिरफ्तार किया गया था, अब पुलिस ने उसकी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है।



**भोपाल में बनी विश्व की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज**

**भोपाल। भोपाल में दुनिया की सबसे बड़ी थ्री-डी रंगोली बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद पर बनी इस थ्री-डी रंगोली का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्वयं रंगोली में रंग भरे। थ्री-डी रंगोली भोपाल के शौर्य स्मारक में 18 हजार स्क्वेयर फीट में बनाई गई है। रंगोली गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गई है।**

## शरद-उद्धव को जनता ने दिखा दी जगह : शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को अहिल्यानगर जिले के शिर्डी में कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने शरद पंवार और उद्धव ठाकरे को उनकी जगह दिखा दी है। उन्होंने कहा कि शरद पवार 1978 से छल-कपट की राजनीति कर रहे थे, उनकी राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और 2019 में बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने और धोखाधड़ी की राजनीति करने वाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया है। शाह रविवार को शिर्डी में प्रदेश भाजपा की ओर से शिर्डी में

**▸▸ शरद पवार के छल-कपट राजनीति को जनता ने 20 फीट गहरे गड्ढे में दफना दिया और बालासाहब ठाकरे के विचारों के साथ विश्वासघात करने वाले उद्धव ठाकरे को भी सबक सिखाया**

आयोजित महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के कई मायने हैं। इस चुनाव ने राजनीति की दिशा बदल दी है। इस चुनाव ने भाई-भतीजावाद की राजनीति करने वालों को करारा तमाचा लगाया है। साथ ही इस चुनाव ने यह भी दिखा दिया है कि सिद्धांत की राजनीति से



भाई-भतीजावाद पर विजय पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ही असली बालासाहब की शिवसेना है और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ही असली राकांपा है।शाह ने कहा कि जब देवेंद्र फडणवीस पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने महाराष्ट्र को सूखा मुक्त बनाने का सपना देखा था और उस पर काम भी शुरू किया था। अब अपने दूसरे कार्यकाल में मोदी जी और फडणवीस हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि अगले चुनाव में वोट मांगने आने से पहले खेतों तक पानी पहुंचा दिया जाएगा। भाजपा के सदस्यता पंजीकरण अभियान के बारे में उन्होंने पदाधिकारियों को अगले डेढ़ महीने में 1.5 करोड़ सदस्य पंजीकरण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

## दो हफ्ते में निवेशकों को 20 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शुक्रवार 10 जनवरी को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर दो महीने की सबसे बड़ी गिरावट हो गया। इसके साथ ही इसके पहले के दो सप्ताह से जारी तेजी के सिलसिले पर भी ब्रेक लग गया। जानकारों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती करने को लेकर बनी अनिश्चितता, रुपये की कमजोरी और निगेटिव ग्लोबल सेंटीमेंट्स के कारण पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट का शिकार हुआ।

शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,844.20 अंक यानी 2.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,378.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 573.25 अंक यानी 2.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,431.50 अंक के स्तर पर

**शेयर समीक्षा**

**▸▸ दो सप्ताह से जारी तेजी पर भी लग गया ब्रेक**

पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो बीएसई का आईटी इंडेक्स 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, बीएसई का पावर इंडेक्स 9 प्रतिशत की साप्ताहिक कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह रियल्टी इंडेक्स पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद 7 प्रतिशत से अधिक टूट गया। इसके अलावा पीएसयू इंडेक्स 6.98 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स इंडेक्स 5.3 प्रतिशत और मेटल इंडेक्स 5 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब 20 लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद घट कर 429.79 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.78 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार से शुक्रवार के कारोबार से करीब 19.99 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 3.2 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल जेएसडब्ल्यू एनर्जी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इन्फो एज इंडिया, आरईसी, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन, जोमैटो, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, आईडीबीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और द टाटा पावर कंपनी के शेयरों में 10 से लेकर 16 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 5.7 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस, पीबी फिनटेक, कल्याण ज्वेलर्स इंडिया, गोदरेज इंडस्ट्रीज,, एसजेवीएन, इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी, निप्पोन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट, अडाणी विल्मर, टोरेंट पावर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस, पंजाब एंड सिंद बैंक, प्रेस्टीज एस्टेट प्रोजेक्ट्स, सुजलॉन एनर्जी, अशोक लीलैंड और बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में 10 से 19 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की।

### महंगाई आंकड़े और तिमाही नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल

मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बीच देश में एचएमपीवी संक्रमण मामले की पुष्टि होने से सहमे निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से बीते सप्ताह करीब ढाई प्रतिशत लुढ़के घरेलू शेयर बाजार की अगले सप्ताह चाल पिछले वर्ष दिसंबर के थोक एवं खुदरा महंगाई के आंकड़े तथा कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे।

### लॉस एंजिल्स में आग से अब तक 16 मरे

लॉस एंजिल्स। पिछले सप्ताह शुरू हुई लॉस एंजिल्स के जंगल की आग से 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि 12,000 से अधिक इमारतों को नुकसान पहुंचा है। अमेरिका के सबसे अधिक आबादी वाले काउंटी लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी भीषण आग के कारण हालात और खराब होने की चेतावनी जारी की गई है। आग से स्कूल बंद हो गए हैं। इसके साथ ही शहर में आयोजित होने वाले कई कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े पब्लिक स्कूल डिस्ट्रिक्ट, लॉस एंजिल्स यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने छात्रों और कर्मचारियों को खतरनाक वायु गुणवत्ता से बचाने के लिए गुरुवार और शुक्रवार को स्कूल बंद कर दिए। इस बीच, मनोरंजन उद्योग आग, बिजली कटौती और जहरीली हवा से बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

इस वजह से कई फिल्म और टीवी शूट रद्द कर दिए गए हैं। इसके साथ ही कई प्रीमियर और कार्यक्रम भी रद्द करने पड़े हैं।